सुप्रभात
रांची, गुरुवार
22.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 306



12 शर्मिला और सिमी ने कांस में बिखेरा जलवा

## न्यूज डायरी

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक आज

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगायी जाएगी। यह जानकारी बुधवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी।

### डॉ नीरा यादव सरोगेसी बोर्ड की सदस्य बनीं

**कोडरमा।** झारखंड की पूर्व शिक्षा मंत्री एवं कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव को झारखंड स्टेट असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एंड सरोगेसी बोर्ड का सदस्य बनाया गया है। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने सुश्री यादव के मनोनयन को अनुमति प्रदान की है। बोर्ड में विधायक सविता महतो और श्वेता सिंह को भी सदस्य मनोनीत किया गया है।

### सत्यानंद भोक्ता ने दाखिल की डिस्चार्ज याचिका

**रांची।** ₹46.10 करोड़ के 16 साल पुराने कृषि घोटाला मामले में आरोपी तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने एक बार फिर अपने आप को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज याचिका बुधवार को दाखिल की। याचिका पर गुरुवार को एसीबी कोर्ट में सुनवाई के लिये सूचीबद्ध की गई है। पिछली बार 8 दिसंबर 2022 को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की थी।

### झारखंड में समय से पूर्व दस्तक दे सकता है मॉनसून

**रांची।** झारखंड में इस बार मॉनसून के समय से पूर्व आने की संभावना है। इस बार मॉनसून के झारखंड में आने की संभावना 10-12 जून है, जबकि हर वर्ष मॉनसून 15 जून के बाद आता है। इसकी वजह इस वर्ष केरल में मॉनसून आने को लेकर बनी परिस्थितियां हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार केरल में मॉनसून के दस्तक देने की परिस्थितियां पॉजिटिव है। बताया कि केरल में इस बार मॉनसून 25-27 मई तक पहुंचने की संभावना है।

### पाक की पोल खोलने पहला दल विदेश रवाना

नयी दिल्ली। आतंकवादी संगठनों की पनाहगार बन चुके पाकिस्तान को दुनिया भर में बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों में जाने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पहला दल शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में बुधवार को रवाना हो गया। यह दल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन जायेगा।

### पुण्यतिथि पर राजीव गांधी याद किये गये

नयी दिल्ली। पीएम मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और पार्टी के कई नेताओं ने बुधवार को पूर्व पीएम राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खड़गे, राहुल गांधी और कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के समाधि स्थल वीर भूमि पर जाकर श्रद्धांजलि दी।

## जनजातीय परामर्शदात्री परिषद की बैठक में निर्णय

# पेसा का प्रस्ताव स्थगित

- आदिवासी बहुल इलाके में शराब दुकान खोलने के लिए ग्रामसभा की अनुमति होगी अनिवार्य
- आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री मामले में थाना क्षेत्र की वैद्यता समाप्त करने को ली जायेगी कानूनी सलाह
- शेड्यूल एरिया में नगर निगम और नगरपालिका, स्टैंडिंग कमेटी की अनुशंसा मानने के लिए बाध्य होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में बुधवार को लगभग पांच घंटे चली टीएसी (जनजातीय परामर्शदात्री परिषद) की बैठक में पेसा का प्रस्ताव स्थगित करने का फैसला लिया गया। बैठक के बाद टीएसी के मेंबर सह विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि पेसा का प्रस्ताव फिलहाल स्थगित कर दिया है। इसमें प्रस्ताव यह था कि नगर निगम और नगरपालिका पर चुनी हुई सदस्यों की समिति की अनुशंसा मानना बाध्यकारी नहीं होगा। इसे ही स्थगित कर दिया गया है। बताते चलें कि फिलहाल पहले की तरह अब भी शेड्यूल एरिया में नगर निगम और नगरपालिका चुनी हुई समिति की अनुशंसा मानने के लिए बाध्य होगी।

बैठक यह भी निर्णय लिया गया कि शेड्यूल एरिया के आदिवासी बहुल ग्राम पंचायतों में शराब की दुकान या बार खोलने पर ग्राम सभा का फैसला अंतिम होगा। उन्होंने कहा कि फाइव स्टार होटल हो या इंटरनेशनल होटल, ग्रामसभा की अनुमति अनिवार्य होगी। इसके अलावा बताया गया कि पहले जेपीआर-1 में संशोधन किया जाएगा, उसके बाद ही पेसा नियमावली का गठन किया जाएगा।



### थाना क्षेत्र की बाध्यता खत्म करने के लिए ली जायेगी कानूनी सलाह

टीएसी की बैठक में आदिवासियों के बीच जमीन की खरीद बिक्री में मामले में थाना की बाध्यता समाप्त करने के मामले में कानूनी सलाह लेने का फैसला लिया गया। स्टीफन मरांडी ने बताया कि इस मामले में पुलिस और रेवेन्यू मामलों के साथ रैयतों का खतियान भी देखा जाएगा। सदस्यों ने सीएनटी एक्ट लागू होने के समय गठित तीन थानों को ही पुनः प्रभावी बनाने का समर्थन किया। हालांकि इसे लागू कैसे किया जाएगा, इस पर अंतिम निर्णय कानूनी राय मिलने के बाद लिया जाएगा। सरकार लीगल ओपिनियन लेने के बाद पुलिस और रैयती थानों के परिसीमन से जुड़े मामलों को सुलझाएगी। इसके बाद इस प्रस्ताव को अगली टीएसी बैठक में मंजूरी के लिए लाया जाएगा।

### खरकई डैम के जलस्तर को कम करने का निर्णय

खरकई डैम का जलस्तर कम करने पर विचार हुआ, ताकि प्रभावित गांवों की संख्या घटाई जा सके। इसके लिए अधिकारियों को कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

### वर्तमान में टीएसी वैध : स्टीफन मरांडी

बैठक में टीएसी की वैधता को लेकर पर भी चर्चा हुई। स्टीफन मरांडी ने जानकारी दी कि महाधिवक्ता से राय ली गयी है और वर्तमान टीएसी को वैध माना गया है। इस पर महाधिवक्ता से भी राय ली गई थी, जिसमें इसे वैध ठहराया गया है। स्टीफन मरांडी ने टीएसी के नियमावली बदलाव कर राज्यपाल के अधिकार में कटौती करने को सही करार दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा महाधिवक्ता से कानूनी राय लेने के बाद किया गया है।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** चमरा लिंडा, प्रो स्टीफन मरांडी, लुईस मरांडी, सोनाराम सिंकू, दशरथ गागराई, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी, जिगा सुसारन होरो, संजीव सरदार, आलोक कुमार सोरेन, सुदीप गुड़िया, जगत मांझी, राम सूर्या मुण्डा, रामचन्द्र सिंह, नारायण उरांव एवं श्री जोसाई मार्डी उपस्थित थे। वहीं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी बैठक में शामिल नहीं हुए। इसका बैठक का भाजपा ने पुरजोर विरोध किया। (पेज 2 भी देखें...)

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी

# मुठभेड़ में ₹1.5 करोड़ का इनामी समेत 27 नक्सली ढेर, एक जवान भी शहीद

- 76 जवानों का हत्यारा, झीरम हमले का साजिशकर्ता 1.5 करोड़




**एजेंसी**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत अबूझमाड़ के बोटेर इलाके में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 27 माओवादियों को ढेर कर दिया। हालांकि इस दौरान डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया। मुठभेड़ में देश का मोस्ट वांटेड नक्सली और नक्सली संगठन का जनरल सेक्रेटरी नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू भी मारा गया। इस नक्सली नेता की देश भर की सुरक्षा एजेंसियों को तलाश थी। उसे डीआरजी के जवानों ने मार गिराया। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को अब तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है।

**76 जवानों की हत्या और झीरम घाटी हमले में थी अहम भूमिका**

6 अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के चिंतलनार क्षेत्र में नक्सलियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले पर घात लगाकर भीषण हमला किया था। इस हमले में 76 सीआरपीएफ जवानों सहित छत्तीसगढ़ पुलिस का एक अधिकारी बलदिान हुए थे। इसके बाद, 25 मई 2013 को झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं के काफिले को निशाना बनाकर नक्सलियों ने हमला किया, जिसमें पार्टी के कई शीर्ष नेताओं की मौत हो गई थी। इन दोनों जघन्य हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने में बसव राजू उर्फ नंबाला केशव राव की अहम भूमिका मानी जाती है।

### प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की सराहना की





**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में माओवादियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता की सराहना की है। उन्होंने इसे माओवाद के खिलाफ ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और दोहराया कि सरकार देश से माओवादी आतंक को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट का जवाब देते हुए कहा, इस उल्लेखनीय सफलता के लिए हमारे बलों पर गर्व है। वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह के एक एक्स पोस्ट पर कहा कि उनकी सरकार माओवाद से जुड़ी अराजकता को पूरी तरह से समाप्त करने और अपने लोगों की शांति और प्रगति की चाह पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गृहमंत्री अमित शाह ने बताया है कि तीन दशकों में यह पहली बार है कि सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में महासचिव स्तर के नक्सली नेता को मार गिराने में सफलता हासिल की है।

## झारखंड में शराब घोटाला मामला

# दो और पदाधिकारियों को एसीबी ने किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एसीबी ने शराब घोटाला मामले में बुधवार को कार्रवाई करते हुए पूर्व जीएम ऑपरेशन सुधीर कुमार और उत्पाद विभाग के जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया। सुधीर कुमार वर्तमान में रियाडा में पदस्थापित हैं, इससे पहले वो उत्पाद विभाग में पदस्थापित थे। इससे पहले टीम ने शराब घोटाले में वित्तीय जानकारी लेने के लिए वित्त पदाधिकारी सुधीर कुमार दास से पूछताछ की। शराब घोटाले मामले में साक्ष्य जुटाने के लिए उत्पाद विभाग के कई और लोगों से पूछताछ भी की। हालांकि, एसीबी की टीम के उत्पाद भवन पहुंचते ही वहां के कई अधिकारी और कर्मचारी अपनी-अपनी कुर्सी छोड़ कर कहीं चले गये। उल्लेखनीय है कि एसीबी ने शराब घोटाले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे और संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार किया था।

### एसीबी की रिपोर्ट के बाद विनय चौबे के निलंबन पर की जायेगी कार्रवाई



**रांची।** आइएएस अधिकारी विनय चौबे के जेल भेजे जाने की आधिकारिक सूचना अब तक राज्य सरकार को नहीं मिली है। एसीबी की ओर से अभी तक कोई रिपोर्ट मुख्य सचिव या कार्मिक सचिव तक नहीं भेजी गयी है। ऐसे में कार्मिक विभाग के स्तर से विनय चौबे के निलंबन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है। एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से जानकारी मिलने के बाद अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। इधर, शराब घोटाले के मामले में एसीबी की तफ्तीश जारी है। उत्पाद विभाग में फाइलों की तलाश की गयी है।

# गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन नये रूप में तैयार, पीएम आज करेंगे शुभारंभ

- देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का किया जायेगा ऑनलाइन उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजमहल रेलवे स्टेशन, गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन और देवघर स्थित शंकरपुर रेलवे स्टेशन समेत देशभर के 103 पुनर्विकसित स्टेशनों का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। बता दें कि गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन, जिसे वर्ष 1960 में बनाया गया था, अब पूरी तरह से नए और आधुनिक रूप में तैयार हो गया है। इसका पुनर्विकास 6.65 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह स्टेशन रांची, खूंटी और राउरकेला शहरों से जोड़ता है। इन स्टेशनों पर यात्रियों के लिए समुचित सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो सफर को आसान और आरामदायक बनायेगा।

**गोविंदपुर रोड स्टेशन के उद्घाटन में शामिल होंगे अर्जुन मुंडा :** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा गुरुवार को गोविंदपुर अमृत रेलवे स्टेशन के उन्नयन कार्य के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे।



### शंकरपुर स्टेशन से देवघर एम्स जाने में होगी आसानी

देवघर के देवीपुर स्थित शंकरपुर स्टेशन से अब मरीजों को देवघर एम्स जाने में काफी सहूलियत होगी। शंकरपुर स्टेशन से एम्स अस्पताल की दूरी महज दो से तीन किलोमीटर है। अभी बाहर से आने वाले मरीजों को जसीडीह स्टेशन पर उतरना पड़ता है और वहां से करीब 15 किलोमीटर का सफर कर एम्स पहुंचना पड़ता है।

> स्टेशनों को पुनर्विकसित करने से यात्रियों का रेल सफर और अधिक आसान हो जायेगा। यह भारतीय रेल के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होने जा रहा है। लोगों को झारखंड के तीन रेलवे स्टेशनों समेत देशभर के 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा। इनसे देशवासियों के लिए रेल का सफर और आसान होने वाला है।
>
> **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

## भारत ने उठाया एक और सख्त कदम

# पाक उच्चायोग के अधिकारी को 24 घंटे में देश छोड़ने का आदेश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान हाई कमीशन के एक अधिकारी को भारत सरकार ने 24 घंटे के अंदर देश छोड़ने का आदेश दिया है। भारत ने उक्त अधिकारी को 'पसोर्ना नॉन ग्राटा' (अवांछित) घोषित किया है। राजनयिक दायित्वों के विपरीत गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने के चलते उसे अवांछनीय व्यक्ति घोषित कर दिया। इसका मतलब है कि भारत सरकार उन्हें स्वीकार नहीं करती है। इससे पहले 13 मई को भारत ने जासूसी में कथित रूप से संलिप्त होने के कारण एक पाकिस्तानी अधिकारी को निष्कासित कर दिया था।

**तनाव चरम पर :** भारत सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब दोनों देशों के बीच तनातनी चरम पर है। बुधवार को पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी चार्ज डीअफेयर को तलब कर एक डिमार्शे (कूटनीतिक विरोध पत्र) सौंपा गया। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिया गया कि भारत में तैनात कोई भी पाकिस्तानी राजनयिक या अधिकारी अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का दुरुपयोग न करे। 'पसोर्ना नॉन ग्राटा' कूटनीतिक स्तर पर बेहद सख्त और गंभीर प्रतिक्रिया मानी जाती है। इस संदर्भ में बुधवार को पाकिस्तान उच्चायोग के कार्यवाहक उच्चायुक्त को एक कड़ा आधिकारिक विरोध पत्र जारी किया गया।

**पाकिस्तान ने फिर हवाई क्षेत्र बंद किया :** वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान ने एक बार फिर भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को एक महीने और बंद रखने का फैसला किया है। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गयी। इससे पहले भी पाकिस्तान ने भारत के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर 23 मई तक एक माह के लिए प्रतिबंध लगाया था। अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के नियमों के अनुसार हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध एक बार में एक माह से अधिक अवधि तक नहीं लगाया जा सकता है।

## कार्टून कोना




## केंद्रीय कृषि मंत्री ने इग्नू में छात्रों और बुद्धिजीवियों को किया संबोधित, कहा

# एक देश-एक चुनाव : एक बार संविधान में संशोधन जरूरी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के लिए संविधान में एक बार संशोधन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से कामकाज में रुकावट आती है और खर्चा भी बढ़ता है। श्री चौहान इग्नू में छात्रों और बुद्धिजीवियों से बात कर रहे थे। चौहान ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से नेता और अधिकारी दोनों परेशान रहते हैं। वे लंबे समय तक कोई भी फैसला नहीं ले पाते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री से लेकर पीएम तक, सब लोग चुनाव के बारे में ही सोचते रहते हैं।

### किसी एक पार्टी के फायदे के लिए नहीं है ये विचार



श्री चौहान ने याद दिलाया कि पहले 1952, 1957, 1962 और 1967 में एक साथ चुनाव होते थे, लेकिन बाद में राज्य सरकारों में अस्थिरता के कारण यह सिलसिला टूट गया। उन्होंने कहा कि अगर कुछ राज्यों के चुनावों को आगे-पीछे करके एक बार फिर से चुनावों को एक साथ करा लिया जाए, तो हम उस सिस्टम पर वापस आ सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारी पार्टी पूरे साल चुनाव लड़ने में सक्षम है, लेकिन देश का हित सबसे पहले है। यह किसी एक पार्टी को फायदा पहुंचाने के बारे में नहीं है। यह बेहतर कामकाज और सिस्टम पर बोझ कम करने के बारे में है।

### 7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है चुनाव खर्च



मध्य प्रदेश का उदाहरण देते हुए चौहान ने बताया कि जब वे मुख्यमंत्री थे, तब सितंबर 2023 से जून 2024 तक कोई भी खास काम नहीं हो पाया। पहले विधानसभा चुनाव और फिर लोकसभा चुनाव के कारण मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लगा रहा। उन्होंने कहा, कोई भी नई योजना शुरू नहीं की जा सकती और सरकारी अधिकारी भी चुनाव ड्यूटी का हवाला देकर काम धीमा कर देते हैं। श्री चौहान ने चुनावों में बढ़ते खर्च पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, 1952 में आम चुनावों का खर्च 9,000 करोड़ रुपये था। 2024 में यह 1 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो गया। उन्होंने आगे कहा, राज्य चुनावों को मिलाकर, कुल खर्च 4 लाख करोड़ रुपये से 7 लाख करोड़ रुपये तक हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इसमें राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों का खर्च शामिल नहीं है।

**संयुक्त संसदीय समिति कर रही है विधेयकों की जांच :** एक संयुक्त संयुक्त समिति एक साथ चुनाव कराने से जुड़े दो विधेयकों की जांच कर रही है। समिति को देखना है कि क्या ये विधेयक सही हैं या उनमें बदलाव की जरूरत है। ये विधेयक हैं- संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक। यह विधेयक एक साथ चुनाव के प्रावधानों को रेखांकित करता है।

# नियुक्ति से पहले हुए नीतिगत बदलावों को चुनौती नहीं दी जा सकती : हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि नियुक्ति से पहले किए गए नीतिगत बदलावों को चुनौती नहीं दी जा सकती है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने इस निर्देश के साथ संतोष कुमार एवं अन्य की याचिका खारिज कर दी।

याचिका में कहा गया था कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने कंपाउंडर और फार्मासिस्ट पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। विज्ञापन में कंपाउंडर और फार्मासिस्ट का वेतनमान 5200-20200 रुपये और ग्रेड पे 2800 रुपये दिखाया गया था। दोनों पदों के लिए योग्यता समान रखी गयी थी, लेकिन, सरकार ने झारखंड पारा मेडिकल स्टाफ कैडर (नियुक्ति, पदोन्नति और अन्य सेवा शर्तें), 2016 के नियम 16 (2) में संशोधन करते हुए कंपाउंडर के वेतनमान को 2800 रुपये से घटाकर 1900 रुपये कर दिया। इसके बाद संतोष कुमार एवं अन्य 11 लोगों ने वेतनमान घटाने के आदेश को गलत बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। प्रार्थियों ने तर्क दिया कि कंपाउंडर और फार्मासिस्ट का वेतनमान एक ही है और इसके अलावा दोनों पदों के लिए पात्रता भी समान है, इसलिए कंपाउंडर का ग्रेड वेतन कम नहीं किया जा सकता। राज्य सरकार ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ताओं ने कम वेतनमान पर पदभार ग्रहण किया है, इसलिए वे उच्च वेतनमान का दावा नहीं कर सकते, क्योंकि वेतनमान कम करने का निर्णय पदभार लेने से पहले लिया गया था।

# झारखंड शराब घोटाले में सीएम की भूमिका से इनकार नहीं : बाबूलाल

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सीएम पाक साफ हैं तो करें सीबीआई जांच की अनुशंसा करें
- गिरफ्तार आईएएस अधिकारी विनय चौबे के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की चिंता करे राज्य सरकार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड शराब घोटाला में सीएम की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। श्री मरांडी बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले की परत जिस प्रकार से रोज खुल रही रही है उससे यह स्पष्ट हो रहा है कि झारखंड में दिल्ली से भी बड़ा शराब घोटाला हुआ है।

श्री मरांडी ने कहा कि उनके द्वारा पत्र लिखकर आगाह किये जाने के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्रवाई से बचते रहे। इससे यह स्पष्ट हो रहा कि यह घोटाला सुनियोजित तरीके से कराया गया है। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल 2022 को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों द्वारा झारखंड राज्य विवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की निविदा जेसीबीसीएल 02 दिनांक 01 अप्रैल 2022 में अंकित बिंदुओं की अवहेलना कर एक साजिश के तहत छत्तीसगढ़ की कंपनी विशेष को टेंडर देने एवं उससे होने वाली भारी राजस्व की क्षति की ओर ध्यान आकर्षित कराया था। उन्होंने कहा कि उनके पत्र लिखने के बावजूद सरकार ने संज्ञान नहीं लिया। उन्हें पता था गड़बड़ हो रहा है। लेकिन, गड़बड़ी रोकने के बजाय उसमें साथ दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ की जिन कंपनियों का नाम पत्र में लिखा था, उनकी निविदा मंजूर की गई। उन्होंने कहा कि सवाल उठता है कि 2022 में पत्र लिखकर आगाह करने के बाद भी 2025 तक मुख्यमंत्री ने क्यों लूट होने दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की नींद तब खुली जब 27 सितंबर 2024 को अखबार में खबर छपी कि शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ में झारखंड के आईएएस अधिकारी विनय चौबे पर मुकदमा दर्ज हुआ है। तब झारखंड सरकार में बैठे लोगों के कान खड़े हुए। जांच का भय सताने लगा। इसलिए आनन फानन में अक्टूबर 2024 में प्राइमरी इन्क्वायरी सेटअप की गई। लेकिन, इस समय भी एफआइआर दर्ज नहीं हुआ। इससे स्पष्ट है कि घोटाले पर पर्दा डालने और बड़ी मछलियों को बचाने के लिये छत्तीसगढ़ सरकार की कार्रवाई के बाद हड़बड़ी में जांच प्रारंभ हुई। बीते कल एसीबी ने विनय चौबे पर एफआईआर दर्ज किया और गिरफ्तार कर लिया।

प्रेस कांफ्रेंस में श्री मरांडी के साथ प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।

### अवैध डीजीपी को रखना भी साजिश का हिस्सा

श्री मरांडी ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो रहा कि अवैध तरीके से क्यों डीजीपी को रखा गया है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक रूप में विगत 21 दिनों से झारखंड डीजीपी विहीन है। लेकिन, एक योजना के तहत अवैध डीजीपी से अवैध काम लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस घोटाले के पहले भी दो अंचलाधिकारी मनोज कुमार और शैलेश एक घोटाले में ईडी के गवाह हैं। एसीबी ने मुकदमा दर्ज कर छापेमारी की। ताकि मामले को लटकाया जा सके। अब गवाहों को धमकी दी जा रही कि गवाही से मुकर जाओ, नहीं तो कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि एक जमीन से जुड़ा बड़ा मामला है। इसमें तीन लोग उमेश टोप्पो, राज लकड़ा, प्रवीण जायसवाल प्रमुख गवाह हैं। इनपर भी बयानों से मुकरने के लिये दबाव डाला गया और ऐसा नहीं करने पर इन्हें जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले से जुड़ा एक और मामला है जिसमें दो प्लेसमेंट एजेंसियों ने फर्जी बैंक गारंटी जमा किया। कोर्ट में भी फर्जी ही जमा किया। लेकिन अभी तक विभाग ने न तो एफआईआर दर्ज किया न कोई कार्रवाई की। कंपनी ने बिना टेंडर के दुकानें बांट दिये। इससे स्पष्ट है कि सभी मिले हुये हैं। उन्होंने कहा कि विनय चौबे को गिरफ्तार कर सरकार यह भ्रम फैलाना चाहती है कि वह घोटाले में शामिल नहीं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि शराब घोटाला दो राज्यों से जुड़ा हुआ है इसलिए इसकी जांच सीबीआई से कराने की अविलंब अनुशंसा करें। उन्होंने विनय चौबे की अस्वस्थता पर भी चिंता व्यक्त की तथा सरकार से उनकी चिकित्सा एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की।

## शराब घोटाले में यदि सरकार बेदाग है तो मुख्यमंत्री सीबीआइ से जांच करायें : सुदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुनौती दी है कि अगर उनकी सरकार शराब घोटाले में शामिल नहीं है तो घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करें। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में प्राथमिकी दर्ज कर और अफसरों को गिरफ्तार कर एसीबी ने इतिहास रच दिया। श्री महतो ने कहा कि इस बात पर विश्वास करना असंभव है कि मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री की सहमति के बगैर ही अफसरों ने नीतिगत बदलाव कर लिया ताकि घोटाला किया जा सके। स्पष्ट है कि सीबीआई जांच होगी तो मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री भी लपेटे में आएंगे। इसी कारण आईएएस विनय चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को बलि का बकरा बनाया गया है ताकि मुख्यमंत्री और मंत्री को बचाया जा सके। श्री महतो ने कहा कि इस सरकार की असलियत अब जनता के सामने आनी शुरू हो गई है और इसका हाल भी दिल्ली की केजरीवाल सरकार की तरह ही होने वाला है।

श्री महतो ने कहा कि विपक्ष द्वारा लगातार इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया जाता रहा कि अधिकारियों द्वारा झारखंड राज्य विवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा अप्रैल 2022 में निकाली गई निविदा की शर्तों का उल्लंघन कर छत्तीसगढ़ की कंपनी को काम दिया गया ताकि झारखंड और छत्तीसगढ़ के संगठित सिंडिकेट को अवैध कारोबार का मौका दिया जा सके। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष सितंबर 2024 में छत्तीसगढ़ में विनय चौबे पर मुकदमा दर्ज होने के बाद झारखंड में हड़बड़ी में प्राइमरी इंक्वायरी गठित की गई, लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। कल आनन फानन में प्राथमिकी दर्ज कर अफसरों को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे स्पष्ट है कि राज्य सरकार जनता की आंखों में धूल झोंक कर स्वयं को पाक साफ साबित करना चाहती है।

## जेएसएलपीएस में रिक्त पद नहीं भरे जाने से मंत्री नाराज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- तीन माह में नियुक्ति का दिया आदेश

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीस) में अब तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर नाराजगी जतायी है। जेएसएलपीएस के लिए स्वीकृत कार्यबल के विरूद्ध रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया में देरी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। मंत्री ने संबंधित एचआर और जिम्मेदारों पर नियम संगत कार्रवाई का भी निर्देश दिया है। मंत्री ने जेएसएलपीएस में शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने को कहा है।

नियुक्ति के लिए तीन माह का समय जेएसएलपीएस के अधिकारियों को दिया गया है। बताते चलें कि लगभग 1500 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जानी है, लंबे समय से यह लटका हुआ है। प्रारंभ में कोविड-19 की वजह से इसे स्थगित किया गया था, बाद में सरकार ने नियुक्ति करने का निर्देश दिया पर अब तक यह पूरी नहीं की जा सकी है। बीच में कुछ दिनों तक जेएसएलपीएस के सीईओ का भी पद खाली था। हालांकि, बाद में कुछ दिनों के लिए मंजूनाथ भंजत्री भी सीईओ रहे पर उनकी व्यस्तता की वजह से नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं हो पायी। अब कंचन सिंह सीईओ हैं। विभागीय मंत्री ने इस कार्य को प्राथमिकता से करने को कहा है। जेएसएलपीएस का राज्य से प्रखंड स्तर तक काम प्रभावित हो रहा है।

## विधायक श्वेता सिंह के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग में



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में बोकारो विधायक श्वेता सिंह के खिलाफ ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि वह श्वेता सिंह के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच कराये और उनकी सदस्यता समाप्त करने के लिये समुचित कार्रवाई करे। प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिवक्ता सह भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 191-192 के तहत बोकारो की विधायक श्वेता सिंह का मामला ऑफिस ऑफ प्रॉफिट के अंतर्गत आता है। इस अनुच्छेद के तहत उनकी सदस्यता रद्द की जा सकती है। इसके अलावा रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट की धारा 125 ए के अनुसार चुनाव आयोग चुनाव के नामांकन के साथ गलत-झूठा शपथ पत्र देने पर चुनाव आयोग को अधिकार है। वह खुद शिकायतकर्ता बनकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकता है। इस मामले में आरोपी को सजा भी हो सकती है। विधायक की सदस्या भी जा सकती है। प्रतिनिधिमंडल में सांसद आदित्य साहू के अलावा पूर्व विधायक बिरंची नारायण, सरोज सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, अशोक बड़ाईक शामिल थे।

## विधानसभा विशेष समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के दौरान विधायक चंद्रदेव महतो एवं अरूप चटर्जी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पर धनबाद जिला के बलियापुर अंचल के सुरूंगा एवं झरिया के भौरा में क्षेत्र 10 एवं एटी देवप्रभा कंपनी द्वारा जबरन ओबी डम्प किये जाने से संबंधित मामले पर सत्र के दौरान गठित विशेष समिति की बैठक बुधवार को विधानसभा परिसर में हुई। समिति ने मामले से संबंधित विभिन्न विषयों पर विमर्श किया। इसके बाद बैठक में विशेष समिति के द्वारा सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को उक्त विषय के संबंध में प्रारंभिक प्रतिवेदन के साथ समिति की अगली विभागीय बैठक में दिनांक 30 मई 2025 को बुलाया गया है। विशेष समिति की बैठक में समिति के संयोजक मथुरा प्रसाद महतो, अरूप चटर्जी, राज सिन्हा, उमाकांत रजक, चंद्रदेव महतो के साथ-साथ संयुक्त सचिव रंजीत कुमार, उप सचिव अनूप लाल उपस्थित थे।

## करोड़ों के गबन मामले में आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने लिया संज्ञान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने आरोपियों के खिलाफ जारी किया है समन

रांची। फर्जी बिक्री पट्टा पर जमशेदपुर स्थित इंडियन बैंक के मुख्य शाखा से 5.61 करोड़ रुपये ऋण लेने से जुड़े मामले में दो बैंक अधिकारी समेत सात के खिलाफ मुकदमा चलेगा। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत ने मामले में अभियोजन स्वीकृति आदेश मिलने के बाद संज्ञान ले लिया है। साथ ही, आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया गया है। मामले में तत्कालीन इलाहाबाद बैंक सह वर्तमान में इंडियन बैंक के सहायक महाप्रबंधक साकेत कुमार, इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक अजय कुमार गुप्ता, राजेश्वरी आयरन स्टील कंपनी प्राइवेट लिमिटेड तथा इसके निदेशक लालपुर निवासी सुमित कुमार केजरीवाल, आशा केजरीवाल, अमित कुमार केजरीवाल और अभित कुमार सिंह के खिलाफ संज्ञान लिया है। सुनवाई की अगली तारीख 26 जून निर्धारित की गई है। इन लोगों के खिलाफ कोर्ट ने भादवि की धारा 120बी के साथ-साथ 420, 467, 468, 471 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 1डी के तहत कोर्ट ने संज्ञान लिया है। सीबीआई ने फर्जीवाड़े को लेकर 14 अगस्त 2023 को प्राथमिकी दर्ज तफ्तीश प्रारंभ की थी। जांच के दौरान पता चला कि लोन देने वाला बैंक जमशेदपुर का। जिस कंपनी के नाम पर लोन लिया गया वह गिरिडीह की। कंपनी के निदेशक रांची के। जिस जमीन को बतौर बंधक बैंक को सौंपा, उसकी डीड पश्चिम बंगाल की। जांच में जमीन की डीड फर्जी निकली। जब तक बैंक को जालसाजी का पता चला, उसके 5.61 करोड़ का चूना लग चुका था। आरोपियों ने साउथ 24 परगना जिले के विष्णुपुर में 1.66 एकड़ जमीन की डीड बैंक को सौंपी थी। कंपनी के निदेशक ने 2 नवंबर 2016 को लोन का आवेदन दिया था। इसे बैंक ने 14 दिनों बाद स्वीकृत कर दिया था।

## टीएसी बैठक : वनपट्टा का हर दो माह में वितरण अनिवार्य रूप से हो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति प्रक्रिया अविलंब पूरी किए जाने पर सहमति बनी

**रांची।** टीएसी की बुधवार को आयोजित बैठक में बोकारो जिले के ललपनिया में आदिवासी धार्मिक स्थल लगुबुरु में डीवीसी द्वारा पनबिजली परियोजना पर कार्य किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इस संबंध में सदस्यों को अवगत कराया गया कि राज्य सरकार द्वारा आदिवासी धर्म स्थल लगुबुरु को संरक्षित रखने की मंशा से डीवीसी एवं भारत सरकार को अवगत कराया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही डीवीसी के इस परियोजना को स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया है। वहीं, वनपट्टा आच्छादित परिवारों के विद्यार्थियों एवं बच्चे-बच्चियों के आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में जो व्यवधान अथवा कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है, उसका समाधान सुनिश्चित की जाये। इसके अलावा वन अधिकार योजना अंतर्गत अबुआ बीर दिशोम अभियान के क्रियान्वयन पर चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि यह अबुआ बीर दिशोम अभियान व्यापक रूप से लगातार चलाया जाता रहे। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर दो माह में वनपट्टा का वितरण अनिवार्य रूप से हो। वनपट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए स्वीकृति प्रक्रिया अविलंब पूरी किए जाने पर सहमति बनी।

## अब, झारखंड में क्यूआर कोड के बिना नहीं बिकेगी दवा : मंत्री

- झारखंड में नकली दवाइयों पर लगेगी लगाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने नकली दवाइयों के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार ने 300 महत्वपूर्ण दवाओं के लिए क्यूआर कोड अनिवार्य कर दिया है, जिससे नकली दवाइयों की पहचान आसानी से की जा सकेगी।



मंत्री ने कहा है कि अब स्वास्थ्य के नाम पर धंधा नहीं चलेगा। अब चलेगा कानून, जांच और जवाबदेही।

**फैक्ट फाइल**

- 300 महत्वपूर्ण दवाओं के लिए क्यूआर कोड अनिवार्य
- बिना रजिस्ट्रेशन वाली दवा पाई गई, तो दुकान का लाइसेंस रद्द
- कफ सिरप का दुरुपयोग रोकने के लिए कड़े कदम
- नए टेस्टिंग लैब की स्थापना
- खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई

**क्या है क्यूआर कोड का महत्व**

क्यूआर कोड हर दवा की असली पहचान, निर्माता, बैच नंबर, मैन्युफैक्चरिंग व एक्सपायरी तारीख की जानकारी देगा। इससे मरीजों को ठगने वालों की पहचान करना आसान होगा।

**दवा दुकानों को अंतिम चेतावनी**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि बिना रजिस्ट्रेशन वाली कोई दवा पाई गई, तो दुकान का लाइसेंस तुरंत रद्द होगा। उन्होंने सभी मेडिकल दुकानों को साफ निर्देश दिया है कि वे बिना वैध डॉक्टर की पर्ची के कफ सिरप न बेचें।

**कफ सिरप का दुरुपयोग रोकने के लिए कड़े कदम**

मंत्री ने कहा है कि कफ सिरप का दुरुपयोग कर युवा पीढ़ी को नष्ट किया जा रहा है, जिसे हर हाल में रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी एक ही जगह पर वर्षों से जमे हैं, वे व्यवस्था को सड़ा रहे हैं और अब उनका तबादला होगा।

**नए टेस्टिंग लैब की स्थापना**

सरकार जल्द ही दुमका, रांची, जमशेदपुर और पलामू में अत्याधुनिक फूड एवं मेडिसिन टेस्टिंग लैब स्थापित करेगी। इन लैब्स में दवाओं और खाद्य पदार्थों की जांच की जाएगी और उनकी गुणवत्ता की वैज्ञानिक पुष्टि की जाएगी।

# पीड़ित व्यक्तियों के बयान की इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग के लिए ई-साक्ष्य मोबाईल ऐप का उपयोग करें : सुमन गुप्ता

- पुलिस मुख्यालय में नये आपराधिक कानूनों के परिप्रेक्ष्य में समीक्षा बैठक आयोजित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस मुख्यालय सभागार में बुधवार को सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं आधुनिक, झारखंड की अध्यक्षता में सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक (रेल सहित) के साथ नये आपराधिक कानूनों के तहत कांडों के अनुसंधान में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का उपयोग, कांडों का स-समय निष्पादन एवं वैज्ञानिक अनुसंधान की स्थिति की समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में उपरोक्त पदाधिकारी ऑनलाईन माध्यम से एवं कार्तिक एस पुलिस उप-महानिरीक्षक, झासपु सह नोडल पदाधिकारी, सीसीटीएनएस, संध्या रानी मेहता, पुलिस उप महानिरीक्षक, सीआईडी, ऋषभ झा, पुलिस अधीक्षक, एटीएस एवं पुलिस मुख्यालय की संबंधित टीम के लोग भौतिक रूप से उपस्थित थे।

समीक्षा में अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा उक्त तथ्यों पर जिलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत शत-प्रतिशत कांडों के अनुसंधान में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से साक्ष्य संकलन यथा- घटनास्थल, अपराध दृश्य की विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी, सर्च एवं सीजर की विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी, वादी, पीड़ित व अन्य संबंधित व्यक्तियों के बयान की इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग के लिए ई-साक्ष्य मोबाईल ऐप का उपयोग करने का निर्देश सभी जिलों को दिया गया। इसके साथ ही वैसे कांडों जिसमें सात वर्ष या उससे अधिक की सजा प्रावधानित हो, उसमें अनिवार्य रूप से घटनास्थल के निरीक्षण एवं वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन के लिए फोरेंसिक टीम को अविलंब घटनास्थल पर बुलाने, बीएनएसएस में प्रावधानित निर्धारित समय सीमा 60 एवं 90 दिन के भीतर कांडों का अनुसंधान पूर्ण करने का निर्देश भी सभी जिलों को दिया गया। उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन जिला स्तर पर सुनिश्चित कराने की जिम्मेवारी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षकों को निर्धारित करते हुए इन बिन्दुओं पर नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। वहीं अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा समीक्षा के क्रम में यह भी स्पष्ट किया गया कि सीसीटीएनएस में रियल टाईम एवं गुणवत्तापूर्ण डाटा की प्रविष्टि सुनिश्चित की जाये। सीसीटीएनएस में डाटा की गुणवत्ता के महत्व के संबंध में माह मई-जून 2025 में राज्य स्तर पर अभियान के रूप में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए प्रशिक्षण प्रस्तावित होने की बात भी अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा बताई गई।

## संजय सेठ ने मलेशिया के रक्षा मंत्री से मुलाकात की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लीमा 2025 के अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मलेशिया के रक्षा मंत्री याब दातो सेरी मोहम्मद खालिद बिन नॉर्डिन से मुलाकात की। उन्होंने चल रहे रक्षा सहयोग और हमारे देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत संबंधों को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। श्री सेठ ने आतंकवाद पर भारत की शून्य सहिष्णुता नीति को दोहराया और मलेशिया का समर्थन मांगा। मलेशिया ने सभी मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से हल करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

इसके बाद रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने जहाज कवरत्ती पर मलेशिया के उप रक्षा मंत्री वाईबी अदली बिन जहारी का स्वागत किया। कवरत्ती पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी निर्माण, कौशल और रक्षा उद्योग की बढ़ती क्षमताओं का प्रतिबिंब है। हमने रक्षा सहयोग को मजबूत करने और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग के अवसरों पर और बेहतर कार्य और शोध करने पर सकारात्मक चर्चा की।

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



देश भर में

## पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

जिसमें शामिल हैं

## झारखंड के 3 अमृत स्टेशन




राजमहल



शंकर पुर



गोविन्दपुर रोड

**लाभ**

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

गरिमामयी उपस्थिति

**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल, झारखंड

**हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखंड

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

भारतीय रेल

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें www.indianrailways.gov.in हमें फॉलो करें /RailMinIndia

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ : पेड़ पर वज्रपात, चार मवेशी मरे



**रामगढ़, पलामू।** प्रखंड के नावाडीह पंचायत के सरहुआ गांव में बारिश के दौरान वज्रपात होने से चार मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गयी। वज्रपात करम पेड़ पर हुआ। नीचे मवेशी खड़े थे। चपेट में आने से सभी की मौत हो गयी। पेड़ भी जल गया। मृत मवेशियों में दो गाय एवं दो बैल शामिल है। जिसमें जीतेंद्र भुइयां का एक बैल, लाल साहेब भुइयां की एक गाय, जीतेंद्र तूरी की एक गाय एवं ईश्वर भुइयां का एक बैल है। घटना की जानकारी सीओ को दे दी गयी है। अंचल प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

### वज्रपात से एक की मौत, एक घायल



**मनातू (पलामू)।** प्रखंड के रंगिया पंचायत ग्राम टंडवा में छतरपुर का ठेकेदार टंडवा के प्रमोद भुइयां (26) पिता तिवारी भुइयां को बाहर कमाने के लिए ले जा रहा था। इस दौरान बारिश होने लगी। बचने के लिए पेड़ के पास रुके थे, तभी वज्रपात से प्रमोद की मौत हो गयी। वहीं एक व्यक्ति घायल है। मनातू थाना प्रभारी निर्बल उरांव ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूत्रों ने बताया कि ठेकेदार को मनातू पुलिस ने अपनी गिरफ्त में रखकर पूछताछ कर हर एक बिंदु पर विचार कर रही है।

### सघन जांच अभियान में दर्जनों वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शहर के सदीक चौक एवं छहमुहान चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान टेंपो, ई रिक्शा, चारपहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी। जिसमें 14 बाइक, 02 ई रिक्शा जब्त किये गये। रात में 01 पिकअप भी जब्त हुआ। 21 को दो शराबी बाइक चालकों से 21,522 रुपये, 17 बाइकों से 22,388 रुपये, 03 ई रिक्शा से 3450 रुपये टोटल चलान फाइन राशि 47,310 रुपये आया है।

### जनता दरबार : डीडीसी ने सुनी समस्याएं



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को जनता दरबार लगाया गया। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर डीडीसी शब्बीर अहमद जनता दरबार में आये आमलोगों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का निदान किया। जनता दरबार में 20 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में चैनपुर थाना क्षेत्र के ओरनार निवासी सुभागी कुमारी ने अनुबंध आधारित कार्य उपलब्ध कराने की मांग की।

### रवि शंकर पांडेय लिखित यात्रा वृत्तांत बढ़ते कदम रेंगती बातें का लोकार्पण



**मेदिनीनगर।** स्थानीय होटल चंद्रा रेजीडेंसी में रवि शंकर पाण्डेय लिखित यात्रा वृत्तांत 'बढ़ते कदम रेंगती बातें' का साहित्यिक वातावरण में भव्य लोकार्पण हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि श्रीधर द्विवेदी जबकि संचालन कवयित्री रीना प्रेम दूबे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रचनाकार के भ्राता सीओ शिवशंकर पांडेय ने किया। इन सबके साथ लोकप्रिय कवि हरिवंश प्रभात, डॉ विजय प्रसाद शुक्ल, विजय प्रसाद राजन (डिहरी), पंकज श्रीवास्तव, उमेश पाठक 'रेणु', रमेश सिंह, अनुज पाठक, श्याम किशोर पाठक, डॉ रामप्रवेश पंडित, ज्ञान रंजन पांडेय, संजय दूबे, सत्य प्रकाश पांडेय, पूजा पांडेय, शीला श्रीवास्तव, अंजनी दूबे, वंदना श्रीवास्तव, सत्यनारायण पांडेय व प्रेम प्रकाश पांडेय सहित अनेक गणमान्यों ने पुस्तक का लोकार्पण किया। सभाध्यक्ष ने कहा कि वे इसे पढ़ते हुए अनेक बार वाह-वाह कह उठे। उन्होंने उदाहरण के साथ कहा कि इसमें बिंबों का प्रयोग खूबसूरती के साथ हुआ है।

### पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह को गिरफ्तार करने की मांग



**मेदिनीनगर।** नकली दवा के आपुर्तिकर्ता से साठगांठ कर पलामू जिला के गरीब मरीजों के हत्यारों का घोटाला में शामिल सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह को अविलंब 302 का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार की जाये। उपायुक्त पलामू के माध्यम से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पलामू जिला में करोड़ों का नकली दवा का सप्लाई लेने वाला घोटालेबाज सिविल सर्जन के संपत्ति की जांच स्वतंत्र एजेंसी से करवायी जाये। जब तक जांच चलेगी तब तक गिरफ्तार कर सीएस को पद मुक्त किया जाय। एम एम सी एच (सदर अस्पताल) मेदिनीनगर मे कुछ दिन पूर्व मंत्री के जांच के दौरान कई अनियमितता मिली थी। ज्ञापन सौंपने वालों में सतीश कुमार, बालकिशुन उरांव, दाऊद केरकेट्टा, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, राजु प्रजापति, सलोनी टोपनो झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के पदधारी शामिल थे।

### जेआरजीबी ने सेसा को दिये पांच कंप्यूटर व तीस बच्चों के लिए सामग्री



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के पलामू क्षेत्र के द्वारा बुधवार को कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत स्वयंसेवी संगठन सेसा को पांच कंप्यूटर एवं सेसा द्वारा संचालित अभिनव कक्षा कार्यक्रम के 30 बच्चों को पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध कराया गया। विदित हो कि सेसा द्वारा ग्राम भूसरिया स्थित व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में गांव के आसपास के छात्राओं के लिए लगातार अभिनव शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कंप्यूटर शिक्षा, हस्तकला, खेलकूद, योगा एवं अन्य वैज्ञानिक पद्धति से शिक्षा प्रदान किया जाता है। इसमें अधिकतर परहीया जनजाति के लड़कियां लाभान्वित होती हैं। मुख्य अतिथि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक पलामू क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक रूपेश कुमार एवं सेसा के कार्यपालक निदेशक डॉ जसबीर बग्गा मौजूद थे।

# भीषण गर्मी, तपती धूप और बरसात में चौधराना लेना पाप : अरुणा शंकर

- हर मुख्य चौक चौराहा पर वेंडर मार्केट बनाना अतिआवश्यक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फुटपाथी दुकानदारों की समस्या जान छतरी देतीं प्रथम महापौर व अन्य।

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रेडमा चौक के आसपास फुटपाथ पर बैठकर बुधवार को व्यवसाय करने वाले सब्जी फल विक्रेताओं के बीच छतरी बांटी। उन्होंने कहा कि इस तपती गर्मी में इन्हें छतरी से छांव देकर मुझे सुकून मिल रहा है। मुझे इस गर्मी में इन्हें देखकर महसूस भी हो रहा है कि उनके सिर पर छत होना कितनी आवश्यक है। कहा कि हमारे यह फुटपाथ व्यवसायी जिस तरह तपती गर्मी फिर बरसात में भीगते झुलसते हुए हम सबों को फल और सब्जियां उपलब्ध कराते हैं निगम से कोई चौधराना नहीं लेना चाहिए क्योंकि निगम इन्हें कोई सुविधा नहीं देती है। उन्होंने नगर आयुक्त से मांग की है कि हर खास चौक चौराहा पर एक-एक फल सब्जी मंडी बने जहां हमारे ये व्यवसायी सम्मान और स्वच्छता के साथ अपनी सामग्री बेच सकें। उन्होंने चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, दिलीप तिवारी, भाजपा पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडेय, शुभग तिवारी, पूर्व वार्ड पार्षद मनोज प्रजापति, अजीत गुप्ता, विनय कुमार बीनू, सुनील गुप्ता, बंटू तिवारी, अमित पांडेय, सुमन झा, सुनील राम, अनिल तिवारी एवं उपस्थित सभी समाजसेवियों को इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दी।

# मुखिया पति गुल खान की दबंगई, बाइक से उठवाया, फिर जान मारने की दी धमकी

- फिर भगवान शंकर के बारे में किया अभद्र टिप्पणी
- तरहसी प्रखंड के गुरहा पंचायत का मामला, भुक्तभोगी परिवार ने थाना में मुखिया पति के खिलाफ दिया आवेदन
- तीन दिन बाद भी एफआईआर नहीं होने के बाद, भुक्तभोगी परिवार ने विधायक से लगायी न्याय की गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ तरहसी।** प्रखंड के गुरहा पंचायत के धूमा गांव निवासी जनेश्वर साव ने गुरहा पंचायत के मुखिया पति गुल खान पर मोटरसाइकिल से उठवाकर घर मंगवा कर मारपीट करने की धमकी देने और भगवान भोले शंकर जी के बारे में अभद्र टिप्पणी करने का संगीन आरोप लगाया है।



जानकारी देते पांकी विधायक, उपस्थित भुक्तभोगी व अन्य।

**खास बातें :** जनेश्वर साव ने मुखिया पति गुल खान के खिलाफ तरहसी थाना में लिखित आवेदन दिया है। लेकिन तीन दिन बाद भी थाना प्रभारी द्वारा मुखिया पति गुल खान पर एफआईआर नहीं होने के बाद भुक्तभोगी परिवार जनेश्वर साव ने पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता से मिलकर न्याय दिलाने की गुहार लगाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने तरहसी थाना प्रभारी और एसडीपीओ को दूरभाष पर बात कर मामले में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि भगवान भोले शंकर जी के बारे में अभद्र टिप्पणी करने वालों को किसी भी कीमत में नहीं छोड़ेंगे। मुखिया पति गुल खान द्वारा भगवान भोले शंकर जी के बारे में अभद्र टिप्पणी किए जाने के बाद पूरे हिंदू समाज में आक्रोश है। विधायक ने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि 24 घंटे के अंदर पुलिस मुखिया पति के खिलाफ एफआईआर नहीं करता है तो पूरे हिंदू समाज और विश्व हिंदू परिषद द्वारा तरहसी थाना का घेराव किया जायेगा।

# आयुष्मान के पैसे नहीं मिलने से बंदी के कगार पर कई अस्पताल

- लाभुकों को झटका- नहीं मिल सकेगा अस्पताल में आयुष्मान का लाभ
- पैसा हॉस्पीटलों को नहीं मिलेगा तो ईलाज होगा बंद : अध्यक्ष मनीष तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पत्रकारों को जानकारी देते अस्पताल संचालक।

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार ने देश स्तर पर गरीब व जरूरतमंद लोगों को बेहतर ईलाज की सुविधा प्रदान कराने के लिए आयुष्मान भारत योजना को संचाचित किया। इसके तहत गरीब व जरूरतमंदों को बड़े पैमाने पर आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिसे झारखंड में मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत झारखंड के निजी एवं सरकारी हॉस्पीटलों को इसके तहत रजिस्टर्ड किया गया ताकि गरीब व जरूरतमंदों को आयुष्मान का लाभ मिल सके। लेकिन यह योजना झारखंड में विफलता के कगार पर पहुंच चुका है। कारण कि इस योजना के तहत रजिस्टर्ड हॉस्पीटलों को सरकार या बीमा कंपनी के द्वारा एक भी पैसा नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण राज्य में कई हॉस्पीटल बंद हो चुके हैं तो कई बंद करने के कगार पर पहुंच चुके हैं। इसी संदर्भ में एएचपीआई झारखंड शाखा पलामू के प्राईवेट हॉस्पीटल एसोसिएशन ने आशी केयर हॉस्पीटल में प्रेस वार्ता की। जिसमें अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि पलामू जिला में आशी केयर हॉस्पीटल, नवजीवन हॉस्पीटल, मईयां बाबू, किरण सिंह नर्सिंग होम, कियोर लाईफ, मां गुलाबी, बर्मा हास्पीटल, लीलावती हॉस्पीटल एवं आनंद नर्सिंग होम, विनायका चाइल्ड केयर व अन्य निजी हॉस्पीटल आयुष्मान योजना के तहत रजिस्टर्ड हैं लेकिन फरवरी 2025 से इन सभी को पैसा का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिस कारण गरीब व जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने में हॉस्पीटल संचालक असमर्थ हो जा रहे हैं। कहा कि यदि आयुष्मान योजना के तहत हॉस्पीटलों का बकाया राशि सरकार अविलंब भुगतान नहीं करती है तो इस योजना का लाभ हमसभी गरीबों को देने में असमर्थ साबित होंगे।

# जिला सांसद प्रतिनिधि ने एनपीयू के कुलपति से की औपचारिक मुलाकात

- विद्यार्थियों की समस्याओं से कराया अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कुलपति से मिलते विजय ओझा।

**मेदिनीनगर।** जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने नीलांबर-पीतांबर यूनीवर्सिटी के कुलपति डॉ दिनेश कुमार से औपचारिक मुलाकात किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने एनपीयू व विद्यार्थियों की समस्या से कुलपति को अवगत कराया। उन्होंने कुलपति से आग्रह किया कि आपके नेतृत्व में विश्वविद्यालय का सभी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो छात्रों को यही उम्मीद है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में वर्ष 2017 से ही सत्र नियमित रूप से नहीं चल पा रहा है जिससे छात्रों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का नामांकन, परीक्षाफल का प्रकाशन समय से नहीं होना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि रिजल्ट, एडमिट कार्ड, मार्क सीट, माइग्रेशन, डिग्री इत्यादि सभी में गड़बड़ी और विलंब से मिलना छात्रों के कई कार्यो में इससे रुकावट बन रही है। ये सब समय पर छात्रों को उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने कुलपति से कहा कि वर्ष 2017 से छात्र संघ का चुनाव नहीं हुआ है। सत्र को नियमित करते हुए छात्र संघ का चुनाव कराया जाये। उन्होंने कहा कि सीनेट की बैठक समय पर हो, साथ ही दीक्षान्त समारोह भी विश्वविद्यालय समय समय पर कराये। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी कॉलेजों में नियमित पठन पाठन सही तरीके से संचालित किया जाये इसके लिए विश्वविद्यालय एक कमिटि बनाए जो समय समय पर निगरानी के साथ पाठन - पाठन पर नजर रखे ताकि छात्र छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल हो सके। इन सभी बातों को कुलपति गंभीरता पूर्वक सुनकर कहा कि ये सभी कार्यो पर मैं गहनता से कार्य कर रहा हूं और आने वाले दिनों में कार्यों की महत्ता दिखेगी।

### सूठा पंचायत में खराब जलमीनार ठीक कराया गया

**पाटन पलामू।** नल-जल मिशन से सुंठा पंचायत में खराब पड़े जलमिनार को ठीक कराया गया। गर्मी में पानी की किल्लत को देखते हुए नल जल मिशन से खराब पड़े सोलर जलमीनार को ठीक किया जा रहा है। सुंठा पंचायत के मुखिया रविना बीबी ने बताया कि नल जल मिशन से सुठा पंचायत के करर कला, करर खुर्द, काला पहाड़ ,सुंठा ग्राम में खराब पड़े जलमिनार को ठीक कराया गया है जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिलेगा । इस गर्मी के मौसम में पाटन प्रखंड के विभिन्न गांवों में जलमिनार खराब पड़े हैं जिससे पानी की किल्लत हो गयी है।

### आम के पेड़ से गिरा युवक, इलाज के दौरान मौत

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के खड़गपुर गांव में आम तोड़ने के दौरान एक युवक पेड़ से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कामाख्या सिंह के 35 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि धीरज अपने परिजनों के साथ बागीचा में आम तोड़ने गया था। धीरज पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। तभी पैर फिसल जाने से वह पेड़ से नीचे गिर पड़ा। घायलावस्था में उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ग्यर सेंटर रेफर कर दिया गया। उसे इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सरकारी प्रावधान के तहत टैक्स वसूले नगर निगम: केएन त्रिपाठी

- राज्य के पूर्व मंत्री ने नगर आयुक्त से भेंटकर व्यवसायियों की समस्याएं रखी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के गांधी उद्यान के समीप बने शेड दुकान के व्यवसायियों से नगर निगम प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से किराया वसूल किया जा रहा है। जिस कारण व्यवसायियों में क्षोभ व्याप्त है। इसे लेकर झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने व्यवसासियों के साथ नगर निगम आयुक्त जावेद अहमद से कार्यालय में भेंट कर व्यवसायियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत ही व्यवसायियों से दुकानों का किराया वसूल किया जाये। उन्होंने कहा कि सरकार कभी भी दोहरी नीति नहीं अपनाती है इसलिए अधिकारी भी दोहरी नीति नहीं अपनायें। श्री त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम नियमावली के तहत जो किराया वसूली का प्रावधान है उसके तहत ही निगम किराया ले। गांधी उद्यान के समीप जितनी भी दुकानें बनी है वे सभी व्यवसायी अपने खर्च से बनाये हैं।

# आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी का योगदान अविस्मरणीय : बिट्टू पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर किया श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा की गयी। सभा की शुरुआत कांग्रेसजनों ने स्व राजीव गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्री पाठक ने कहा कि राजीव गांधी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि भारत के भविष्य को आधुनिक दिशा देने वाले युगद्रष्टा थे। उन्होंने जिस भारत की कल्पना की, उसमें विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और ग्रामीण विकास की नींव रखी गई थी। आधुनिक भारत के निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनकी दूरदृष्टि, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और युवा सशक्तिकरण की सोच आज भी हमें प्रेरणा देती है। वक्ताओं ने राजीव गांधी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, तकनीकी क्रांति, पंचायती राज सशक्तिकरण, युवाओं के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों और राष्ट्रीय एकता के प्रति उनके योगदान को याद किया।

# ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय समर कैंप शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- क्विज प्रतियोगिता का हुआ शानदार आयोजन



**विश्रामपुर (पलामू)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित रेहला के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बुधवार से दिवसीय समर कैंप का शुरूआत हुआ। कैम्प का उदघाटन स्कूल के निर्देशक अमित कुमार सिंह व प्रचार्य मनीष पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कैंप में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता में कक्षा 7 से 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें चारों हाउस से चार-चार विद्यार्थी सम्मिलित हुये। क्विज प्रतियोगिता शिक्षिका निशिका सिंह व वैशाली सिंह के देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें आइंस्टीन हाउस प्रथम स्थान,सोमनाथ हाउस द्वितीय व कलाम हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### अधिक किसानों को केसीसी ऋण का लाभ दिलाने पर चर्चा

**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में केसीसी लोन को लेकर बैठक हुई। जिसमें पाटन प्रखंड के किसान मित्र भी थे। कृषि पदाधिकारी राजेश पाठक ने कृषि मित्रों के साथ बैठक कर अधिक किसानों को केसीसी ऋण का लाभ के लिए किसानों को चयनित कर फार्म भरकर जमा करने को कहा। कहा कि इस कार्य में कोताही नहीं बरतें। गांव में जाकर लोगों को इसके प्रति जागरूक करें। जो भी किसान ऋण लेना चाहते हैं उन सभी को सरकार के द्वारा केसीसी ऋण दिया जायेगा।

# जसपुर जंगल में टीएसपीसी व पुलिस के बीच हुई थी मुठभेड़

- मुठभेड़ में घायल सब जोनल कमांडर बनारस से गिरफ्तार
- पुलिस अभिरक्षा में ईलाज की जारी : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक झारखंड के निर्देश पर एसपी रीष्मा रमेशन पलामू जिला के नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्रों में लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान चल रहा है। इसी के तहत 17 मई को मनातू थाना क्षेत्र के जसपुर जंगली क्षेत्र में टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत के दस्ते से पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। जिसमें नक्सलियों की गोली लगने की सूचना मिली थी। इसी में सबजोनल कमांडर अखिलेश यादव उर्फ गौतम सलगा थाना बरडीह गढ़वा को भी गोली लगी थी। वह बनारस में इलाज करवा रहा था। पलामू पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इलाज करवा रही है।

### समता स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में अन्तर स्कूली कबड्डी खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने नारियल फोड़ कर किया। आज उद्घाटन के दिन डे बोर्डिंग प्लेयर एवं सक्सेस स्कूल के बच्चों को कबड्डी का खेलाया गया। कबड्डी खेल का निगरानी मनोज शर्मा जी के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल चौहान, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी,रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, संजीत कुमार, नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका विमला कुंवर एवं सैकड़ो छात्राएं उपस्थित थे।

# मुखिया की तत्परता से एक दिन में दुरुस्त हुए छह जलमीनार और एक चापाकल

- ग्रामीणों को गर्मी में मिली राहत, स्कूल में भी बहाल हुआ पेयजल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चापानल पर पानी भरते लोग।

**हैदरनगर पलामू।** प्रखंड जल स्वच्छता समिति हैदरनगर की सर्वे रिपोर्ट के बाद पश्चिमी हैदरनगर पंचायत में जलसंकट की स्थिति पर मुखिया शहनाज परवीन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए ठोस पहल की। उनकी तत्परता से पंचायत क्षेत्र के छह खराब पड़े जलमिनार और एक चापाकल को एक ही दिन में मरम्मत कर चालू कर दिया गया, जिससे स्थानीय ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को बड़ी राहत मिली है। मुखिया शहनाज परवीन ने बताया कि बिना फंड की उपलब्धता के बावजूद मरम्मत कार्य 15वें वित्त आयोग की मद से कराए गए हैं। सप्लायर से समझौते के आधार पर भुगतान फंड उपलब्ध होते ही किया जाएगा। मरम्मत किए गए जलमिनार भाई बिगहा के लाल बाबू टोला, संतोषडीह के सरयू राम के घर पास, शेखपुरा में इस्लाम अंसारी के निकट, ब्रह्मस्थान बिंदू बिगहा, निकाह भवन भाई बिगहा तथा मुसहरवा टोला बुधू बिगहा में स्थित हैं। इन जलस्त्रोतों में मोटर, स्टार्टर और पाइप की समस्याएं थी। इसके अलावा, उर्दू कन्या मध्य विद्यालय भाई बिगहा में खराब चापाकल को भी दुरुस्त कर दिया गया, जिससे बच्चों को पेयजल की सुविधा मिलने लगी है। मुखिया ने पंचायतवासियों से आग्रह किया है कि कहीं भी जलश्रोत खराब या बंद हो तो तत्काल सूचना दें, ताकि समय रहते उसे दुरुस्त किया जा सके। इस अभियान में मुखिया प्रतिनिधि सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन, पंचायत समिति सदस्य फरहाना खातून, गुलशन आरा सहित कई सहयोगी सक्रिय भूमिका निभाये।

# विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार की बयार ऐसे में आखिर कैसे टिकेगा चेकडैम: प्रमुख

- 52 लाख रुपए से बन रहें चेक डैम निर्माण कार्य में अनियमितता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



निरीक्षण करतीं प्रखंड प्रमुख।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के अवसाने पंचायत में लघु सिंचाई विभाग से छीनरी नाला पर लगभग 52 लाख की लागत से बन रहें चेकडैम का प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि घटिया सामग्री से चेकडैम का निर्माण संवेदक द्वारा कराया जा रहा हैं। जबकि चेकडैम का निर्माण जेई की मौजूदगी में होना चाहिए लेकिन जेई को संवेदक द्वारा बुलाने पर चेकडैम का निरीक्षण किया जाता हैं। जहां तक लगता हैं कि जेई व संवेदक की मिलीभगत से चेकडैम का घटिया निर्माण कराया जा रहा हैं। साथ ही कहा कि जांचोंपरांत सीमेंट का मात्रा कम होने के कारण जोड़ाई में गुणवत्ता नहीं दिखाई दे रहीं हैं जिससे लगता है कि पहले ही बारिश में चेकडैम का निर्माण कार्य धराशाही हो जायेगा।

वहीं उन्होंने कहा कि लाखों की लागत से सभी क्षेत्र के नाला व नदी पर चेकडैम बनाई जा रहीं हैं जिससे कि पानी का जलस्तर बना रहें लेकिन संवेदक व जेई के मिलीभगत के कारण चेकडैम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं हैं जिसे देखते हुए उपायुक्त महोदय को संज्ञान में लेने की जरूरत हैं, जिससे कि चेकडैम का गुणवत्ता पूर्ण कार्य हो सकें और चेकडैम का हो रहें स्थल निर्माण कार्य में स्थानीय मुंशी शिव शंकर सिंह के द्वारा बताया गया कि निर्माण कार्य हमारे ही मौजूदगी में कराई जा रहीं हैं। स्थल निरीक्षण करने जेई नहीं आते हैं जब स्थल निरीक्षण करने के लिए मेरे द्वारा उनको बुलाई जाती हैं तो स्थल निरीक्षण कर वो संतुष्ट होकर चले जाते हैं।

### ट्रक में लदे गिट्टी के नीचे रखकर अंग्रेजी शराब की तस्करी, बिहार में खपाने की थी तैयारी

# ढाब पुलिस ने ट्रक व शराब को किया जप्त

खबर मन्त्र संवाददाता





**डोमचांच (कोडरमा)।** ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच-सतगावां मुख्य मार्ग में चोराघाटी के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक ट्रक भागने के क्रम में अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। ट्रक में अलग से गिट्टी से छुपाकर केबिन बनाकर रखे हुए अवैध अंग्रेजी शराब बिखर गए, जिसे देख पुलिस भी चकित रह गए। वहीं वाहन चालक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने प्रेस व्यान जारी कर बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ढाब थाना क्षेत्र के रास्ते अवैध रूप से एक हाईवा वाहन संख्या जेएच05सीजे-5456 में शराब की तस्करी कर डोमचांच से सतगावां की ओर जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु ढाब थाना प्रभारी की नेतृत्व में एक विशेष टीम गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए डोमचांच-सतगावां मुख्य मार्ग में चोराघाटी के समीप वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया। वाहन चेकिंग को देखते हुए वाहन चालक हाईवा को यूटर्न लेकर भागना चाहा, परन्तु वाहन यूटर्न लेने के क्रम में अनियंत्रित होकर रोड के बगल के गड्ढे में गिर गया तथा चालक अंधेरे का लाभ उठाकर जंगल की ओर भाग गया। पुलिस के द्वारा हाईवा वाहन जांच करने के दौरान वाहन में विभिन्न कंम्पनियों के अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इस संबंध में ढाब थाना कांड संख्या 03/25 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

**जप्त अंग्रेजी शराबों में :** गडफादर केन बीयर 500 एमएल कुल 1008 पीस। हयवार्डस 5000 केन बियर 500 एमएल कुल 40 पीस, किंगफिशर शीशी बोतल बीयर 330 एमएल कुल 132 पीस, किंगफिशर केन बीयर 500 एमएल कुल 120 पीस, बडवाईजर मैग्नम केन बीयर 500 एमएल कुल 198 पीस, प्रीमियम के 10 केन बीयर 500 एमएल कुल 66 पीस, प्रीमियम के10 शीशी बोतल बीयर 330 एमएल कुल 35 पीस, आम्स्टर शीशी बोतल बीयर 330 एमएल कुल 62 पीस, इम्पीरियल ब्लू 180 एमएल कुल 1056 पीस, इम्पीरियल ब्लू 375 एमएल कुल 1056 पीस, कुल विभिन्न कंम्पनियों के अवैध अग्रेजी शराब 3773 पीस जप्त किया गया।

**छापामारी दल में :** पुअनि.रवि प्रकाश पंडित, ढाब थाना प्रभारी, सअनि जयधन टुडु, सशस्त्र बल, ढाब थाना मौजूद थे।

## जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में राज्य योजना अनावद्ध निधि अंतर्गत योजनाओं के चयन हेतु जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई। बैठक में विभिन्न विभागो से प्राप्त अनावद्ध निधि से कार्यान्वयन हेतु कुल 123 योजनाओं को रखा गया। जिसमें चापाकल अधिष्ठापन कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, सोलर आधारित स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य, पुल, पुलिया, बाउण्ड्रीवाल, शौचालय, सामुदायिक भवन का निर्माण व अन्य योजनाओं जो माननीय एवं अन्य पदाधिकारियों से प्राप्त हुआ है के संबंध में पारित करने हेतु विचार विमर्श की गई। उपायुक्त चतरा द्वारा निदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजनाएं जो पूर्ण अभी तक नही किया गया है उसे पूर्ण करने का निदेश सभी संबंधित कार्यकारी एजेंसी को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, निदेशक, डी०आर०डी०ए०, जिला योजना पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, लघु सिचाई प्रमण्डल, कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रामीणों के विरोध व विधायक के पहल पर

# शहीद स्थल के सामने खड़ी दीवार को हटाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता




**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत अंतर्गत शहीद चौक स्थित शहीद स्मारक के ठीक सामने नगर पंचायत द्वारा आई लव डोमचांच का प्वाइंट बनाया जा रहा था और इसके लिए दीवार की घेराबंदी की जा रही थी, जिससे नगरवासियों में नाराजगी जताई जा रही थी। लगातार इसका विरोध भी ग्रामीणों द्वारा जताया जा रहा था।

शहीद स्थल पर सीमेंट की बोरियों को रखकर शहीदों का अपमान किया जा रहा था। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि कमीशन खोरी एवं जनता के धन को बर्बाद करने की नीयत से शहीद स्थल को चारदीवारी से ढकने का कार्य किया जा रहा है। वहीं इस मामले को लेकर सांसद प्रतिनिधि सुजीत मेहता ने विधायक डॉ.नीरा यादव के समक्ष शहीद स्मारक के सामने दीवार खड़ी कर शहीद स्मारक को ढकने की बात को रखा गया। वहीं विधायक ने संज्ञान में लेते हुए संबंधित लोगों और पदाधिकारियों से बात करते हुए दीवार को तुरंत हटाने का आदेश दिया। जिसके बाद नगर पंचायत द्वारा कराये जा रहे सेल्फी पॉइंट निर्माण कार्य को मंगलवार को रोक दिया गया। यही नहीं, वहां खड़ी की गई दीवार को भी हटा दिया गया।

विदित हो कि 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में शहीद नूनमन धोबी, चुरामन मोदी, उदित नारायण मेहता एवं मंगर साव की याद में शहीद स्थल का निर्माण किया गया था। डोमचांच में कई कार्यक्रमों में शहीद स्थल पर लोग पंहुचकर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं।

## हाइवा की चपेट में आकर एक की मौत, एक गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना समीप बिंगलात पेट्रोल पंप के पास कोल ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा वाहन ने मोटरसाइकिल चालक को लिया अपने चपेट में जिससे मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों में एक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकी दूसरा का हालात बहुत ही गंभीर है, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां हालात देख तरन्त रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोनों युवक आम्रपाली कोल परियोजना के विस्थापित गाँव कुमरांग कला निवासी गणेश प्रजापति एवं दुखन ओझा के छोटा पुत्र छोटू कुमार अपना घर मोटरसाइकिल से टंडवा की ओर जा रहा था, इसी दौरान विपरीत दिशा में आ रही बेलगाम तेज रफ्तार कोल हाइवा के चपेट में दोनों युवक आ गया, जिससे गणेश प्रजापति का घटना स्थल पर ही दर्दनक मौत हो गया, जबकी दूसरा छोटू कुमार बुरी तरह से घायल हो गया। यह घटना टंडवा से सिमरिया जाने वाली मुख्य सड़क आम्रपाली कोल माइंस के बगल में हुई है। घटना के बाद मृतक के परिजन एवं आक्रोशित ग्रामीणों ने बेलगाम हाइवा को जब्त कर नौकरी, मुवाबजा एवं अलग ट्रांसपोर्टिंग सड़क की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। ततपश्चात स्थानीय प्रशासन अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे जहां घटना की जायजा लेते हुवे उचित करवाई करने की प्रक्रिया की जा रही थी इधर लोगों ने विरोध जताते हुवे कहा कि कोल माइंस पब्लिक सड़क से दो कदम में हीं कोल उत्खनन संचालित की जा रही है जो हमेशा दुर्घटनाएं का संकट बना रहता है, इसका जिम्मेवार प्रबंधक को बताया गया।

# 7 लाख की लागत से बनी 5 एचपी सोलर सिस्टम का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** जिला परिषद की स्व-आय मद से जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने प्रखंड के कुशाहना, दशारोखुर्द में बुधवार को करीब 7 लाख की लागत से बनी 5 एचपी सोलर सिस्टम का उद्घघाटन किया। वहीं उन्होंने कहा कि 5 एचपी सोलर सिस्टम से किसानों को सिंचाई की समस्या से निजात मिलेगी और किसान उन्नत खेती कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे, किसानों के लिए सिंचाई बड़ी समस्या है, सिंचाई की सुविधा नही रहने के कारण किसान मायूस हो जाते है, मगर अब किसानों को आत्मनिर्भर और खेत को हरा भरा बनाने के लिए सोलर सिस्टम से सिंचाई सुविधा किसानों को दी जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि जिला परिषद विभिन्न माध्यमों से राजस्व संग्रह कर किसानों के हित में स्व आय मद से 5 एचपी सोलर सिस्टम सेट लगवा रही है। इस सिस्टम से किसानों को काफी लाभ होगा और वे खेती बाड़ी के जरिये आत्मनिर्भर बन पाएंगे। वहीं उन्होंने कहा कि खेत लहलहाते है, तो किसान मुस्कुराते हैं। मौके पर जिप सदस्य केदार यादव, दक्षिणी जिप सदस्य प्रतिनिधि रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू, पंचायत सचिव मनोहर प्रसाद, सुरेंद्र यादव, महादेव यादव, चंद्रदेव यादव, सुखदेव यादव समेत स्थानीय ग्रामीण व किसान मौजूद थे।

## सीओ ने किया दो बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के मंझगांवा पंचायत के सूर्याटांड़ जंगल नदी से दो अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को अंचला अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने गिद्धौर थाना पुलिस प्रशासन के साथ बुधवार को अहले सुबह जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर को थाना ले आया गया है एवं मामला दर्ज कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर सिन्दवारी क्षेत्र का ही है। अंचलाधिकारी ने बताया कि जांचोंपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि प्रखंड क्षेत्र के दूर-दूर की नदियों से अवैध तरीके से बालू उठाव को लेकर ट्रैक्टर जब्त किया जा रहा है।

## द्वारी पंचायत में पंचायत सचिव पद के लिए खुशबु लता ने लिया प्रभार



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के द्वारी पंचायत में बुधवार को नया पंचायत सचिव पद के लिए खुशबूलता कुमारी ने प्रभार लिया प्रभार पूर्व पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह के द्वारा दिया गया।

जहां पंचायत के प्रतिनिधियों ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।तो वही उज्जवल कुमार सिंह को विदाई करने के साथ-साथ अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। द्वारी पंचायत मुखिया जगदीश यादव के नेतृत्व में यह कार्य संपन्न हुआ। जहां अनेकों जन प्रतिनिधि वार्ड सदस्य तथा गांव के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास में लापरवाही पर डीडीसी सख्त

# लाभुकों से भरवाया गया पीआर बांड

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवारा। (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में मनरेगा, अबुआ आवास, पंचायती राज के सम्बंध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में डीडीसी प्रखंड में संचालित सभी योजनाओं की भौतिक प्रगति की समीक्षा व लंबित कार्यो के ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने फील्ड लेवल मोनिटरिंग को मजबूत करने पर जोर दिया, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ जरूरतमन्दों तक पहुँच सके।

इसी क्रम में उन्होंने प्रखंड के थाम, मदनगुण्डी, कांको का भ्रमण कर मनरेगा व आवास कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ सुमित कुमार मिश्रा समेत कई लोग मौजूद थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना सं. (i) 114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-06,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 12.00 बजे से पूर्व ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** खड़गपुर मंडल: फेज-II के रूप में खड़गपुर मंडल के विभिन्न स्थानों पर 01 केडब्ल्यू से 50 केडब्ल्यू ऑन ग्रिड सोलर पावर प्लांट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना। **निविदा मूल्य:** रु.15,14,89,115.15, **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** रु.9,07,500/-, **खुलने की तिथि:** दिनांक 10.06.2025, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से क्रम सं. (i) के लिए 6 माह। **जमा करने की तिथि:** दिनांक 10.06.2025 को 12.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण, वर्णन और विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-181)



**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या –(01/2025-26) PR351898 Simdega (25-26)D को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद सिमडेगा

PR 353138 (Simdega) 25-26 (D)



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा**
**(आपूर्ति शाखा)**

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत भारत सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय खाद्य सुाक्षा अधिनियम के तहत माह अगस्त 2025 तक के अवधि के लिए खाद्यान्न के अग्रिम उठाव एवं वितरण किया जाना है।

माह जून 2025, जुलाई 2025 एवं अगस्त 2025 के लिए खाद्यान्न का वितरण की समयावधि इस प्रकार है :–

| क्रम | माह | वितरण की अवधि |
| --- | --- | --- |
| 01 | जून, 2025 एवं जुलाई, 2025 | दिनांक 01.06.2025 से 15.06.2025 तक |
| 02 | अगस्त, 2025 | दिनांक 16.06.2025 से 30.06.2025 तक |

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 353078 Food Public Distribution and Consumer Affairs (25-26)_D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 06/2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 31.05.25 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 02.06.25 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 02.06..25 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– सी0एस0आर0 मद।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | खिरगांव वार्ड नम्बर–29, हजारीबाग में शमा लाईब्रेरी का जीर्णोद्धार कार्य। | 1250000.00 | 2500.00 | 25000.00 | चार माह |

नोट :– 1. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 353092 District (25-26)_D



**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**-: आम सूचना :-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/ नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 शेष आनन्द मधुकर
- माधवी देवी (पत्नी)
- अशेष समर पाठक (पुत्र)
  - वैभव ऋतुराज
  - सम्भवयशराज

अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग।

PR.NO.353109 District(25-26):D



**महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, झारखण्ड, राँची**

सूचना पट निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/2025–26

SSL Secure Wildcard Certificate for jhpolice.gov.in domain, SSL Secure Certificate for VCS Express and VCS Control Server (for 05 years) की आपूर्ति हेतु GST निबंधित स्थानीय फर्मो से दिनांक 30.05.2025 को समय 16:30 बजे तक मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

नियम एवं शर्तें :–

1. ईच्छुक फर्म अपने लेटर पैड पर निविदा दो भागों – तकनीकी एवं वित्तीय भाग में देंगे। तकनीकी भाग में GST, पैन नम्बर तथा पूर्व में किसी सरकारी संस्थानों में आपूर्ति संबंधी प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. वित्तीय भाग में अंकित दर अंको/अक्षरों में होगी और उसमें कोई कटींग अथवा ओभर राईटींग मान्य नहीं होगा। ऐसी निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
3. Specifications परिशिष्ट–01 के रूप में संलग्न है। उक्त Specifications के अनुरूप आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा के दोनों भाग (तकनीकी एवं वित्तीय) को अलग–अलग लिफाफा में सील कर दोनों के उपर अलग–अलग यथा "तकनीकी भाग" एवं "वित्तीय भाग" लिख कर एक अन्य लिफाफा में डालकर और उसे भी सील कर IG of Police (Provision), DPRD Building, Dhurwa, Ranchi-834004 के नाम से भेजना होगा। लिफाफा के उपर फर्म का नाम लिखा रहना अनिवार्य होगा।
5. निविदा का तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग Procurement Committee के समक्ष पुलिस मुख्यालय सभागार कक्ष में खोली जायेगी, जिसकी सूचना अलग से दी जायेगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
6. निविदा समर्पित करने के पश्चात् निविदा से संबंधित किसी प्रकार का कागजात स्वीकार नहीं किया जायेगा।
7. महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि बिना कारण बताये निविदा को रद्द कर सकेंगे।
8. सम्पूर्ण निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट–01 सहित) झारखण्ड पुलिस के वेबसाईट www.jhpolice.gov.in पर उपलब्ध है।

अवर सचिव (टी0 एण्ड एस0),
पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची

PR 353115 Police (25-26)_D



**झारखण्ड सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग भूतत्व निदेशालय**
**अभियंत्रण छात्रावास–2,द्वितीय तल,धुर्वा,राँची**
**फोन–0651–3511681, ई–मेल–dir-geology@jharkhandmail.gov.in**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग,झारखण्ड, रॉंची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु **04 अदद महिन्द्रा बोलेरो नियो** वाहनों के मासिक/दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु इच्छुक स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विस्तार | निविदा दस्तावेज की राशि (रू0) (Non-refundable) | सुरक्षित जमा राशि/ईएमडी (रू0) | अवधि की सीमा |
| --- | --- | --- | --- |
| भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, रॉंची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु **04 अदद महिन्द्रा बोलेरो नियो** वाहनों के मासिक/दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु इच्छुक स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है। | रू/– 2000.00 | रू/– 25,000.00 | एक वर्ष |

- MSME प्रमाण पत्र रखने वाले निविदादाता को भारत सरकार के ज्ञापांक संख्या F. 9/4/2020 दिनांक 02.11.2020 के आलोक में ईएमडी जमा करने से छूट दी गई है।

अनुसूची/कार्यक्रम

| | |
| --- | --- |
| निविदा सूचना की संख्या | 01/2025-26 |
| निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि | 23-05-2025 |
| निविदा दस्तावेज की उपलब्धता | भूतत्व निदेशालय की अधिकारिक बेबसाइट https://www.jharkhand.gov.in/mines पर दिनांक 23-05-2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 13.06.2025 के अपराह्न 12:30 बजे तक रहेगा। |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.06.2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक |
| निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने का तरीका | To be paid through e-payment service of Govt. of Jharkhand. It will be deposited online through official website www.jharkhandminerals.gov.in → Other & Services → e Payment → Payment office (Directorate of Geology) → Head of Payment (Cost of Tender Document) → Description → Type of Depositor (Other) → District Name (Directorate of Geology) → DDO Code (PRJOTH002) |
| सुरक्षित राशि जमा करने का तरीका | Bank Guarantee की मूल प्रति तकनीकी निविदा के साथ हार्ड कॉपी बंद लिफाफा में। |
| निविदा जमा करने का तरीका | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय से पहले हार्ड कॉपी निम्नलिखित पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा करे– **भूतत्व निदेशालय,अभियंत्रण छात्रावास–2, द्वितीय तल, धुर्वा, रॉंची, पिनकोड–834004** |
| सम्पर्क व्यक्ति/हेल्पलाईन नम्बर | 0651-3519388 भूतत्व निदेशालय (सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक) |

ह0/-निदेशक, भूतत्व
खान एवं भूतत्व विभाग
झारखण्ड, रॉंची

PR 353160 (Mines and Geology)25-26*D

खबर मन्त्र
रांची. गुरुवार.22 मई 2025
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# सिंदूर का सच

अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट और बीबीसी ने रिपोर्ट ने यह उजागर कर दिया कि भारत ने पाकिस्तान को जबरदस्त चोट पहुंचायी है। लगभग मिलती जुलती रिपोर्ट में दोनों मीडिया हाउस ने स्वीकार किया और प्रमाणिकता के साथ पाकिस्तान के उन तस्वीरों को प्रकाशित किया जो भारतीय सेना के हमले में बर्बाद कर दिये गये है। इस संयमित हमले को सिर्फ आतंकी पर हमले और उनके कैंप को ध्वस्त करने की बात भारत ने स्थापित कर दिया। कश्मीर, एलओसी, पीओके और भारत पाक के संबंधों से जुड़े अन्य पहलुओं पर भारत की रीति नीति शीशे की तरह साफ है। भारत का स्पष्ट मानना है कि उसके पाक से जुड़े जो भी विवाद हैं, उन्हें सुलझाने की वह पूर्ण सामर्थ्य रखता है और किसी तीसरे देश का दखल या मध्यस्थता उसे स्वीकार नहीं है लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के मध्य दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद सीजफायर पर जो रजामंदी बनी, ट्रंप ने उसे अमेरिकी प्रयासों का प्रतिफल बताकर भारत की कश्मीर नीति को नए और आश्चर्यपूर्ण संदर्भ देने की कोशिश की। अमेरिका भले ही सुपरपावर है लेकिन विश्व राजनीति में ट्रंप के बयानों को कभी गंभीरता से नहीं लिया जाता। भारत की सभ्यता और संस्कृति युगों पुरानी है जबकि पाक का जन्म ही 78 वर्ष पहले हुआ है। भारत ने जहां आजादी के बाद लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपनाया वहीं पाक में ज्यादातर वक्त फौजी हुकूमतें रहीं, जहां जनता के सच बोलने पर हमेशा पाबंदी रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई को ही देश के नाम अपने संबोधन में साफ कर दिया था कि भारत किसी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। पहली बार भारत ने दुनिया को दिखाया कि वह टारगेटेड अटैक करके दुश्मन को रास्ते पर ला सकता है। यह आरंभ है इसका अंत शांति ही होगा।

## आज का राशिफल

मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

वृष : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

कर्क : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

सिंह : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

तुला : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

वृश्चिक : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

धनु : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5

मकर : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-5-7-9

कुंभ : शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

मीन : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# रिश्वत लेकर सवाल पूछने का नेताओं का काला इतिहास रहा है

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा का मामला अभी भी देश के लोगों की स्मृति से मिटा भी नहीं है। महुआ मोइत्रा ने रियल एस्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए संसद में सवाल पूछे।

देश के नेताओं ने आजादी के बाद से भ्रष्टाचार के इतने काले कारनामे किए हैं कि यदि कोई नेता ईमानदारी से अच्छा भी काम करे तब भी उस पर सहज भरोसा करना मुश्किल होता है। देश के लोगों की याद से नेताओ के काले कारनामे की छाप मिटे, इससे पहले ही कोई न कोई नया कांड ऐसा सामने आता है और पूरे तंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो जाते हैं। नया मामला राजस्थान का है। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के एक विधायक जयकृष्ण पटेल को राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने विधानसभा में सवाल पूछने के बदले 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। राजस्थान की इस क्षेत्रीय पार्टी के दो विधायक और एक सांसद हैं। आदिवासियों के उत्थान के आहवान के साथ इस पार्टी का गठन किया गया। इस पार्टी ने 2023 के विधानसभा चुनाव मे कुल चार सीटें जीती, तीन सीटें राजस्थान मे और एक सीट मध्यप्रदेश मे जीती। बीएपी की टिकट पर डूंगरपुर बांसवाड़ा संसदीय सीट जीतने वाले राजकुमार रोत लोकसभा से सांसद बने। रिश्वत लेने के आरोपी बीएपी विधायक पटेल ने विधानसभा में बीते सत्र के दौरान 11 जुलाई 2024 को अवैध खनन, फार्म हाउस, वन्य जीव और नशा तस्करी को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कुछ सवाल किये गए थे। विधानसभा में इन्हीं खनन से जुड़े सवालों को हटवाने को लेकर रिश्वत का खेल शुरू हुआ। बीएपी विधायक ने इन सवालों को हटाने के लिए 10 करोड़ की डिमांड की थी। अंततः 20 लाख में सौदा तय हुआ और विधायक पटेल को रंगे हाथों दबोच लिया गया। यह पहला मौका नहीं है जब किसी जनप्रतिनिधि ने सदन की पवित्रता को तार-तार किया है। इससे पहले भी मामले सामने आ चुके हैं, जब विधानसभा हो या लोकसभा में सवाल पूछने या नहीं पूछने के ऐवज में रिश्वत मांग कर समूचे लोकतंत्र को कलंकित करने का काम किया गया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा का मामला अभी भी देश के लोगों की स्मृति से मिटा भी नहीं है।





– योगेन्द्र योगी

> नोट लहराने वालों में भाजपा के तीन सांसदों अशोक अर्गल, महावीर भागौरा और फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल थे। तीनों सांसदों ने आरोप लगाया था कि समाजवादी पार्टी के तत्कालीन महासचिव अमर सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल ने विश्वास मत में हिस्सा नहीं लेने के बदले रुपए देने की पेशकश की थी।

महुआ मोइत्रा ने रियल एस्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए संसद में सवाल पूछे। आरोप था कि महुआ मोइत्रा ने हीरानंदानी के इशारे पर 61 सवालों में 50 में अंबानी और अडानी को टारगेट किया। दर्शन हीरानंदानी ने खुलासा किया कि महुआ मोइत्रा ने अपनी संसद लॉगिन और पासवर्ड उनके साथ साझा किया था। उन्होंने महुआ की ओर से सवाल पोस्ट किए थे। एथिक्स कमेटी ने 6-4 के बहुमत से महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खत्म करने की सिफारिश कर दी। टीएमसी सांसद मोइत्रा से पहले भी जनप्रतिनिधियों के ऐसे कृत्यों से देश में राजनीतिक बवंडर उठ चुके हैं। वर्ष 2005 में ऐसे ही एक अन्य मामले में लोकसभा के 10 और राज्यसभा के एक सांसद की सदस्यता रद्द हुई थी। तब एक वेब पोर्टल ने स्टिंग ऑपरेशन किया था। स्टिंग में 11 सांसद सवाल के बदले में कैश का ऑफर स्वीकार करते दिखे थे। इनमें लोकसभा के 10 और राज्यसभा के 1 सदस्य को निष्कासित कर दिया गया था। तब केंद्र में डॉक्टर मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए-1 की सरकार थी। संसद की सदस्यता गंवाने वालों में 6 बीजेपी के थे, 3 बीएसपी के और 1-1 कांग्रेस के सांसद थे। स्टिंग में सबसे कम कैश 15000 रुपये की भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह लोढ़ा के सामने पेशकश की गई थी जबकि सबसे ज्यादा कैश 1,10,000 रुपये आरजेडी के सांसद मनोज कुमार को ऑफर की गई थी।

24 दिसंबर 2005 को संसद में वोटिंग के जरिए आरोपी सभी 11 सांसदों को निष्कासित कर दिया गया। लोकसभा में प्रणब मुखर्जी ने 10 सांसदों के निष्कासन का प्रस्ताव रखा था जबकि राज्यसभा में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने एक सांसद को निष्कासित करने का प्रस्ताव रखा था। वोटिंग के दौरान भाजपा वॉकआउट कर गई थी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष एलके आडवाणी ने कहा था कि सांसदों ने जो कुछ किया वह करप्शन कम, मूर्खता ज्यादा है। इसके लिए निष्कासन बहुत ही कठोर सजा होगी। जनवरी 2007 में सुप्रीम कोर्ट ने भी सांसदों के निष्कासन के फैसले को सही ठहराया था। उसी साल दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश में दिल्ली पुलिस ने इस मामले में केस भी दर्ज किया था। न्यूज पोर्टल के दो पत्रकारों के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल हुई। संसद राज्यसभा हो या लोकसभा, सदन में सत्र की कार्यवाही के दौरान असहज कर देने वाली घटनाओं का पुराना इतिहास रहा है। पहले भी ऐसी कई घटनाओं का गवाह बना है चाहे वो पैसे के लेन-देन को लेकर आरोप लगाने का मामला हो या फिर नोटों की गड्डियां लहराने का। ऐसे कई किस्से हैं जब सदन की गरिमा को तार-तार किया गया। 22 जुलाई, 2008 को मनमोहन सरकार के विश्वासमत हासिल किए जाने के दौरान लोकसभा में एक करोड़ रुपए के नोटों की गड्डियां लहरा कर सनसनी फैला दी गई थी।

नोट लहराने वालों में भाजपा के तीन सांसदों अशोक अर्गल, महावीर भागौरा और फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल थे। तीनों सांसदों ने आरोप लगाया था कि समाजवादी पार्टी के तत्कालीन महासचिव अमर सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल ने विश्वास मत में हिस्सा नहीं लेने के बदले रुपए देने की पेशकश की थी।

जबकि इन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया था। इसी तरह राज्यसभा में 5 दिसंबर 2024 को कांग्रेस सांसद की बेंच से नोटों के बंडल मिलने का मामला सामने आया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इसे गंभीर मामला बताया। साथ ही इसकी जांच कराने की बात कही है।

यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की थी। देश के लोकतंत्र पर कालिख पोतने वाली ऐसी घटनाओं से जाहिर है कि कानून बना कर देश चलाने वाले जनप्रतिनिधियो पर आम लोगों का पूरा भरोसा नहीं है। इस भरोसे के दरकने के लिए नेता जिम्मेदार हैं। दरअसल नेता और जनप्रतिनिधी जब तक खुद को कानून से ऊपर समझते रहेंगे तब तक ऐसी शर्मनाक पुनरावृत्ति से देश शर्मसार होता रहेगा।

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**–सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### सख्त कार्रवाई हो

**बांग्लादेश** को 1971 में भारत ने मुक्ति वाहिनी की मदद से स्वतंत्रता दिलाई थी, लेकिन आज वहां के कट्टरपंथी हिंदू विरोधी हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। बांग्लादेश को यह याद रखना चाहिए कि वह कई मामलों में भारत पर निर्भर है। कट्टरपंथियों की धमकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। **–रवि, रांची**

## ट्वीट

'**अमृत** भारत स्टेशन स्कीम' के अंतर्गत कल जनता को समर्पित किए जा रहे 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशन अत्याधुनिक उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं, विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचे, तीव्र कनेक्टिविटी और स्थानीय कला-संस्कृति के उन्नयन की दिशा में नए स्वर्णिम अध्याय जोड़ेंगे। विरासत के संरक्षण, तीव्र विकास के प्रतीक तथा गति और गौरव की नई परिभाषा गढ़ते इन अमृत स्टेशनों के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं आपका हृदयतल से धन्यवाद! **– योगी आदित्यनाथ**

महान क्रांतिकारी, झामुमो के स्तंभ और मेरे अभिभावक आदरणीय दादा स्व दुर्गा सोरेन जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।स्व दुर्गा सोरेन अमर रहें!

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

# आपरेशन सिंदूर से नुकसान तो चीन को भी हुआ

**अशोक मधुप**

सामयिक

**भारत** के चार दिवसीय आपरेशन सिंदूर को लेकर हुए युद्ध विराम की सबसे बड़ी बात यह है कि भारत और पाकिस्तान दोनों अपनी?अपनी सफलता पर प्रसन्न है। दोनों जश्न मना रहे हैं, किंतु इस युद्ध से सबसे ज्यादा लाभ भारत को हुआ है, और सबसे ज्यादा नुकसान युद्ध से दूर खड़े होकर तमाशा देख रहे चीन को। भारत युद्ध में अपने शस्त्रों विशेषकर मिसाइलों की गुणवत्ता और सटीकता को पूरी दुनिया में साबित करने में कामयाब रहा। इससे भारत में बनी रक्षा प्रणालियों और हथियारों को लेकर माँग अब बढ़ेंगी। हालाकि चीन युद्ध में शामिल नहीं था किंतु पाकिस्तान उसके अस्त्रशस्त्रों के बल पर जंग के मैदान में था। चीन के बने उपकरण पहले ही अपनी निम्न क्वालिटी के लिए प्रसिद्ध थे। इस युद्ध में तो उनके निराशाजनक प्रदर्शन ने और चीन के सामान की शाख मिट्टी में मिला दी। चीन अब सफाई में भले ही यह कह रहा है कि उसके उपकरण सही हैं, पाकिस्तानी सैनिकों पर उन्हें चलाना नही आया। चीन अब कुछ भी सफाई ने किंतु कोई भी देश अब ये मानने को तैयार नहीं कि चीन के शस्त्र किसी काम के हैं। इस चार दिनी युद्ध में सबसे ज्यादा नुकसान चीन को हुआ। चीन अब कुछ भी तर्क दे, कोई भी दावा करे, अब कोई उसकी बात पर यकीन करने वाला नही है।

पाकिस्तान वर्तमान में चीन के बनाए हुए विमान और -9 एयर डिफेन्स सिस्टम का इस्तेमाल करता है। ल्दद-9 जहाँ 125 किलोमीटर तो ल्दद-16 लगभग 50 किलोमीटर की रेंज वाला एयर डिफेन्स सिस्टम है। पाकिस्तान के लिए चीन ने इसमें बदलाव किए, इसके बावजूद इसका कोई फायदा नहीं हुआ है। ये सिस्टम न तो भारत के द्रोण रोक सके और नहीं मिसाइल। यह एक भी भारतीय मिसाइल, ड्रोन या लोइटेरिंग म्युनिशन नहीं पकड़ पाए। भारत ने तो इन डिफेन्स सिस्टम को ही तबाह कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जेएफ 17 लड़ाकू विमान



भी बेचा। पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए चीन में बने ड्रोन का भी इस्तेमाल किया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ चीन के विंग लूँग और उल्ट-क्क्र ड्रोन इस्तेमाल किए थे। इन्हें भी भारत ने सीमा पर ही मार गिराया है। इनमें से कोई भी ड्रोन भारत के किसी टार्गेट को हिट नहीं कर पाया।

हम जानते हैं कि चीन भारत का प्राकृतिक शत्रु देश है। कितना भी कर लें वह भारत का मित्र नहीं हो सकता। वह पाकिस्तान का मित्र देश है और आज पाकिस्तान को शस्त्र देने वाला सबसे बड़ा आपूर्ति करता देश। इतना जानने के बावजूद हम भारतवासी सस्ते के चक्कर में चीन का बना सामान धड़ल्ले से खरीदते हैं। कभी चीन से विवाद के समय ही हमारी देशभक्ति जागती है, वह भी कुछ दिन के लिए और मात्र फेसबुक तक। यदि आधे भारतवासी ही एक साल के लिए चीन के बने सामान का बायकाट कर दें तो चीन घुटनों में आ जाए। कुछ साल के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा से मुंह मोड़कर देखिए। चीन रास्ते पर आ जाएगा।

लगभग 50 के आसपास अरब देश हैं किंतु दो अरब देश तुर्की और अजरबैजान ही इस लड़ाई में पाकिस्तान के साथ पूरी ताकत के साथ खड़े नजर आए। इस लड़ाई में पाकिस्तान ने तुर्की में बने 40 से ज्यादा द्रोण का इस्तमाल किया, हालाकि ये सभी रास्ते में मार दिए गए।2024 में पर्यटन के लिए 2.75 लाख भारतीय तुर्की गए। 2024 में पर्यटन के लिए 2.5 लाख भारतीय अजरबैजान के बाकू गए। 2022-2024 के दौरान अजरबैजान में भारतीय पर्यटकों के आगमन में 68 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और अजरबैजान में औसत प्रवास समय 4-6 दिन है। तुर्की में भारतीयों का औसत प्रवास 7-10 दिन है। कुल मिलाकर, भारतीय अजरबैजान की अर्थव्यवस्था में सालाना 1,000-1,250 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं। भारतीय तुर्की की अर्थव्यवस्था में सालाना 2,900-3,350 करोड़ रुपये का योगदान करते हैं। इस्तांबुल, कप्पाडोसिया और अंताल्या में भारतीयों की सबसे ज्यादा दिलचस्पी है। विदेश में प्रति भारतीय पर्यटक का औसत खर्च प्रति यात्रा एक से सवा लाख रुपये है। चूंकि भारत का मध्यम वर्ग अतिरिक्त आय के साथ 40 करोड़ तक पहुंच गया है, इसलिए सोशल मीडिया और फिल्मों के माध्यम से लोकप्रियता उन्हें तुर्की और अजरबैजान की ओर आकर्षित कर रही है।

# ग्रीन एनर्जी का अमरावती मॉडल से सीखे झारखंड

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

सामयिक

**आंध्र प्रदेश** की नई राजधानी आरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू ने काम भी शुरू कर दिया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने में करीब करीब 65 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी और सोलर, पवन और जल विद्युत पर आधारित इस परियोजना में अमरावती में उपयोग आने वाली सारी बिजली रिन्यूवल एनर्जी स्त्रोत से ही प्राप्त होगी। सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली जीवाश्म ऊर्जा का अमरावती में नामोनिशान नहीं होगा। अपने आप में यह दुनिया के लिए ग्रीन एनर्जी के सपने को अमली जामा पहनाने की बड़ी, महत्वाकांक्षी और दुनिया के देशों के लिए प्रेरणीय पहल मानी जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू की इस पहल को माना जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इस परियोजना पर नजर रख रहे हैं। कृष्णा नदी के तट पर आंध्र प्रदेश की नई राजधानी में ग्रीन एनर्जी का यह प्रोजेक्ट 217 वर्गमीटर को समेटे है।

अमरावती को पूरी तरह ग्रीन एनर्जी युक्त दुनिया का पहला शहर बनाने के लिए 2050 तक की मांग का आकलन कर लिया गया है करीब 2700 मेगावाट विद्युत की आवश्यकता होगी। इसमें से 30 प्रतिशत सोलर और पवन आधारित उर्जा होगी तो 70 प्रतिशत बिजली का उत्पादन पनबिजली आधारित होगी। ग्रीन एनर्जी के चार प्रमुख स्त्रोत हैं। इसमें सूर्य की गर्मी आधारित सोलर ऊर्जा, हवा के झोकों पर आधारित पवन ऊर्जा, जल आधारित पन बिजली परियोजना और भूगर्भ के ताप आधारित भूतापीय ऊर्जा को रिन्यूवल एनर्जी के नाम से जाना जाता है।

इसमें प्रमुखता से सोलर, पवन और पन बिजली को लिया जाता है। दरअसल जीवाश्म आधारित उर्जा जिसमें प्रमुखतः कोयला व लिग्नाइट का प्रयोग होता है। उसके चलते जलवायु में तेजी से परिवर्तन हुआ है और आज दुनिया के देश तापमान वृद्धि को 1.5 प्रतिशत तक रखने के लिए जूझ रहे हैं। दो प्रतिशत वृद्धि दर को डेढ़ प्रतिशत लाना टेढ़ी खीर बना हुआ है। पेरिस घोषणा के अनुसार दुनिया के देशों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। आंधी-तूफान, दावानल और चक्रवातों के नए नए रूप और बार-बार आवृति हमारे सामने हैं। समुद्र का जल स्तर बढ़ने से समुद्र किनारे के शहरों के सामने अस्तित्व का संकट आ गया है तो जंगलों के दावानलों का असर आसपास के शहरों खासतौर से अमेरिकी शहरों में देखा जा चुका है। सूखा और बाढ़ की समस्या बढ़ी है। दवाओं के बेअसर होने और संक्रामक रोगों की बढ़ोतरी सामने हैं। हालांकि इसमें सरकारों की इच्छा शक्ति, संसाधन, आर्थिक सामाजिक हालात के साथ ही विकसित देशों द्वारा खुले दिल से सहयोग नहीं करना बड़ा कारण बनता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के संकट से दुनिया के देश सचेत नहीं हैं। बल्कि इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को लेकर रैंकिंग भी होन लगी है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन रेकिंग में भारत 10वें स्थान पर है। रैंकिंग में डेनमार्क शीर्ष पर है। भारत में रिन्यूवल एनर्जी की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। गुजरात के कांडला सेज को पूरी तरह से हरित औद्योगिक क्षेत्र बनाया गया है तो तमिलनाडु के महाबलीपुरम के शोर मंदिर को ग्रीन एनर्जी पुरातात्विक स्थल के रूप में पहचान मिल चुकी है। डेनमार्क का कोपेनहेगेन भी इसी श्रेणी में आता है।आस्ट्रेलिया का एडिलेड, कोरिया का सियोल, आइवरकोस्ट का कोकोडी, स्वीडन का मालमो और दक्षिणी अफ्रिका का केपटाउन ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए शहरों में से हैं।

गुजरात के कांडला सेज में 1000 एकड में साढ़े तीन लाख पौधे रोपित किए गए हैं। समुद्र के नमक के पानी से प्रभावित क्षेत्र को जलवायु की दृष्टि से करीब करीब

**भारी तपिश और लू से परेशान गौरय्या को मिली पानी की बूंद से सकून। । तस्वीर अजय सानी की**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### अग्रसेन स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह




भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्घाटन पतरातू सीओ मनोज चौरसिया, विशिष्ट अतिथि माइका एडुकेशन रांची के डॉ संजय जैन, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान और काउंसेलर मुख्तार सिंह ने किया। समारोह में सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीओ पतरातू मनोज चौरसिया ने कहा कि सम्मान मिलने से और बेहतर करने का हौसला बढ़ता है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है। मौके पर शिक्षक एचके सिंह, अरविंद दुबे, विजय शर्मा, कुमुल कुमार, केएल गोस्वामी, दीपिका तिवारी, संतोष कुमार, सोनम खातून, प्रोनत्ति मुखर्जी, अंजली कुमारी, उषा कुमारी आदि उपस्थित थे।

### कुजू में तोपा सेल समिति की बैठक



कुजू। तोपा परियोजना के रेस्ट हाउस में तोपा सेल संचालन समिति की बुधवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सेल संचालन समिति अध्यक्ष राजेश्वर गंझु व संचालन उपाध्यक्ष राम भजन लाल महतो ने किया। बैठक में संचालन के द्वारा तोपा प्रबंधन को 8 सूत्री मांग को लेकर सौपे गए आवेदन पर अभी तक किसी प्रकार की पहल एवं वार्ता नहीं किया गया। इस पर रोष जताया गया। इधर बैठक में दोबारा से मांग को उठाया गया। जिसमें सेल संचालन समिति मुंशी विस्थापित और ग्रामीण एक आवश्यक बैठक करना पूर्व आवेदन में निम्नलिखित मुद्दा पर विचार करने, ग्रामीणों को बिजली पानी रोड और 5 डिसमिल जमीन देने, 60प्रतिशत कोयला सेल को देने, ग्रामीणों को जमीन के बदले नौकरी देने, ग्रामीणों के लिए ग्राम देवता मंडप, मंदिर व मदरसा की सुंदरीकरण करने आदि कई मुद्दों पर आवेदन दिया गया था, लेकिन प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार का वार्ता एवं पहल नहीं किया। समिति ने निर्णय लिया कि अगर वार्ता एवं पहल नहीं किया गया तो 26 मई को परियोजना में चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। मौके पर गोपेश्वर करमाली, इलियास मियां, विनोद कुमार, कासिम मियां, अहमद अंसारी, जितेंद्र सिंह, सुरेश चंद पटेल, महावीर मांझी, हरिशंकर प्रसाद, बिहारी साहू, वीरेंद्र कुमार, राजकुमार केसरी, हैदर अंसारी, तालो मांझी व कई गांव के ग्रामीण शामिल थे।

### मेहनत से मिलती है सफलता : प्राचार्य



भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ जिला में बेहतरीन परिणामों और अनुशासनप्रिय शिक्षण पद्धति के लिए माना जाने वाला शिक्षण संस्थान ए ला एंगलाइज स्कूल बिरसा चौक भुरकुंडा में कक्षा 11वीं विज्ञान और वाणिज्य में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्य विजयंत कुमार ने बताया कि कक्षा 11वीं और 12वीं सिर्फ दो साल की पढ़ाई नहीं है, बल्कि यह वह रनवे है जहां से विद्यार्थी अपने भविष्य की उड़ान भरते हैं। यही समय है जब सही दिशा, सटीक निर्णय और कड़ी मेहनत के साथ अपने सपनों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि हर छात्र को यह समझना चाहिए कि इन दो वर्षों में मिली शिक्षा, बनाए गए गुण और चुने गए विषय सब मिलकर जीवन की दिशा तय करते हैं। स्कूल की नियमित कक्षाएं, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन और अनुशासन का वातावरण ही किसी भी प्रतियोगी परीक्षा और जीवन की सफलता की मजबूत नींव बनाते हैं। प्राचार्य श्री कुमार ने बच्चों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए ए ला एंगलाइज स्कूल की विशेषताओं के बावत बताया कि अनुभवी और विषय विशेषज्ञ शिक्षक समूह, बोर्ड परीक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष मार्गदर्शन, स्किल आधारित विषयों पर विशेष ध्यान, ग्रुप डिस्कशन, प्रोजेक्ट और प्रैक्टिकल का समावेश, अनुशासित प्रेरक और सहयोगी शैक्षणिक वातावरण आदि शामिल हैं।

### रोटरी क्लब लगाएगा यंत्र शिविर



**रामगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ एवं शांतिधारा फाउंडेशन ने बुधवार को रोटरी हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ एवम शांतिधारा फाउंडेशन संयुक्त रूप से नि:शुल्क यंत्र चालित कृत्रिम हाथ प्रत्यारोपन शिविर लगाएगा। प्रोजेक्ट चेयरमैन सुरेश प्रसाद अग्रवाल ने बताया अमेरिका की संस्था एलएन 4 द्वारा प्रोसथेटिक हैंड रोटरी क्लब को दिया जाता है। जो उच्च क्वालिटी,मेंटेनेंस फ्री, रेडी टू फिट,लाइट वेइट और लॉन्ग लास्टिंग है जो जरूरतमंदों के लिए उपयोगी होगा। इसकी मदद से खेती, साइक्लिंग, कुकिंग,ड्राइविंग की जा सकती है। एलेन मीडोज फाउंडेशन के सहयोग से अनेक व्यक्ति को हाथ रोटरी क्लब द्वारा मुहैया कराया जा रहा है इस अवसर पर सुरेश प्रसाद अग्रवाल, निलांजन दत्ता,विजय कुमार,राहुल जैन मौजूद थे ।

### बाइक चोरी करते युवक धराया



**कुजू।** ओपी क्षेत्र के तोपा माइनस कॉलोनी में अंधेरे का फायदा उठाकर आवास से बाइक चोरी करते हुए एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा। पकड़े गए युवक ने अपना नाम कुणाल कुमार पिता भोला डोम बताया। जानकारी के अनुसार माइनस कॉलोनी स्थित सरहुल गंझू के आवास के आंगन समक्ष स्प्लेंडर बाइक खड़ा था। इस बीच मौका देखकर चोर ने बाइक को लेकर फरार होने लगा। इसी दौरान लोगों ने देखा और धर दबोचा। साथ ही जमकर धुनाई करते हुए पेड़ में बांध दिया। बाद में कुजू पुलिस सूचना देते हुए हवाले कर दिया। वह पुलिस छानबीन कर रही है।

# बड़कागांव : बारिश में बहा बालू माफिया का ट्रैक्टर

## नदी में धड़ल्ले हो रहा था बालू का अवैध खनन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बड़कागांव।** मंगलवार सुबह बड़कागांव में हुई भारी बारिश ने ना केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, बल्कि पानी की तेज धार ने उस राज से भी पर्दा उठा दिया जो वर्षों से बालू की परतों के नीचे दबा था। जब अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर नदी में डूबते और बहते नजर आए, तब बड़कागांव की जनता की आंखें फटी की फटी रह गईं। लेकिन इस दृश्य से जो सवाल खड़े हुए, वे सिर्फ पानी की तेजी से नहीं, प्रशासन की ढीली पकड़ से भी ज्यादा डरावने थे। सुबह से ही बड़कागांव में आसमान काले बादलों से ढका था। दोपहर होते-होते बारिश ने रौद्र रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते बड़ी नदी उफान पर आ गई। इसी दौरान नदी किनारे बालू के अवैध खनन में जुटे कई ट्रैक्टर माफिया के शिकंजे में फंसे और तेज बहाव में बहने लगे। कुछ ट्रैक्टर पूरी तरह पानी में डूब गए, तो कुछ किनारे-किनारे बहते नजर आए। स्थानीय ग्रामीणों ने इस दृश्य को मोबाइल में कैद किया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह बालू माफिया खुलेआम नदी से बालू निकाल रहे थे। ये वही इलाका है जहां से बार-बार अवैध खनन की शिकायतें होती रही हैं, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने अब तक चुप्पी साध रखी है। बारिश थमने के कई घंटे बाद जब पानी का बहाव थोड़ा कम हुआ, तब माफिया अपने डूबे ट्रैक्टरों को निकालने में जुट गए। किसी भी अधिकारी या पुलिस कर्मी का घटनास्थल पर आना तक नहीं हुआ, जो इस मामले में मिलीभगत की ओर इशारा करता है। घटना ने फिर साबित कर दिया कि बड़कागांव में अवैध बालू खनन प्रशासन की नाक के नीचे जारी है, और बारिश ने वो कर दिखाया जो कानून वर्षों से नहीं कर पाया।

# बारिश से हजारीबाग जलमग्न

## एक घंटे की बारिश ने खोली नगर निगम की पोल

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** एक घंटे की झमाझम बारिश ने हजारीबाग शहर की तस्वीर बदल दी। सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया, और पूरा शहर जलमग्न हो गया। नगर निगम की तैयारियों की कलई खुल गई और अतिक्रमण की सच्चाई पानी के बहाव में बहकर सामने आ गई। बारिश शुरू होते ही सड़कों ने नाले का रूप ले लिया। घंटा घर चौक, करबला चौक, कदमा रोड, झण्डा चौक, बानादाग, और कोर्रा समेत कई प्रमुख इलाकों में सड़कें गायब हो गईं। पैदल चलना तो दूर, दुपहिया और चौपहिया वाहन तक फंस गए। स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग हर कोई परेशान दिखा।

नगर निगम हर साल नालों की सफाई का दावा करता है, लेकिन बुधवार की बारिश ने इन दावों की सच्चाई दिखा दी। नालियां कचरे से जाम थीं, जिससे बारिश का पानी सड़कों पर बहने लगा। नाले तो उफान पर थे ही, कानी बाजार के कई घरों और दुकानों में भी पानी घुस गया। दुकानदारों का हजारो का नुकसान हुआ। शहर में अनियंत्रित अतिक्रमण ने जल निकासी की व्यवस्था को पूरी तरह पंगु बना दिया है। जहाँ नालियों का रास्ता था, वहाँ पक्के निर्माण हो चुके हैं। परिणामस्वरूप, पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिला और उसने शहर को जलसमाधि में ढकेल दिया। स्थानीय नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने निगम प्रशासन के खिलाफ भड़ास निकाली। कानी बाजार के राजेश प्रसाद ने कहा कि चुनाव से पहले वादे और बारिश के बाद बबार्दी यही है नगर निगम की सच्चाई।

झिंझरिया पूल के पास के दुकानदार सतीश ने गुस्से में कहा कि आज की बारिश केवल एक चेतावनी थी। अगर अब भी नगर निगम और जिला प्रशासन नहीं जागा, तो अगली बारिश में हालात और बदतर होंगे। शहर को डूबने से बचाना है तो अब जुर्माना नहीं, बुलडोजर चलाना होगा।

### पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ी भीड़

**हजारीबाग।** मुनका बगीचा स्थित श्री शिव परिवार, माँ दुर्गा एवं पंचमुखी हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का तीसरा दिन श्रद्धा, भक्ति और वैदिक अनुष्ठानों के संग भव्य रूप से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चारण और हवन की दिव्यता से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मुख्य आचार्य पं. रविकान्त शास्त्री के नेतृत्व में देवपूजन, घृताधिवास और विशेष हवन जैसे अनुष्ठान वैदिक परंपराओं के अनुसार संपन्न हुए। मथुरा व काशी से पधारे आचार्यों–बिपिन गौड़, कृष्ण गोपाल भारद्वाज, दीपक गौतम, नरेंद्र गौतम समेत अन्य की उपस्थिति से अनुष्ठान में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। मंदिर का निर्माण मुरारी लाल मूनका एवं सरोज देवी द्वारा दिवंगत माता-पिता की स्मृति में कराया गया है। भक्त दिनभर भजन-कीर्तन, दर्शन और पूजन में लीन रहे। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं शामिल थीं।

### अंबा प्रसाद के काम को क्रेडिट ले रहे हैं रोशन चौधरी : कृष्णा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातु प्रखण्ड के पूर्व विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने बुधवार को कहा कि बीते कल विधायक रोशन लाल चौधरी ने दो पथो का शिलान्यास किया है, जो मुख्य रूप से ग्राम सांकुल उमेश सिंह के घर से कन्या मध्य विद्यालय पतरातु बस्ती तक पथ निर्माण एवं पतरातु शहीद चौक से स्टेशन तक पथ निर्माण एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह दोनों पथो का क्रियान्वयन हेतु पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने एड़ी-चोटी कर धरातल में उतारने का काम किया लेकिन विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आचार संहिता लग जाने के कारण शिलान्यास नहीं हो पाया था। वही काम को आज वर्तमान विधायक रोशन लाल चौधरी ने अपने कार्य को बताते हुए शिलान्यास का कार्य किया है जिसे जनता भलीभांति जान रही है कि वर्तमान विधायक का कोई भी अनुशंसा एक साल से पहले धरातल पर उतरने नहीं जा रहा है। इसके बावजूद भी विधायक ने बयान देते हैं कि पूरे प्रखंड में विकास का गंगा बह रही है। लेकिन यह विकास की गंगा वर्तमान विधायक नहीं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा बहाया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा। सिंह ने कहा कि अभी पतरातू प्रखंड में दर्जनों विकास योजनाएं धरातल पर उतारने वाला है जैसे हेसला में डिग्रीएवं पॉलिटेक्निक कॉलेज का भी कार्य बहुत जल्द शुरू होने वाला है।

### भुचुंगडीह : अवैध खदान में आग से रविंद्र महतो की मौत

**रजरप्पा।** रजरप्पा के भुचुंगडीह गांव स्थित अवैध खदान में लगी आग बुझाने के क्रम में जमीन धंस जाने से एक मजदूर की मौत हो गई। सीसीएल रजरप्पा प्रबंधन शव खोजने के लिए अभियान चला रहा है। इधर, युवक की पत्नी मीरा देवी बार-बार बेहोश हो जा रही है। बताते चले कि रजरप्पा के भुचुंगडीह इलाके में कई दिनों से जमीन के भीतर कोयले में आग लग जाने के कारण लोग डरे हुए हैं। इससे जगह-जगह भू-धंसान का खतरा भी मंडरा रहा है। सीसीएल तथा प्रशासन की ओर से आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आग बुझाने का काम एक ठेकेदार को दिया गया है। ठेकेदार ने गोला थाना क्षेत्र के खोखा निवासी रवींद्र महतो (30 वर्ष) सहित कई मजदूरों को आग बुझाने के लिए रखा था। मंगलवार शाम लगभग 6:30 बजे रवींद्र महतो अन्य मजदूरों के साथ पाइप से पानी डाल रहा था। इस बीच अचानक उसके पैर के नीचे की जमीन धंस गई और वह अंदर समा गया। इधर, विरोध कर रहे ग्रामीणों ने सब स्टेशन भुचुगडीह में बिजली काट दी. वही जीएम सभा कक्ष में रामगढ़ एसडीएम, जीएम कल्याण जी प्रसाद, थाना प्रभारी, सीओ सहित अन्य अधिकारी एवं मृतक परिजन, ग्रामीणों के बीच मुआवजा को लेकर वार्ता जारी है। वार्ता में सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा नेता चंद्रशेखर चौधरी, आजसू पियूष चौधरी, जेबीकेएसएस देवानंद महतो व अन्य मौजूद थे।

### ठौठवा में सरकारी जमीनों पर हो रहा अवैध कब्जा, ग्रामीणों ने की शिकायत

**हजारीबाग।** जिले के कटकमसाड़ी प्रखंड अंतर्गत ठौठवा पंचायत में इन दिनों सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा और खरीद-बिक्री का सिलसिला तेजी से चल रहा है। आरोप है कि कुछ दबंग भूमाफिया न केवल इन जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, बल्कि फर्जी कागजात बनवाकर उन्हें बेच भी रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठौठवा पंचायत के कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल इस अवैध गतिविधि की चपेट में हैं। इनमें पहला विद्यालय (खाता संख्या 66, प्लॉट संख्या 827, 828), पुराना पंचायत भवन (प्लॉट संख्या 826), सार्वजनिक नरहर तालाब (प्लॉट संख्या 938), हरैया तालाब (प्लॉट संख्या 873, 874) और करमबहवा तालाब (प्लॉट संख्या 830, 831, 832) शामिल हैं। इन सभी स्थानों पर भूमाफियाओं ने कब्जा जमाकर जमीनों की हेराफेरी शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस अवैध कार्य के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कटकमसाड़ी अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता को लिखित शिकायत सौंपी है। ग्रामीणों की मांग है कि सरकारी जमीनों को तत्काल कब्जामुक्त कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मामले में अंचल अधिकारी ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी सूरत में सरकारी जमीनों को कब्जा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही जमीनों को मुक्त कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों को अब प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार है।

# पानी का लेकर छावनी परिषद में प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** इन दिनो छावनी क्षेत्र में लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नही होने की बात कहकर बुधवार को ज्ञान महिला समिति के बैनर तले महिलाओं ने छावनी परिषद मुर्दाबाद, अधिशासी अधिकारी मुर्दाबाद के नारे लगाए।

समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने बताया कि पूरे रामगढ़ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जिस कारण लोगों को परेशानी हो रही है। पानी के अभाव में लोगों को खाना पकाने से लेकर स्नान करने तक में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

विनोद जायसवाल ने बताया कि छावनी परिषद द्वारा पूरे रामगढ़ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का सप्लाई किया जाता है। जिससे सभी घरों को पानी मिलता है। लेकिन वर्तमान में जलापूर्ति नहीं होने से लोगों में गुस्सा है। यदि स्थिति नही सुधरी तो छावनी परिषद गेट के समक्ष महिलाएं हडिया फोड़ेंगी। मौके पर आरती देवी ,मंजू देवी ,गुड़िया देवी, शोभा देवी ,अनीता पाठक ,नेहा कुमारी, सरस्वती देवी ,फुलवा देवी ,पानो देवी ,किरण देवी ,लक्ष्मी देवी ,अनीता देवी ,सुलेखा देवी ,पारो देवी , शांति देवी ,उर्मिला देवी, मंजू देवी ,अंजू देवी पारो देवी, गुलाचो देवी, भानु देवी ,पिंकी देवी मौजूद थी।

## एक नजर में

### इचाक : तालाब में बस पलटी, 15 बच्चे घायल



इचाक। खुटरा गांव के पास बुधवार को स्कूली बच्चों से भरी एक सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में पलट गई। इस दुर्घटना में 15 बच्चे घायल हो गए हैं, जिनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाड़ी तेज रफ्तार में थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद वाहन सीधे तालाब में जा गिरा। गनीमत रही कि तालाब में पानी कम था, वरना यह हादसा और भी भयावह रूप ले सकता था। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तालाब में कूदकर बच्चों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। घायलों में कुछ बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि गंभीर रूप से घायल बच्चों का इलाज हजारीबाग सदर अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों में इस हादसे को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों ने स्कूल वाहन चालकों की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं और जिला प्रशासन से स्कूली वाहनों की नियमित जांच की मांग की है।

### बड़कागांव में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



**बड़कागांव।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और शहीद जवानों को सम्मान देने के लिए बड़कागांव प्रखंड के गुरुचट्टी कुशवाहा धर्मशाला से सूर्य मंदिर तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का आयोजन भाजपा के बैनर तले किया गया, जिसका उद्देश्य सैनिकों के मनोबल को बढ़ाना और उनके साहस का अभिनंदन करना था। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में देशभक्तों ने भाग लिया और ह्यभारत माता की जयह्न के नारों से वातावरण गूंज उठा। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, जिसे देशवासी कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने कहा कि हमें अपने सैनिकों पर गर्व है, जिनकी वजह से आज देश सुरक्षित है। भारत का हर नागरिक सैनिकों के साथ खड़ा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा नेता टुकेश्वर प्रसाद, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो व आदित्य साहू, आजसू नेता संदीप कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, मीडिया प्रभारी उमेश दांगी, महामंत्री नरसिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। यह तिरंगा यात्रा न केवल देशभक्ति का प्रतीक बनी, बल्कि यह संदेश भी दिया कि भारत के नागरिक अपने जवानों के साथ मजबूती से खड़े हैं और देश की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर हैं।

### सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी आज से

बरही। झारखंड में गर्मी का मौसम शुरू होते ही छात्रों को छुट्टियों का तोहफा मिल गया है। राज्य सरकार ने मई महीने में गर्मी की छुट्टियों की घोषणा कर दी है। इससे बच्चों को पढ़ाई के तनाव से कुछ राहत मिलेगी। झारखंड में स्कूल बंद होने की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार 22 मई से 4 जून तक राज्य के सभी स्कूल बंद रहेंगे। इस दौरान छात्रों को गर्मी से राहत मिलेगी और शिक्षकों को भी छुट्टियों का लाभ मिलेगा। छुट्टियों के बाद 5 जून से स्कूल खुलेंगे। हर साल झारखंड में गर्मी बढ़ने के साथ ही छुट्टियों की अवधि में भी बदलाव होता है। बता दें कि मौसम खराब होने पर स्थानीय उपायुक्त के आदेश पर स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाई जा सकती हैं। इस बीच निजी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं।

### नाइट ब्लड सर्वेक्षण को ले बीएलटीएफ की बैठक



**बरही।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत माइक्रो फाइलेरिया जांच के लिए नाइट ब्लड सर्वेक्षण शुरू किया जा रहा है। ब्लड नाइट सर्वेक्षण को सफल बनाने के लिए बरही बीडीओ जयपाल महतो ने बुधवार को बीएलटीएफ की बैठक की। जिसमें डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार मामूर सुल्तान समेत कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। बरही प्रखंड में दो साइट बनाए गए हैं, जिसमें बरसोत और धनवार शामिल हैं। इस कार्यक्रम के तहत प्रहरी स्थल बरसोत चौक और धनवार को रैंडम साइट बनाया गया है। इसमें करीब 300 लोगों के रक्त प्लेटलेट्स एकत्रित किए जाएंगे। यह सर्वेक्षण रात 8 बजे से करीब 1:30 बजे तक किया जाएगा। आपको बता दें कि यह अभियान 25 से 27 मई तक बरसोत चौक और 29 से 2 जून तक धनवार में चलाया जाएगा। इस दौरान जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार मामूर सुल्तान ने बताया कि रात्रिकालीन रक्त सर्वेक्षण के दौरान 20 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों का रक्त का नमूना लिया जाएगा। डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि सामान्य व्यक्ति के शरीर में माइक्रो फाइलेरिया की पहचान रात में ही हो सकती है, क्योंकि व्यक्ति का शरीर रात में ही आराम की अवस्था में रहता है। ऐसे समय में शरीर में मौजूद माइक्रो फाइलेरिया रक्त में सक्रिय अवस्था में होते हैं। बैठक में बीडीओ जयपाल महतो ने स्वास्थ्य कर्मियों को पंचायत के जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया।

### दो युवकों से लूटपाट मामले में दो गिरफ्तार



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़–बगोदर (एनएच–522) रोड पर स्थित चलनिया सतगढ़ा पुल के पास 19 मई की रात उस वक्त सनसनी फैल गई जब दो युवकों को हथियारबंद अपराधियों ने बंधक बना लिया। मुन्ना कुमार (ग्राम गोपालडीह) और मुकेश कुमार (ग्राम तिरला), जो एक शादी समारोह से वीडियो ग्राफी कर मंगरो गांव से अपने घर लौट रहे थे, उन्हें चार अपराधियों ने रोका, फोन–पे से बीयर खरीदवाया और फिर जबरन बेड़ा हरियारा जंगल में ले जाकर दो घंटे तक बंधक बनाए रखा। अपराधियों ने दोनों युवकों को जान से मारने की धमकी दी और उनके पास से तीन मोबाइल फोन व एक वीडियो कैमरा लूटकर फरार हो गए। पीड़ित मुन्ना कुमार ने अगले दिन 20 मई को विष्णुगढ़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर थाना कांड संख्या 95/25 के तहत एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर बनी विशेष छापामारी टीम ने 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर एक आरोपी बिक्की कुमार (ग्राम चलकरी कला) को गिरफ्तार कर लिया और एक विधि विरुद्ध किशोर को हिरासत में लिया। इनके पास से लूटे गए तीनों मोबाइल और अपराध में प्रयुक्त बाइक बरामद किया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस कर रही है। टीम में थाना प्रभारी सपन महथा समेत नौ पुलिसकर्मी शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### लायंस क्लब गुमला के मुरली मनोहर अध्यक्ष व योगेंद्र साहु बने सचिव






गुमला। लायन्स क्लब ऑफ गुमला के सत्र 2025–26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें लायन्स मुरली मनोहर प्रसाद को अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी गई एवम लायन्स योगेन्द्र प्रसाद साहु को सचिव तथा कोषाध्यक्ष पद पर लायन्स गुलाब चन्द्र प्रसाद को जिम्मेवारी दी गई। क्लब भवन में लायन्स अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल के सभापतित्व में चुनाव कार्य संपन्न हुआ तथा बैठक का संचालन अशोक कुमार जयसवाल ने की। निर्वतमान अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने शांति पूर्ण चुनाव कराने के लिए सङ्खी सदस्यों के प्रति आङ्गार एवम धन्यवाद ज्ञापन किया। लायन्स के जिलापाल संजय कुमार द्वारा अशोक कुमार जयसवाल को रिजन चेयरमैन तथा डॉ शंकर लाल जाजोदिया को जोन चेयरपर्सन मनोनीत होने पर उपस्थित सदस्यों ने बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया, अनिल अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल, संजीव उर्वशी, बनवारी लाल अग्रवाल, महेश प्रसाद गुप्ता, दामोदर कसेरा, बृज फोगला, ओमप्रकाश साहु, सतेन्द्र गुप्ता, हेमन्त कुमार, योगेन्द्र प्रसाद साहु, शिव कुमार लाल, अशोक आनन्द, अरुण कुमार केशरी, किरण जयसवाल,सत्यभामा अग्रवाल, अनुराधा प्रसाद, रीता गुप्ता, सरस्वती प्रसाद, राज लक्ष्मी आनन्द आदि उपस्थित थी।

### चैनपुर में आयोजित हुई प्रधानाध्यापकों की बैठक



गुमला। जिले में सामाजिक कुरीतियों एवं जनस्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं की रोकथाम के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी की अध्यक्षता में चैनपुर अनुमंडल अंतर्गत सभी हाई स्कूल एवं प्लस टू विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य युवाओं में नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों को लेकर जागरूकता फैलाना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना था। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी सरकारी हाई स्कूल एवं +2 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय सिर्फ शिक्षा देने का केंद्र नहीं है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार भी है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक विद्यालय में नियमित रूप से नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा एवं बाल विवाह विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जाए।

### भारत माला परियोजना को लेकर घटगांव के ग्रामीणों ने मुखिया का आवास घेरा



गुमला। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार भारत माला परियोजना को लेकर घटगांव पंचायत के ग्रामीणों ने मुखिया सूरजमुनी कुमारी के आवास का घेराव किया। मौके पर उपस्थित आंदोलनकारियों को सम्बोधित करते हुए चापा उरांव ने कहा कि स्थानीय मुखिया यह जानती हैं कि जनता की भावना भारत माला परियोजना के खिलाफ है और लोग इसके खिलाफ लम्बे समय से संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन मुखिया निजी स्वार्थ से अभिभूत होकर एनएचएआई और सड़क निर्माण कम्पनी के पक्ष में खडी नजर आ रही हैं। इसके पहले काटासारू बगीचा से जूलूस की शक्ल में लोग मुखिया आवास पहुंचे। जूलूस में शामिल लोग घटगांव मुखिया होश में आओ, परियोजना में मुखिया की दलाली नहीं चलेगी जैसे नारे लगाये गये। इस मौके पर सुरेश प्रसाद यादव, बहुरन उरांव, कांछा उरांव, दीपू उरांव, लोथे उरांव, नवल उरांव, बींझू उरांव, गुंजरी लकड़ा,मरियम टोप्पो, संजय उरांव, सुभाष चन्द्र उरांव, फुलमनी उरांव, मधू उरांव, प्रियंका उरांव, मंगरी उरांव, यमुना उरांव, बेंदो उरांव, पुटली उरांव,कुवांरी उरांव, जीदिया उरांव, फुलकिरिया टोप्पो, बिरसो देवी,झरियो उरांव, एतवारी उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम राजीव गांधी को किया नमन



गुमला। जिला कांग्रेस कमिटी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि स्थानीय परिसदन भवन में मनायी। मौके पर जिला महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि स्व राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 ई एवं मृत्यु 21 मई 1991 को हुई थी। जिन्होंने 1984 से 1989 तक प्रधानमंत्री के रूप में काम किया। उन्होंने मात्र 40 वर्ष की आयु में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री का पदभार संभाला। मिमनहाज खान ने कहा कि आज सांप्रदायिकता देश में नए सिरे से जड़े जमा रही है। यह रेखांकित करना बहुत आवश्यक है कि सांप्रदायिकता के खिलाफ राजीव गांधी की दृष्टि और दिशा दोनों बहुत स्पष्ट थी। इस अवसर पर जिला महासचिव फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, मीरा हामिद, मिनहाज खान, जयंती टोप्पो, अमन टोप्पो आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

### पूर्व शिक्षक के निधन पर शोक व्यक्त

गुमला। पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने अधिवक्ता सह गुरू रामनिवास प्रसाद के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन पर चलते हुए गुमला के अनेक बच्चे बुलंदी पर पहुंचे हैं। ज्ञात हो कि स्व प्रसाद गुमला के एस एस हाई स्कूल में शिक्षक की भूमिका भी निङ्गाई थी। पूर्व सांसद ने कहा कि एक गुरू, एक अभिभावक की कमी हमेशा खलेगी।

## सांसद भगत ने आठ प्रखंडों में अपना प्रतिनिधि किया नियुक्त

**खबर मंत्र संवाददाता**


नव नियुक्त प्रतिनिधियों के साथ सांसद सुखदेव भगत।

**लोहरदगा।** लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत लोहरदगा जिला के 6 प्रखंड एवं नगर परिषद तथा मांडर विधानसभा क्षेत्र के दो प्रखंड बेड़ो एवं चान्हो प्रखंड में अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू ने दिया। साहू ने बताया कि इस संबंध में सांसद ने बीडीओ, सीओ, प्रशासक नगर परिषद को पत्र भेजा है जिसमें सांसद ने कुडू प्रखंड से लाल विकास नाथ शाहदेव, कैरो प्रखंड से समीद अंसारी, भंडरा प्रखंड से विजय चौहान, किसको प्रखंड से दयानंद उरांव, सेन्हा प्रखंड से नंदू शुक्ला, लोहरदगा प्रखंड से मनोज सोन तिर्की, भंडरा प्रखंड के तीन पंचायत (बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र) से राधेश्याम साहू, लोहरदगा नगर परिषद से अनवर अंसारी, बेड़ो प्रखंड से जोगेश उरांव, चान्हो प्रखंड से मोहम्मद ग्यास को प्रतिनिधि नियुक्त किये है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। प्रतिनिधि सरकारी योजनाओं की समुचित निगरानी और कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड, नगर व सरकार द्वारा प्रायोजित सभी बैठकों, सभाओं व सम्मेलनों में सहभागिता व प्रतिनिधित्व करेंगे। विकास योजनाओं के कार्यान्वयन एवं मूल्यांकन के लिए प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। मौके पर सांसद भगत एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ ने सभी प्रतिनिधियों को बधाई दी। सांसद ने अपने प्रतिनिधियों को अपनी दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

## गुमला : विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला के डुमरी एवं गुमला प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में बुधवार को विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। पिरामल फाउंडेशन द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड स्तर के शिक्षा विभाग तथा संबंधित ग्राम पंचायतों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, टीमवर्क, स्वास्थ्य जागरूकता और जीवन कौशल का विकास करना रहा। डुमरी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरी में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया नीलमणि मिंज, पिरामल फाउंडेशन से खेमचंद एवं शुभम भारती की उपस्थिति रही। विद्यालय के शिक्षकों और लगभग 160 छात्रों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। बाल गीत, चेतना गीत, चित्रांकन प्रतियोगिता एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति आकर्षित किया गया एवं उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं गुमला प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय असनी में आयोजित समर कैंप में पंचायत की मुखिया गौरी उरांव, विद्यालय के शिक्षक एवं स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बच्चों ने बैलून गेम, दौड़, समूह चर्चा व शब्द खेल जैसी गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनमें सहयोग, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति क्षमता का विकास हुआ। मुखिया गौरी उरांव ने स्वयं भी खेलों में ङ्गाग लेकर बच्चों को प्रेरित किया। समर कैंप पिरामल फाउंडेशन, जिला एवं प्रखंड शिक्षा विभाग तथा पंचायत प्रतिनिधियों के समन्वित प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## गैस रिसाव के बाद आग लगने से दंपति की मौत, मुआवजा के लिये किया सड़क जाम

एसडीपीओ व अंचलाधिकारी पहुंचे जामस्थल, जामकर्ताओं से की बातचीत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गैस रिसाव के बाद आग लगने से दुन्दरिया निवासी दंपति रंथू उरांव व उसकर पत्नी गौरी उराईन की झुलने से हुई मौत के बाद बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों व परिजनों ने लोहरदगा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ गुमला-लोहरदगा मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया। ग्रामीण मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा देने की जिला प्रशासन से मांग कर रहे थे। इधर सड़क जाम की सूचना पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव व अंचलाधिकारी हरीश कुमार जाम स्थल पहुंचे। जहां ग्रामीणों को जाम हटाने हेतु बातचीत की। इस दौरान अंचलाधिकारी ने कहा कि आग से जलकर मरने पर सरकार की ओर से मुआवजा का प्रावधान नहीं है। वे दाह संस्कार हेतु सहयोग कर सकते हैं। वहीं जाम की सूचना पर इंडेन गैस एजेंसी का संचालक भी वहां पहुंचा और अपने स्तर से हर संभव मदद का अश्वासन दिया।

जाम कर्ताओं को दोनों ही अधिकारियों ने जाम हटाने की अपील भी की। इधर जाम के कारण सड़क के दोनों छोरों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आवागमन लगभग ठप पड़ गया। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## डुमरी को आदर्श आकांक्षी प्रखंड बनाने हेतु सभी विभाग योजनाबद्ध करें कार्य : डीसी

विकास कार्यों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को आकांक्षी जिला गुमला एवं आकांक्षी प्रखंड डुमरी के अंतर्गत संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीपी व एबीपी अंतर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न संकेतकों के आधार पर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर डीसी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। डीसी ने शिक्षा विङ्गाग की समीक्षा करते हुए विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं जैसे शौचालय, पेयजल, जलमीनार, एवं बिजली आपूर्ति की स्थिति सुधारने हेतु ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाओं की दुरुस्त रखी जाए। फाउंडेशन लर्निंग को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने शिक्षकों को नवाचारी शिक्षण पद्धतियों को अपनाने और बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार लाने हेतु सशक्त प्रयास करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में डीसी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर जोर दिया। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए डीसी ने किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, कृषि यंत्रों की उपलब्धता, केसीसी के व्यापक प्रचार-प्रसार, गुणवत्तापूर्ण बीज एवं खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। इसके साथ ही डीसी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यों की अद्यतन जानकारी एमआईएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। उन्होंने पोर्टल पर डाटा की गुणवत्ता में सुधार एवं नियमित निगरानी पर विशेष ध्यान देने की बात कही ताकि नीति आयोग को समय पर सटीक सूचना उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में डीसी ने कहा कि डुमरी प्रखंड को एक आदर्श आकांक्षी प्रखंड बनाने की दिशा में सभी विभागों को योजनाबद्ध एवं समन्वित रूप से कार्य करना होगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक विभाग को अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए तत्पर रहना होगा। उन्होंने विभागों को जनता के प्रति उत्तरदायी रहते हुए कार्यों को धरातल पर उतारने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### जारी प्रखंड के करमटोली गांव में घर को हाथी ने किया क्षतिग्रस्त



**जारी।** जारी प्रखंड में लगातार हाथी के हमले से लोगों में डर बना हुआ है। हाथी के भय से ग्रामीण रातजग्गा कर रहे हैं। मंगलवार की रात्रि करीब 2:30 बजे एक जंगली हाथी गांव में घुस गया और माइकल टोप्पो के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीण एकत्रित हुए और काफी मशक्कत के बाद हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। माइकल गरीब किसान है और किसी तरह खेती बाड़ी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। एक दिन पूर्व जंगली हाथी ने तिलहाई टोली गांव में स्कूल के खिड़की को तोड़कर चावल को चट कर दिया था। लगातार हाथी के हमले से ग्रामीणों में ड्डाय बना हुआ है, किसान माइकल ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

## बसिया : बालू लदे तीन हाईवा और एक जेसीबी जब्त

यहां से बालू तस्कर बालू के अवैध खनन कर राज्य की राजधानी रांची भेजा जाता है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिले में प्रतिदिन सैकड़ो ट्रक बालू की चोरी कर रांची जैसे बड़े शहरों में ले जाकर ऊंचे दामों में बेचा जा रहा है। ये सारे कार्य देर रात अंधेरे में होता है जब प्रशासन सोया रहता है। लगातार बालू की चोरी होने से जहां सरकार को करोड़ों रुपए की सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। वही नदियों से बेलगाम उत्खनन होने के कारण नदियों का अस्तित्व भी खतरे में पढ़ चुका है। यही नहीं भारी वाहनों के चलने से ग्रामीण सड़कों की स्थिति ऐसी हो गई है जहां दो पहिया वाहन और पैदल चलने वालों को भी चलना मुश्किल हो रहा है। ताजा मामला गुमला जिला अंतर्गत बसिया प्रशासन के द्वारा बालू तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन बालू लदे हाइवा एवं एक जेसीबी को जब्त किया गया। बताते चले कि मंगलवार रात्रि करीब 1:00 बजे बसिया प्रखंड के अंचलाधिकारी नरेश कुमार मुंडा के नेतृत्व में बसिया के निनई गांव के समीप कोयल नदी से बालू तस्करी करते हुए तीन हाईवा और एक जेसीबी को जब्त किया गया। मालूम हो कि यहां से बालू तस्कर बालू के अवैध खनन कर राज्य की राजधानी रांची भेजा जाता है। धड्डुले से यह काम रात के अंधेरे का फायदा उठाकर हो रहा था। जिसकी गुप्त सूचना के आधार पर बसिया अंचल अधिकारी नरेश कुमार मुंडा के नेतृत्व में बसिया थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति सशस्त्र बल के साथ मंगलवार रात्रि करीब 1:00 बजे छापामारी अभियान चलाकर तीन हाईवा और एक जेसीबी को जब्त किया और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### निशीथ जायसवाल के पहल से गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को मिला सरकारी मदद



लोहरदगा। शहर के बंगला रोड निवासी नसीम अंसारी, पिता स्वर्गीय जैनुल अंसारी काफी दिनों से गंभीर बीमारी हार्ट ब्लॉकेज से पीड़ित थे जो नारायणा रवीन्द्रनाथ टैगोर अस्पताल कोलकाता में इलाजरत थे। जिन्हें आर्थिक अभाव के कारण इलाज में काफी समस्या हो रही थी एवं उनके परिजनों ने विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के कार्यालय पहुंच आवेदन देकर सहायता की अपील की थी। जिसपर त्वरित करवाई करते हुए विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल ने सिविल सर्जन से तत्काल बात कर आपात बैठक कर सारी प्रकिया पूरी कर मुख्यमंत्री झारखंड राज्य बीमारी सहायता निधि से 500000 (पांच लाख) रुपये का आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया। जिससे उनका इलाज विधिवत किया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि विधायक डॉ रामेश्वर उरांव हमेशा से जरूरतमंदों के लिए खड़े हैं और आगे भी लोहरदगा की जनता का हरेक कार्य कर हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे।

### नौ दिवसीय विश्व कल्यानार्थ रुद्रमाहायज्ञ के छठे दिन विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



कैरो। प्रखंड के उतका में आयोजित नौ दिवसीय विश्व कल्यानार्थ रुद्रमाहायज्ञ के छठे दिन बुधवार को सुबह में यजमानों का विधिवत पूजा अर्चना के साथ परिक्रमा किया गया। जिसके बाद दोपहर बाद अलग अलग विश्वतजनो द्वारा प्रवचन कार्यक्रम रात 10 बजे तक अलग अलग विषयों में प्रवचन के माध्यम से भगवान श्रीराम, कृष्णा एवं भगवान भोलेनाथ की जीवन पर जानकारी देते हुए मानव जीवन को सफल बनाने को लेकर प्रवचन दिया गया। रात 10 बजे के पश्चात वृंदावन से आये कृष्णभक्तों द्वारा रासलीला के माध्यम से भगवान कृष्ण की लीला प्रस्तुत किया गया। जहां भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। साथ ही यगकर्ता संत भगवतानंद, आचार्य कौशलकांत त्रिपाठी एवं अन्य आचार्यो एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के पुरोहितों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के लिए लाए गए लक्ष्मीनारायण एवं नन्दी बाबा के प्रतिमा को पुस्पाधिवास कराया गया। जिसके तहत प्रतिमा को अन्न से ढंका गया जिन्हें आज पुन: पुष्पधीवास कराया जाएगा व गुरुवार को नगर भ्रमण कार्यक्रम के तहत घर घर प्रतिमा दर्शन करवाया जायेगा एवं मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन भी किया जाएगा। यज्ञ में कैरो, उतका, नरौली, टाटी, खरता, हनहट, नगजुवा सहित, कुडू, लोहरदगा, भंडरा सहित अलग अलग जिले व प्रखंडो के भक्तों का आगमन होता रहा। कार्यक्रम में सरना सनातन धर्म के प्रवचनकर्ता द्वारा मानव जाति को विश्व कल्यानार्थ एक से बढ़कर एक जानकारी दिया गया। यज्ञ को सफल बनाने के लिए यजमान के रूप में अध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह, राजू सोनी, छोटे सोनी, रौशन तिवारी अपने अपने धर्मपत्नी सहित पूजा में शामिल हैं वहीं यज्ञकर्ता अयोध्या के संत श्री भागवतानंद महाराज, जी आचार्य कौशलकांत त्रिपाठी, निरजकांत त्रिपाठी, सूर्यकांत त्रिपाठी, उपाचार्य मनीष तिवारी, प्रवचनकर्ता मंदाकिनी देवी, रमेश उरांव सहित विध्वतजनों द्वारा अयोजित किया जा रहा है। सभी यजमानों को संध्या आरती के बाद परिक्रमा करवाया गया। यज्ञ को सफल बनाने में उतका, कैरो के अलावे अगल बगल गांव व क्षेत्रवासी अहम योगदान दे रहे है।

## सभी बैंक जल्द लक्ष्य पूरा करे : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में डीएलसीसी/डीएलआरसी एवं सीडी रेश्यो सब-कमिटी की बैठक आज समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में माह दिसंबर व माह मार्च तक एसीपी अचीवमेंट की समीक्षा की गई जिसमें उपलब्धि 74.76 प्रतिशत पाया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा बैंकों की आउटरीच बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सीडी रेश्यो बढ़ाने के लिए सभी बैंकों को अपनी योजनाओं की रूपरेखा तैयार कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। फसल केसीसी और पशुपालन एवं मत्स्य पालन ऋण में उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैंकवार स्वयंसहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज दिये जाने की समीक्षा की गई। गवर्नमेंट स्पॉन्सर्ड स्कीम मुद्रा ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएमएफएमई , पीएम-स्वनिधि योजनाओं की समीक्षा की गई और सभी बैंकों को दो सप्ताह के अंदर लक्ष्य हासिल करने का निदेश दिया गया। आरसेटी निदेशक को युवक-युवतियों को प्रशिक्षण उपरांत क्रेडिट उपलब्ध कराने और आय सृजन कराने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, उद्योग प्रबंधक रघुवर सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक, सभी बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

## महाघरना को सफल करने में जुट जायें नेता व कार्यकर्ता : मोजम्मिल अहमद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** सरना धर्म कोड को लागू करने की मांग को लेकर 27 मई को महाधरना एवं संगठन मजबूती कार्यक्रम को लेकर झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में जिला समिति की बैठक की गई। बैठक में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, छात्र मोर्चा का गठन भी किया, जिसमें जीतने भी नाम आए सभी को केंद्रीय कार्यालय भेजा गया। मौके पर मोजम्मिल अहमद ने कहा कि झामुमो ने सरना धर्म कोड/आदिवासी धर्म कोड को लेकर आंदोलन का फैसला लिया है। जाति जनगणना के दौरान आदिवासियों के लिए अलग से कॉलम की मांग को दोहराते हुए जेएमएम ने 27 मई को धरना देने का निर्देश दिया है। जब तक सरना/कोड नहीं, तब तक जनगणना नहीं के नारे के साथ जेएमएम 27 मई को जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि धरना में झामुमो के सभी पदाधिकारी एवं नेताओं को तो रहना अनिवार्य है ही, पंचायत से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को भी रहना अनिवार्य है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर चैनपुर में भाजपाइयों ने निकाला तिरंगा यात्रा

### भारतीय सेना के शौर्य का किया अभिनंदन

तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के जोशीले नारे लगाए गए

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बाईक तिरंगा यात्रा निकाले भाजपा नेता।

**चैनपुर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर की सफल कार्रवाई पर चैनपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक के नेतृत्व में प्रेमनगर से शुरू हुई, जो बस स्टैंड मेन रोड होते हुए लोंग बस स्टैंड तक गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारी वीर सेना के सम्मान में निकाली गई है। आतंकवाद के खिलाफ सेना द्वारा की गई यह कार्रवाई हम सभी देशवासियों के लिए गौरव का विषय है। यात्रा में शामिल वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर बड़ाईक ने भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का जिस दृढ़ता से हमारी सेना ने जवाब दिया है, वह उनके अदम्य साहस और शौर्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवाद और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। यह तिरंगा यात्रा न केवल भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने और उनका आभार व्यक्त करने के लिए निकाली गई है, बल्कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भी आभार व्यक्त करने का एक माध्यम है। उन्होंने चैनपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद भी दिया।

तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के जोशीले नारे लगाए गए। जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। इस यात्रा में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक, मनोहर बड़ाईक, अमित किशोर पांडे, राहुल कुमार, कौशल केशरी, शिवम केशरी, शशि भूषण सिंह, रुकमणि देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए।

## राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की रखी थी नींव : सुखैर

कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि मनाई

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तत्पश्चात उनकी स्मृति में एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि राजीव गांधी ने दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व के साथ आधुनिक भारत की नींव रखी आज हम सभी स्वर्गीय राजीव गांधी के देश के नवनिर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद कर रहे हैं। उन्होंने देश में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की शुरूआत कर भविष्य की दिशा तय की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी देश के युवाओं को राजनीतिक अधिकार देने के उद्देश्य से मतदान की आयु घटकर 18 वर्ष कर दी उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया दूर संचार और आईटी क्रांति का नेतृत्व किया। उन्होंने निरंतर शांति समझौते सुनिश्चित किये और समावेशी शिक्षा पर केन्द्रित नई शिक्षा नीति पर महत्वपूर्ण कदम उठाए। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे। जिन्होंने अपने नेतृत्व और आधुनिक सोच से देश को प्रगतिशील दृष्टि प्रदान कर नई दिशा दी उनके निर्णय ने भारत को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया उनके योगदान हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है और उनकी स्मृति हमारे दिलों में सदैव जीवित रहेगी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे, महासचिव सदरुल अंसारी, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता प्रदीप विश्वकर्मा, विशाल डुंगडुंग ,मुजम्मिल अंसारी, परवेज सिद्दीकी, संगीता उरांव, राजू कुरैशी, जुगल भगत, विनोद खैरवार, मुनीम अंसारी, रुस्तम अंसारी, संतोष महतो, तारीख अनवर, रफीक अंसारी, असलम अंसारी, बुधवा उरांव, रिजवान अंसारी, दानिश अली, रऊफ खान, कविश जायसवाल, रेहान अख्तर, मुजाहिर अंसारी, अरशद अयूब, जफर इमाम, मुर्शीद आलम, मुसनीफ खान, परवेज अंसारी, शौकत अंसारी समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।


स्पीड न्यूज

## भारी बारिश से घर हुआ क्षतिग्रस्त प्रशासन से मदद की गुहार


क्षतिग्रस्त घर।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के मटलोंग पंचायत अंतर्गत ग्राम माईल स्थित सेमराहट गांव में दिन बुधवार को अचानक से हुई तेज बारिश के कारण गांव निवासी मतु राम का घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं भुक्तभोगी के पुत्र आनंद राम ने बताया कि हम लोग खुद से घर बनाकर यहीं रहते हैं और इसी में मुर्गी पालन कर अपना आजीविका भी चलाते हैं, आज हुई तेज बारिश के कारण घर के दीवारें, छत की अल्वेस्टर समेत अन्य कई नुकसान हो गया है,जिसे बनवाने में हम सभी सक्षम नहीं हैं, हम लोग काफी गरीब परिवार से हैं और प्रतिदिन कामकाज कर अपना गुजारा करते हैं। वहीं पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाया है।

## पति-पत्नी के झगड़े में पत्नी की हत्या


आरोपी सिद्धू नागाशिया।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरसा पंचायत के ग्राम शिशाडीह निवासी सिद्धू नगेसिया ने अपनी पत्नी त्रिशीला नगेसिया की जलावन के लिए रखे लकड़ी से सिर पर वार कर हत्या कर दी। पूरी रात शव को घर में रखा। वही जब बच्चे सुबह अपने चाचा के घर से वापस घर लौटे तो अपनी मां का शव घर पर जमीन पर पड़ा देखा। जिसके बाद स्थानीय लोगों को हत्या की सूचना मिली। घटना की सूचना स्थानीय मुखिया के द्वारा महुआडांड़ थाना को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुअनि इंद्रदेव रजवार, पुअनि गगन प्रधान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। वहीं मृतिका के भाई के द्वारा हत्या का मामला दर्ज कराने के बाद हत्या के आरोपी सिद्धू नागाशिया को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेजा।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बारीखाप ग्राम के समीप बुधवार को अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार ने वृद्ध को टक्कर मार दिया। और खुद भी गिर कर घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लालदेव सिंह 75 वर्ष पिता शंभू सिंह ग्राम गाड़ी थाना बारियातु निवासी सड़क पार कर रहा था इसी दौरान सुधीर कुमार 18वर्ष पिता छठू गंझु, रोहित गंझु 18वर्ष पिता गुडन गंझु दोनो ग्राम बरनी थाना बारियातु निवासी ने टक्कर मार दिया। और दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद बारियातू पुलिस की मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लालदेव सिंह एवं रोहित गंझु को बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर किया गया।

## मूसलाधार बारिश से मिली राहत

**बालूमाथ।** बालूमाथ में बुधवार को दोपहर 1:00 से शाम तक जमकर मुसलाधार बारिश हुई। जिससे लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत की सांस ली। अचानक में बारिश से पूरे बाजार में सन्नटा छा गया। वही इस बारिश से ईट भट्ठा व्यवसाय को काफी नुकसान हुआ है। वही कृषि वैज्ञानिक महेश चंद्र जेराई ने बताया कि यह बारिश से किसानों को फायदा होगा। आने वाले दिनों में जो गरबा फसल करेंगे उसका जुताई कर ले । जिससे खेतों में घास फूस की कमी होगी। तथा खेती उर्वरक होगा। जो किसान टमाटर की खेती किए हुए हैं उसको भी फायदा होगा।

## चंदवा: गायत्री शक्तिपीठ का 27 वां वार्षिकोत्सव मना

**चंदवा।** चंदवा में गायत्री शक्तिपीठ का 27 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव को लेकर विशेष पूजा के साथ पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में आहूति डालकर लोगों ने माता गायत्री का आशीष मांगा। मौके पर मौजूद ट्रस्ट के देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना का मूल उद्देश्य व्यक्ति में दिव्य गुणों से संपन्न शब्द और समुन्नत समाज का निर्माण करना है। परिवारजन ने शक्ति पीठ में उपस्थित श्रद्धालुओं को सामूहिक अखंड जाप कराया। स्थानीय मंडली द्वारा संगीत व भजन का आयोजन किया गया। प्रवचन और दीप यज्ञ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर गायत्री परिवार से जुडे कई लोग समेत श्रद्धालु मौजूद थे।

### चंदवा: चटूआग डैम में नहाने गए चार किशोर डूबे, 3 को ग्रामीणों ने बचाया, एक की मौत

# इकलौते पुत्र शिवम की मौत से परिजन पर टूटा दु:खों का पहाड़

➡ गर्मी की छुटी के बाद मित्रों के साथ डैम में नहाने गए था मृतक शिवम कुमार

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के कामता पंचायत अंतर्गत चटूआग डैम में नहाने गए 4 किशोरों में एक की डूब कर मौत हो गई, जबकि 3 बच्चों को ग्रामीणों ने सकुशल बचा लिया। मृतक की पहचान चंदवा के सरोज नगर निवासी सुनील कुमार के पुत्र शिवम कुमार (15 वर्ष) के रूप में हुई। पूरी घटना बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे की बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक शिवम कुमार अपने तीन दोस्तो से साइकल से चटूआग डैम नहाने के लिए गया था। डैम के उत्तरी छोर पर नहाने के क्रम में शिवम डूबने लगा, जिसे साथ गए तीनों मित्रो ने बचाने का प्रयास किया लेकिन गहराई काफी होने के कारण वे भी डूबने लगे, बच्चों के चिल्लाने की आवाज के बाद आसपास मौजूद लोगों का ध्यान डूब रहे बच्चों की ओर गया, जिसके बाद ग्रामीण तैराकों ने तत्परता दिखाते हुए 3 बच्चों को सकुशल बचा लिया जबकि शिवम के काफी गहराई में चले जाने उसे ढूंढा नहीं जा सका। आधे घंटे बाद ग्रामीण गोताखोर जगेश्वर गंझु ने शिवम को निकाला बाहर, नहीं बच सकी जान इधर डैम में बच्चों के डूबने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई व डैम में डूबे किशोर शिवम के परिजन, बचाए गए बच्चों ने परिजन एवं ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इसी बीच ग्रामीण गोताखोरों जगेश्वर गंझु ने हिम्मत दिखाते हुए डैम में डूबे शिवम को बाहर निकाला, जिसके बाद परिजन उसे लेकर आनन फानन में चंदवा सीएचसी पहुंचे जहां सीएचसी प्रभारी नीलिमा कुमारी, डॉ. प्रकाश बड़ाइक एवं डॉ. मनोज कुमार की टीम ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।


जानकारी देते परिजन।


युवक को डैंम से निकालते हुए।

**घर का इकलौता चिराग था मृतक शिवम :** विदित हो कि शिवम के पिता सुनील कुमार झारखंड पुलिस के जवान हैं, मृतक शिवम उनका इकलौता चिराग था, जिसके असामयिक मौत के बाद परिवार में दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा है।

**बीडीओ, पुनि सह थाना प्रभारी एवं प्रखंड उप प्रमुख ने ली जानकारी**

इधर घटना की सूचना के बाद प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा डैम पहुंचे व पूरे घटना की जानकारी ली, जबकि बीडीओ चंदन कुमार व पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार चंदवा अस्पताल पहुंचकर बच्चे के परिजनों ने मिलकर घटना की जानकारी ली। आवश्यक करवाई के बाद शिवम के शव को पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया। शव के घर पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।

# जल जीवन मिशन योजना के तहत गनेशपुर पंचायत वासियों को नहीं मिल रहा है लाभ

खबर मंत्र संवाददाता

**सरयू।** सरकार एक तरफ जल जीवन मिशन योजना के तहत घर घर पनी मुहैया कराने को लेकर लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। वहीं दूसरी तरफ संवेदक के द्वारा इस योजना को लीपापोती करने का कार्य कर किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

**क्या है मामला**

नवनिर्मित सरयू प्रखंड के अंतर्गत गणेशपुर पंचायत के पुराना बाजार टांड़ गनेशपुर में 20 से 25 घरों के बीच 5 माह पहले जल जीवन मिशन योजना के तहत 5 हजार लीटर का सोलर जल मीनार टंकी लगाया दिया गया है जिसे ग्रामीणों में काफी हर्ष थी ताकि सरकार हर घर पानी मुहैया करा रही है। लेकिन संवेदक की मनमानी के कारण पुराना बाजार टांड़ गनेशपुर गांव में 20 से 25 घरों के बीच केवल 4 से 5 घरों में नल का कनेक्शन दिया है उसके बाबजूद भी नल में पानी नहीं आया है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**


सोलर जल मीनार टंकी को दिखाते, ग्रामीण।

स्थानीय ग्रामीण विनोद उरांव, केशवर उरांव, हरिलाल उरांव, मधेश्वर उरांव, मनोज उरांव, राजू उरांव, राई टोपनो, समेत के अन्य ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गनेशपुर पंचायत में विगत 2 सालों से जल जीवन मिशन योजना का कार्य किया जा रहा है जोकि आज तक इस कार्य को पुर्ण नहीं किया गया है। गनेशपुर पंचायत के कुकू, मनातु, काशी टांड़, तेंदुआ टांड़, सैलारी टांड़, नावां टोली, अम्वाटीकर गांव समेत आसपास के गांव में केवल सोलर जल मीनार टंकी लगा कर कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। ना ही तो घरों में नल का कनेक्शन किया है ना ही पीने का पानी मील रहीं है। ग्रामीणों ने यहां भी बताया कि गणेशपुर पंचायत के कई गांव में नियमित के मुताबिक बोरिंग भी नहीं किया गया है, केवल सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को बंदर बांट करने का काम किया जा रहा हैं, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।

**इस मामले में क्या कहते हैं मुखिया**

गणेशपुर पंचायत के मुखिया राजेश सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत गनेशपुर पंचायत क्षेत्र में 2 वर्षों से काम चल रही है उसके बाद भी सुदूरवर्ती इलाकों में ग्रामीणों को सुचारू रूप से पेयजल का लाभ नहीं मिल रहा है, भीषण गर्मी में चापानल भी दम तोड रही है जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी हो रही है, संवेदक को कहने के बाबजूद भी कोई पहल नहीं किया जा रहा है। श्री सिंह ने सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को पानी कि समस्याएं को देखते हुए जिले के पेयजल आपूर्ति विभाग से जल जीवन मिशन योजना के कार्य को जल्द से जल्द पुर्ण करवाने कि मांग किया है ताकि तपिश के दिनों में प्यासें को शुद्ध पानी मिल सकें।

## क्रशर व ईंट भट्ठे में हुए फायरिंग मामले में एक और उग्रवादी गिरफ्तार

**चंदवा।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर चंदवा थाना कांड संख्या 106/25 के अभियुक्त अनुज गंझु पिता स्व. शर्मा गंझु को माल्हन पंचायत अंतर्गत केकराही गांव स्थित घर से गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई के बाद लातेहार मंडल कारा भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बीते 4 अप्रैल को थाना क्षेत्र अंतर्गत हड़गड़वा स्थित संतोष कंस्ट्रक्शन के क्रशर में गोली बारी एवं फिरोज अहमद के ईंट भट्ठे में मुंशी को गोली मार कर घायल किए जाने की घटना में अनुज की संलिप्तता थी, अनुज के विरुद्ध आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज था। मामले में कांड के मुख्य अभियुक्त संतोष उरांव उर्फ सूर्या कुजूर उर्फ तूफान जी समेत 3 उग्रवादियों को पुलिस के द्वारा बीते 15 मई को ही जेल भेजा गया है। जबकि उक्त कांड मे संलिप्त अन्य उग्रवादियों की धर पकड़ के छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## शादी समारोह में जा रही अनियंत्रित वाहन पेड़ से टकराई, एक की मौत, चार घायल रिम्स रेफर


घायल युवक को ईलाज करते हुए।


**चंदवा।** चंदवा-चांपी लोहरदगा मार्ग अंतर्गत थाना क्षेत्र के दुर्घटना संभावित क्षेत्र लुकुईया के डेढ़ टंगवा घाटी में बुधवार की दोपहर बाद शादी समारोह में जा रही अनियंत्रित सवारी वाहन पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में वाहन पर सवार दर्जनों लोग घायल हो गये, जिसमें एक की मौत हो गई। घटना के बाद प्रशासन एवं स्थानीय लोगों द्वारा कुछ घायलों में चंदवा सीएचसी जबकि कुछ को इलाज के लिए लोहरदगा भेजा गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार को चुरुवे, सेरेंदाग लोहरदगा से सवारी वाहन पर सवार लोग शादी समारोह में बारियातु प्रखंड के नचना टोली जा रहे थे। इसी दौरान सवारी वाहन डेढ़टंगवा घाटी में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में उक्त वाहन में सवार दर्जनों लोग घायल हो गये। घायलों को 108 एम्बुलेंस कि मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। इलाज के क्रम में राम केश्वर उरांव (45) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसके सिर पर गंभीर चोट आई थी वहीं गंभीर रूप से घायल सुखराम लोहरा, जीतू, शाहदेव महतो व बुधन देवी को बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर किया गया।

## वज्रपात से 28 पशुओं की मौत



**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुनबांध पंचायत स्थित ब्यांग गांव में दिन बुधवार को वज्रपात की चपेट में आने से 28 पशुओं की दर्दनाक मौत हो गई है। बता दें की दिन बुधवार को लगभग 1:00 बजे दोपहर में मौसम ने अचानक करवट बदल लिया और तेज बारिश के साथ जगह-जगह पर काफी वज्रपात हुई,इस दौरान ब्यांग गांव के जंगल के आसपास घांस चर रहे 28 पशुओं ने बारिश से बचाव के लिए एक पेड़ के पास शरण लिया हुआ था,इसी क्रम में अचानक से पेड़ पर वज्रपात हो गया जिससे कि सभी पशु वज्रपात के चपेट में आ गए और उनकी दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत पशुओं में गांव के ही ग्रामीण मनोज यादव के तीन पशु,गुठली यादव-दो,गंगेश्वर यादव-तीन,देवन यादव-दो,छठन यादव-दो,कमलेश यादव-दो,राजू यादव-एक,दिनेश्वर यादव-एक और दामोदर यादव के 12 पशु शामिल हैं। वहीं इस घटना से पशु मालिकों को काफी बड़ा नुकसान हुआ है,उक्त सभी पशु मालिकों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाया है।

## पीएचडी विभाग के लगाये गये जलमीनार खराब


जलमीनार को दिखाते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा रामदेव मोड़ के समीप पीएचडी विभाग से लगे जलमिनार पिछले एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है। जिससे पेयजल ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति बाधित है। ग्रामीणों की पेयजल सुविधा के लिए लाखो रुपए की लागत से टंकी बनाया गया। कुछ दिनों तक सुविधा भी मिला। चार दिन की चांदनी फिर वही अँधेरी रात का चरितार्थ कर रहा है जलमीनार ग्रामीण को परेशानी नहीं हो पेयजल सुविधा मिले सरकारी घोषणाओं को वास्तविक जीवन से जोड़ कर देखने लगे थे। कि चलो कुछ हो या ना हो सरकार ने पेयजल की समस्या से तो निजात दिलाएगा लेकिन पेयजल की समस्या से निजात नहीं मिला। यहां के लोगो के सपना चकनाचूर हो गया। ग्रामीण शशि लोहरा, सुरेन्द्र लोहरा,पिंटू लोहरा, देवा लोहरा, डब्लू लोहरा, कुलदीप लोहरा, लीलू लोहरा, सुजीत लोहरा, राजमनि देवी, गेंदिया देवी, रिंकी देवी, दौलतिया देवी, लालमुनी देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बातया की पीएचडी विभाग से बने यह जलमिनार पिछले एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है. जिसको लेकर हमलोग कई बार पंचायत सचिवालय में आवेदन जमा किए। साथ में प्रखण्ड कार्यालय बारियातू में विधायक के द्वारा लगाए गए जानता दरबार में भी विधायक को आवेदन के माध्यम से अवगत करवाए। लेकिन अभी तक किसी प्रकार से समाधान नहीं हो पाया है। हमलोग यहाँ पर लगभग 40 घर घरों मे लोग निवास करते है। जलमिनार खराब रहने से हमलोगो को पेयजल के साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। तपती हुई गर्मी मे दूसरे टोले से बाल्टी से पानी भरकर लाकर कार्य करना पड़ रहा हैं। आगे ग्रामीणों ने कहा की बंद पड़े जलमीनार को लेकर विभाग और संवेदक मौन साधे हुए है। ग्रामीणों ने जिला के उपायुक्त से खराब जलमिनार को दुरुस्त करवा कर पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की हैं।

## बाजार की नालियों पर फूटा व्यवसायियों का आक्रोश, बीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन



**बरवाडीह।** बाजार की जर्जर नालियों और नियमित सफाई के अभाव में व्याप्त गंदगी को लेकर सोमवार को व्यवसायिक संघ ने प्रखण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष दीपक राज ने बाजार की बिगड़ती स्वच्छता व्यवस्था पर चिंता जताते हुए आकस्मिक मद से तत्काल सफाई अभियान चलाने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बीडीओ को बताया कि मुख्य बाजार की नालियां वर्षों से अवरुद्ध हैं, जिससे बारिश के दिनों में जलजमाव और बदबू की स्थिति बन जाती है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार इससे न केवल उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, बल्कि संक्रमण फैलने का भी खतरा है। संघ अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि सरकार द्वारा विकास मद का 10 प्रतिशत हिस्सा आकस्मिक आवश्यकताओं के लिए निर्धारित है। यदि इसका उपयोग स्थानीय समस्याओं के समाधान में नहीं हो रहा है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग की है कि बाजार की नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए और भविष्य में नियमित निगरानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो। बीडीओ ने ज्ञापन प्राप्त कर कार्रवाइ का भरोसा दिया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान व्यवसाई सूरज कुमार, हसीब अंसारी, विकास कुमार आदि कई दुकानदार मौजूद थे।

## तूफान में उजड़ी गरीब परिवार का आसियाना


क्षतिग्रस्त घर को दिखाते पीड़ित परिवार।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के चोरहा पंचायत अंतर्गत कजरघटवा गांव में मंगलवार के साढ़े चार बजे तेज हवा तूफान के दौरान कविन्दर उरांव का कच्चा मकान में लगाया गया चदरा का सीट उजड़ कर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि शाम के समय अचानक तेज हवा तूफान आया और घर में लगाया गया सीट उजड़ गई जिससे हमलोंग बाल बाल बच गए। उन्होंने बताया कि एक साल पहले कच्चा मकान को बनाए थे ताकि घर परिवार का गुजर-बसर हो सकें लेकिन तेज हवा तूफान ने इसे भी उजड़ दिया जिससे हमलोगों को भारी क्षति हो गया। वही चोरहा पंचायत के मुखिया अंकिता देवी ने घटना की सुचना पा कर पीड़ित परिवार के घर पहुंची और परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुए जल्द से जल्द प्रखंड प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने की आश्वासन दी है।

## आत्महत्या से टूटे परिवार को डालसा ने दिया सहारा

**गढ़वा।** आत्महत्या जैसे दर्दनाक हादसे के बाद बेसहारा हुए परिवार की मदद के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार और स्थानीय समाजसेवियों ने एक सराहनीय पहल की है। रंका अनुमंडल के रंका कला ग्राम पंचायत स्थित वार्ड संख्या 06 निवासी मनोज प्रसाद द्वारा गत 10 मई को सल्फास खाकर आत्महत्या किए जाने के बाद उनकी पत्नी और दो नाबालिग बेटियों के भविष्य को लेकर चिंता जताई जा रही थी। इस संकट की घड़ी में डीएलएसए से जुड़े पीएलवी राजेश कुमार चौधरी, पीएलवी अमरेन्द्र कुमार और समाजसेवी आलोक कुमार ने बुधवार को मृतक के घर जाकर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही 20 किलो आटा, 25 किलो चावल और 5 किलो तेल प्रदान कर ब्रह्मभोज की व्यवस्था में आर्थिक सहायता दी गई। पीएलवी राजेश चौधरी ने परिजनों को आश्वस्त किया कि परिवार को डीएलएसए की योजनाओं के तहत कानूनी संरक्षण एवं सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएलवी कृष्णानंद दुबे के सहयोग से परिवार को आवश्यक कागजी प्रक्रिया में मदद दी जाएगी, ताकि दोनों अनाथ बच्चियों को सुरक्षित भविष्य मिल सके। मौके पर पंकज गुप्ता, किशोर सौडिक, विकास पाल, दीपक सोनी, सुजीत अग्रवाल समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## झपही और गोगेया गांव के बीच रंजिश में हुई मारपीट

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत अंतर्गत झपही और गोगेया गांव के बीच पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार को दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट की घटना सामने आई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पहली प्राथमिकी गोगेया निवासी आमिर खान (पुत्र मोनाजीर सुहैल खान) द्वारा दर्ज कराई गई है, जिसमें झपही के याकूब अहमद, इशहाक अहमद, दाउद अहमद, हैदर खान, जाकिर खान और शेख अजहर पर लाठी-डंडा और पिस्टल से हमला करने का आरोप लगाया गया है। यह मामला केस संख्या 66/25 के तहत दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरी प्राथमिकी झपही निवासी याकूब अहमद (पुत्र शेख फारूक अली) द्वारा दर्ज की गई है, जिसमें गोगेया के आमिर खान, तबरेज उर्फ पिंटू, जियाउल हक, अख्तर खान, पप्पू खान और कैफ खान पर मारपीट का आरोप है। यह मामला केस संख्या 65/25 के तहत दर्ज किया गया है। थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जेएससीए चुनाव में राघवेंद्र सिंह की ऐतिहासिक जीत



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव में राघवेंद्र नारायण सिंह ने जिला प्रतिनिधि पद पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह केवल एक व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि गढ़वा की खेल प्रतिभाओं और वर्षों की आकांक्षाओं की बड़ी सफलता मानी जा रही है। राघवेंद्र की इस जीत के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। झामुमो जिला कोषाध्यक्ष चंदन जयसवाल, पूर्व प्रमुख मनीष कमलापुरी, राजा सिंह, प्रियम सिंह ने मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और कहा कि इस जीत से गढ़वा के क्रिकेट प्रेमियों में नई उम्मीद जगी है। गढ़वा में प्रतिभा की कमी नहीं थी, लेकिन उचित प्रतिनिधित्व के अभाव में खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल पाता था। अब जब क्रिकेट प्रेमी और दूरदर्शी नेता को कमान मिली है, तो जिले में क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, नियमित टूनार्मेंट और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण व चयन के अवसर मिलने की संभावना काफी बढ़ गई है। राघवेंद्र नारायण सिंह ने अपनी जीत को गढ़वा की जनता और युवाओं को समर्पित करते हुए कहा कि वे पारदर्शिता और निष्ठा के साथ जिले के क्रिकेट को मजबूत बनाने का काम करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि गढ़वा के हर युवा को खेलने और आगे बढ़ने का पूरा अवसर मिलेगा।

## अवैध लिंग परीक्षण पर बड़ी कार्रवाई, लाडली सेवा सदन सील, संचालिका व पति गिरफ्तार

**रंका।** रंका प्रखंड के गोदरमाना गांव स्थित लाडली सेवा सदन पर बुधवार को प्रशासन ने अवैध लिंग परीक्षण व गर्भपात गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए संस्थान को सील कर दिया। जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड मशीन, गर्भपात की दवाएं, बेहोशी के इंजेक्शन व फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए। संचालिका तबस्सुम आरा और उनके पति शाहिद आलम को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उपायुक्त शेखर जमुआर को गुप्त सूचना मिली थी कि गोदरमाना स्थित यह क्लिनिक छत्तीसगढ़ व झारखंड से आने वाली महिलाओं का लिंग परीक्षण कर रही है। उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ रूद्र प्रताप के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई, जिसमें सीओ शिवपूजन तिवारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी व एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह शामिल थे। छापेमारी के दौरान एक महिला मरीज ने स्वीकार किया कि वह पहले भी यहां दो बार अल्ट्रासाउंड करवा चुकी है। तलाशी में एक नवजात शिशु और अल्ट्रासाउंड मशीन सहित कई मेडिकल उपकरण बरामद हुए। इसके अलावा फर्जी डॉक्टरों की मोहर, पर्चियां और प्रतिबंधित दवाएं भी जब्त की गईं। क्लिनिक से मिला नवजात शिशु (लड़का) गंभीर स्थिति में था, जिसे गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। संचालिका ने दावा किया कि बच्चा झाड़ियों में मिला, पर उसके माता-पिता की जानकारी नहीं दे सकी। उपायुक्त ने कहा कि गर्भ में लिंग परीक्षण और अवैध गर्भपात कानूनी अपराध है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और अन्य क्लीनिकों को भी चेतावनी दी गई है कि यदि ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मैट्रिक की छात्रा ने की आत्महत्या, ग्रामीणों ने जबरन शव जलाया, पुलिस ने जताई आपत्ति

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के टड़हे गांव में बुधवार की दोपहर एक 16 वर्षीय छात्रा चंचल कुमारी ने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चंचल इस वर्ष मुंद्रिका सिंह उच्च विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा दी थी और परिणाम की प्रतीक्षा कर रही थी। घटना के वक्त वह अपनी दो बहनों के साथ घर में अकेली थी, जबकि पिता सीताराम साव काम से बाहर और मां मायके में थीं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव को फंदे से उतारकर अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। चंचल का शव जब नदी किनारे जलाया जा रहा था, उसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक संजय सिंह मुंडा दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को जलाने से रोका। लेकिन ग्रामीणों ने समझाने के बावजूद जबरन चिता में आग लगा दी। इस संबंध में डीएसपी नीरज कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम के बिना मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सकता और जबरन शव जलाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## वज्रपात से पांच मासूम झुलसे, एक की हालत नाजुक

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में बुधवार दोपहर मौसम की करवट ने कहर बरपाया। बारिश के दौरान अचानक गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर पांच मासूम बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना उस वक्त हुई जब गांव के ही कुछ बच्चे पीपल के पेड़ के नीचे खेल रहे थे। तभी अचानक तेज गरज-चमक के साथ वज्रपात हुआ और सभी बच्चे इसकी चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने बच्चों को तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया। घायलों में सुमन कुमारी (7 वर्ष) पिता अंतू विश्वकर्मा, रूपा कुमारी (6 वर्ष) पिता सुनील विश्वकर्मा, रेणु कुमारी (10 वर्ष), रूबी कुमारी (12 वर्ष), आर्यन कुमार (8 वर्ष) पिता दिनेश मेहता शामिल हैं। डॉक्टरों के अनुसार, सभी को प्राथमिक इलाज दिया गया है, लेकिन रेणु कुमारी की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे विशेष निगरानी में रखा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को मुआवजा और उचित इलाज की मांग की है।

# लौहनगरी के वीर सपूत की बहादुरी पर सभी को गर्व : पूर्णिमा साहू

■ ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा रहे बागुनहातु निवासी बीएसएफ जवानों का विधायक पूर्णिमा साहू ने अभिनंदन कर जताया आभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बीएसएफ जवान धीरज राय और निकेश राय और परिवार के साथ विधायक पूर्णिमा साहू दास।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बागुनहातु रोड नंबर-5 निवासी बीएसएफ जवान धीरज कुमार राय और उनके छोटे भाई निकेश कुमार राय ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेकर पूरे देश के साथ जमशेदपुर का गौरव बढ़ाया है। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के पश्चात अपने घर आये बीएसएफ जवान धीरज कुमार राय एवं उनके छोटे भाई निकेश कुमार राय का जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने बुधवार को उनके आवास बागुनहातु पहुंचकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने धीरज राय और निकेश राय को अंगवस्त्र भेंटकर, तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया और आभार जताया। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने दोनों जवानों के माता-पिता और उनकी धर्मपत्नी को भी अंगवस्त्र और मिठाई खिलाकर कृतज्ञता व्यक्त की। वहीं, ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा रहे बीएसएफ जवान धीरज राय और निकेश राय ने सीमा पर बने हालातों और अभियान के अनुभव साझा किए। इस दौरान कई भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि पाक समर्थित आतंकवादियों ने देश की बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था, भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से उन कायर आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर बता दिया है कि हमारे देश की बहन- बेटियों के सिंदूर की कीमत क्या होती है। उन्होंने कहा कि हमारे वीर सैनिक हमारे देश की आन, बान और शान हैं। उनके साहस और पराक्रम को शब्दों में बयां करना संभव नही है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता सम्पूर्ण देशवासियों के लिए तो गर्व का विषय है ही, यह पल और भी विशेष है जब हमारे जमशेदपुर के वीर सपूत इस अभियान का हिस्सा बने हैं। वहीं, उनके माता-पिता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि ऐसे महान परिवार को नमन है जिनकी गोद में ऐसे वीर सपूत पले-बढ़े हैं। यह पूरे जमशेदपुर के के लिए प्रेरणा और गर्व की बात है।

## स्पीड न्यूज

### भोलू हत्याकांड : साक्ष्य के अभाव में तीनों बरी

**जमशेदपुर।** कदमा बाजार, जमशेदपुर में हुए भोलू कुम्हार हत्याकांड में आज जमशेदपुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश-4 आनंद मणि की अदालत ने आरोपी गैंगस्टर विक्की नंदी, साथी राहुल कुमार पंडित और प्रशांत कापड़ी उर्फ बिटटू को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। विक्की नंदी घटना के दिन से ही जेल में बंद है। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता गौरव पाठक विक्की नंदी की पैरवी कर रहे थे। और इस मामले में कुल सात लोगों की गवाही हुई थी। गत 23 मई 2024 को कदमा बाजार में भोलू कुम्हार की हत्या कर दी गयी थी। मामले में विक्की नंदी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। यद्यपि पुलिसिया जांच में कुछ अन्य लोगों के भी नाम सामने आये जिसके तहत आदित्यपुर से पहले राहुल को और उसके बाद प्रशांत कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चूंकि पुलिस मामले को अदालत में साबित नहीं कर पायी इसलिए अदालत ने आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

### एमवीएस क्रशर प्लांट में टैंकर चालक की मौत

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के घासीखाप स्थित एमवीएस क्रशर प्लांट पर करंट लगने से टैंकर चालक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक छतरपुर थाना क्षेत्र के दिनादाग गांव निवासी सीताराम यादव का पुत्र राजेंद्र यादव (35) है। यह घटना बुधवार की देर शाम की है। बताया जाता है कि राजेन्द्र यादव प्लांट का मीनी डीजल टैंकर चलाता था। वह प्लांट पर चल रहे डीजी जेनरेटर में डीजल डाल रहा था। इस दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए छतरपुर लाया जा रहा था। इस दौरान रास्ता में ही मौत हो गयी। पिपरा थाना के एसआई नकुल शर्मा ने घटना की पुष्टि की है।

### लायन गुरबीर अध्यक्ष और प्रियंका बनी सचिव

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब मेदिनीनगर ने अपने आगामी सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इस बार लायन गुरबीर सिंह को अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके साथ प्रियंका आनंद साहू सचिव तथा रोहित जैन कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे। लायन गुरबीर सिंह के बेलवाटीका स्थित आवास पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से 2025-26 सत्र के लिए लायन गुरबीर सिंह को अध्यक्ष के रूप में चुना गया था जिसे सेंट्रल कमेटी ने मुहर लगा दी है। बैठक की अध्यक्षता लायन अधिवक्ता लिली मिश्रा ने की संचालन सचिव नीलेश चंद्रा ने किया। अध्यक्ष गुरबीर सिंह का साथ देने के लिए सचिव पद की जिम्मेदारी प्रियंका आनंद साहू को दी गई है। टीम को मजबूती देने के लिए कोषाध्यक्ष पद पर रोहित जैन का चयन किया गया है। लायंस क्लब मेदिनीनगर के अध्यक्ष चुने जाने पर गुरुबीर सिंह ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान विशेष रूप से स्वास्थ्य शिक्षा के साथ एक प्रमुख उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण रहेगा। इसके लिए लायंस क्लब नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर नगर निगम क्षेत्र में हरियाली लाने का प्रयास करेगा। हमारा लक्ष्य एक स्वस्थ शिक्षित और हरित मेहदनी नगर बनाना है। मौके पर अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ, डॉ रवीश कुमार, डॉ अमित कुमार, प्रियंका आनंद साहू, आकांक्षा जायसवाल, वरुण जायसवाल, राघवेंद्र सिंह, फिरोज अंसारी, रोहित जैन, अनूप कुमार, मनोज सोनी, प्रदीप नारायण, अमुक प्रियदर्शी, रंजन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, ऋषिकेश दुबे, विकास सेठी, रोहित जैन, श्रीकांत कुमार एवं रणजीत मिश्रा उपस्थित थे।

### जल सहिया के साथ बीडीओ ने की बैठक

**हैदरनगर (पलामू)।** जिला जल स्वच्छता समिति पलामू के निर्देश पर सोमवार को हैदरनगर प्रखंड सभागार में जल सहियाओं की विशेष बैठक की हुई। बैठक में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि खराब पड़े खराब नलकूप, चापाकल व जलमीनार की विस्तृत सूची सौंपने का निर्देश जल सहित को दिया गया था।

# श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के 16 छात्रों का एसकेएचएम, पुणे में कैंपस प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए यह साल शानदार गुजर रहा है। यहां के छात्रों का लगातार बड़ी कंपनियों में प्लेसमेंट हो रहा है। इसी कड़ी को जारी रखते हुए डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग (बैच 2022:2025) के छात्रों ने एक बार फिर कैंपस प्लेसमेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। पुणे की प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित मैन्युफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग कंपनी एसकेएचएम ने यूनिवर्सिटी के 16 होनहार छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों में अभिषेक पांडेय, अभिषेक कुमार, आदित्य राज सिंह, आकाश कुमार, अंकित तिवारी, आजाद कुमार पांडेय, भोलानाथ रविदास, बिपिन बिहारी महतो, धीरज कुमार साह, फैज नवाज, कुंदन कुमार, ऋषु कुमार, रितेश कुंभकार, शुभम पांडेय, शुभोजीत मुखर्जी और विवेक कुमार साह शामिल हैं।

मीडिया सेल को जानकारी देते हुए श्रीनाथ विश्वविद्यालय के चांसलर सुखदेव महतो ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों और शिक्षकों की मेहनत और उनकी तकनीकी योग्यता का प्रमाण है, साथ ही यह यूनिवर्सिटी की इंडस्ट्री-केंद्रित शिक्षा, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सपोर्ट के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। श्रीनाथ यूनिवर्सिटी का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और यहां के अनुभवी फैकल्टी ने छात्रों को इस प्रतिस्पर्धी और चयन प्रक्रिया के लिए अच्छी तरह तैयार किया।

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) एस.एन. सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में हमारा उद्देश्य केवल पढ़ाना नहीं बल्कि छात्रों को सशक्त बनाना है। यह सफलता हमारे छात्रों की काबिलियत और हमारी इंडस्ट्री-फोकस्ड पढ़ाई की ताकत का सबूत है।

इस मौके पर डीन ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन श्री जे राजेश ने कहा कि श्रीनाथ यूनिवर्सिटी और यहां स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम करने के लिए लगातार प्रयासरत है और भविष्य में भी ऐसे और उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए तत्पर है।

## एक नजर में

### श्रीलेदर्स साकची ने संस्थापक स्व. सुरेशचंद्र डे की 35वीं पुण्यतिथि मनायी



**जमशेदपुर।** साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स साकची द्वारा श्रीलेदर्स के संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी पूज्यनीय स्व सुरेश चंद्र डे की 35वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उक्त अवसर पर स्व श्री डे द्वारा स्थापित मानवीय एवं व्यवसायिक मूल्यों का हमेशा पालन करने हेतु संकल्प लिया गया। ज्ञात रहे कि स्व॰ श्री सुरेश चन्द्र डे के तीसरे पुत्र स्व॰ आशिष डे भी उनके पद चिन्हों पर चलते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निवर्हन किया। उनका परिवार भी अपने पूर्वजों के आदर्शों को अपने जीवन में चरितार्थ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के शुरूआत में श्री सुरेश चन्द्र डे की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और देश के प्रति उनकी कुबार्नी और उनके सामाजिक दायित्वों को याद किया गया। उक्त अवसर पर श्रीलेदर्स साकची के सभी कर्मचारीगण के अलावा उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।

### बंगभाषी समन्वय समिति की भाषा शहीद दिवस व रवींद्र - नजरूल जयंती का आयोजन



**जमशेदपुर।** झारखण्ड बंगभाषी समन्वय समिति ने भाषा शहीद दिवस एवं कवि गुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर एवं कवि काजी नजरूल इस्लाम की जयंती का आयोजन समिति प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत असम के बराक घाटी में बांग्ला भाषा आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बंगाल क्लब के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता तापश मित्रा उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष विकास मुखर्जी ने पिछले 25 वर्षों में समिति द्वारा किये गये कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। स्वागत भाषण संदीप सिन्हा चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत ह्लकविकह्व ग्रुप द्वारा कविता, गीत और आलेख्य की प्रस्तुति दी गयी, जिसमें रवीन्द्र संगीत और नजरूल गीति शामिल थे। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 11 गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित व्यक्तियों में शामिल हैं : कवि चन्दन चंदो (साहित्य), डॉ. प्रदीप कुंडू (चिकित्सा), नंदिता सोम (संगीत), हरप्रिया महतो (छउ नृत्य), काजल दास (खेल), मिथिलेश घोष (समाजसेवा एवं सांस्कृतिक संगठन), बलाई पांडा (कानून), अरुण बरुआ (चित्रकला), डॉ. संचिता भुई सेन (शिक्षा), पार्थ चक्रवर्ती (पत्रकारिता) उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में विकास मुखर्जी, पूरबी घोष, उदय सोम, नेपाल दास, गोबिंद मुखर्जी, अरूप चौधरी, अरुण दासगुप्ता, बनश्री सरकार, सोमा घोष, दीपिका बनर्जी, सुलेखा डे, शुभ्रा दास, सम्पा दास, राजा चक्रवर्ती, दिलीप माहातो, परितोष बोस, दिलीप चटर्जी, मिहीर दास, अरुण विश्वास, धनंजय दास, सुभाशीष रॉय और संदीप सिन्हा चौधरी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# तनाव से बचाव में जीवन की पहल आजमाने की सलाह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** जैसे-जैसे कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले की प्रक्रिया तेज हो रही है, वैसे ही छात्रों और अभिभावकों पर मानसिक दबाव भी बढ़ता जा रहा है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए 'जीवन सुसाइड प्रिवेंशन सेंटर' ने अभिभावकों से अपील की है कि वह बच्चों पर किसी प्रकार का दबाव न बनायें।

यह पहल खासतौर पर उन छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए है, जो कैरियर को लेकर असमंजस, कॉलेज चयन में भ्रम, या अत्यधिक अपेक्षाओं के कारण मानसिक दबाव में हैं। संस्था का मानना है कि अगर सही समय पर मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग मिले, तो छात्र न केवल बेहतर निर्णय ले सकते हैं बल्कि आत्महत्या जैसे खतरनाक कदमों से भी बच सकते हैं। जीवन के अनुसार, हर साल दाखिले के समय हम देखते हैं कि कई छात्र मानसिक रूप से टूट जाते हैं।

# नये वित्तीय वर्ष में नेत्र ज्योति अभियान में 200 दिन समर्पित करेगा रेडक्रॉस जमशेदपुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पिछले वर्ष की नियमित गतिविधियों के समापन के साथ ही इस वित्तीय वर्ष के शुरू होने के साथ ही रेड क्रॉस ने अपनी गतिविधियों का वार्षिक प्लान तैयार कर लिया है और इस वित्तीय वर्ष में रेड क्रॉस द्वारा नेत्र ज्योति अभियान में 200 दिन समर्पित करेगी, जिसमें नेत्र रोगियों के लिए 50 जांच सत्र आयोजन करने के साथ ही 50 दिन ऑपरेशन के लिए निर्धारित है।

वहीं 100 पोस्ट ऑपरेटिव केयर दिवस का आयोजन भी रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा निर्णित है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने इस वर्ष 80 रक्तदान शिविरों के साथ 10 हजार यूनिट रक्तदान के लक्ष्य के साथ ही 300 यूनिट एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) का लक्ष्य निर्धारित किया है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय सिंह ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा ग्रामीण, आदिवासी एवं आदिम जनजातियों के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा में इस वर्ष वृद्धि कर 50 स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन करेगी, इन शिविरों में दवा एवं चश्मा निशुल्क प्रदान की जायेगी साथ ही मोतियाबिन्द के मरीजों का चयन कर उनका निशुल्क ऑपरेशन लेंस सहित किया जायेगा। इन सभी के बीच सामाजिक सद्भावना के ताना बाना के साथ होली, दिवाली, ईद, मुहर्रम, दुर्गापूजा विसर्जन, महावीर झंडा जैसे सामाजिक पर्व त्योहार में रेड क्रॉस सोसाईटी की एंबुलेंस एवं फर्स्ट एड सेवा हमेशा की तरह तत्पर रहेगी।

### अलमनार पब्लिक स्कूल में समर कैंप शुरू, शेष लोग अब भी बच्चों का करवा सकते हैं नामांकन




**जमशेदपुर।** अलमार पब्लिक स्कूल आजाद नगर मांगो जमशेदपुर में हर साल की तरह इस साल भी समर कैंप का आयोजन किया जा ऑल इंडिया आइडल टीचर एसोसिएशन और एम एस इंडस्ट्रियल ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट के सहयोग से यह प्रोग्राम हो रहा है ।25 मई 2025 से 1 जून 2025 तक समर कैंप चलेगा जिसमें फन गेम, दुआ, हदीस, इस्लामियत, एक्सरसाइज ड्राइंग डिबेट कलर्स फर्स्ट एड हेल्थ चेकअप कैंप प्लांटेशन क्विज और बहुत सारे एक्टिविटी कराए जाएंगे आप इसमें पार्टिसिपेट करने के लिए इस नंबर पर 9798887494 कांटेक्ट करके अपने बच्चों को पार्टिसिपेट कर सकते हैं। स्कूल प्रबंधन की कोशिश है और आपका साथ मिलकर इसे कामयाब बनायेंगे।

# नामदा सेंटर के कराटे खिलाड़ियों ने नेपाल में हासिल किये दोहरा स्वर्ण

■ लुंबिनी (नेपाल) में आयोजित चैंपियनशिप में मिली उपलब्धि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



अपने पदक प्रदर्शित करते अभिजीत और सूर्यदेव।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन को यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि अर्बन सर्विसेज के अंतर्गत संचालित उसके नामदा सेंटर के दो एथलीटों ने अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समुदाय और फाउंडेशन दोनों का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 16 से 18 मई 2025 तक लुंबिनी, नेपाल में आयोजित की गयी थी। सीनियर श्रेणी (18 वर्ष से अधिक) में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दोनों एथलीटों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन और खेलभावना का प्रदर्शन किया। अभिजीत कुमार सिंह ने कुमिते और काता दोनों में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी दमदार प्रस्तुतियाँ और अडिग एकाग्रता ने उन्हें सभी प्रतियोगियों के बीच अलग पहचान दिलाई और वे दोहरी खिताबी जीत के साथ चैंपियन बने। सूर्य देव कुमार ने भी प्रेरणादायक प्रदर्शन किया, कुमिते में स्वर्ण पदक और काता में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# निराश्रित बच्चों को चिन्हित करने के लिए अभियान साथी का गठन

## 26 मई से 26 जून तक चलेगा अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली द्वारा निराश्रित बच्चों के लिए प्रारंभ किया गया अभियान साथी के अंतर्गत झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद पांडेय की अध्यक्षता में अभियान साथी के सफल एव समयबद्ध कार्यान्वयन हेतु साथी जिला कमेटी का गठन किया गया। अभियान साथी का मुख्य उद्देश्य निराश्रित बच्चों का आधार कार्ड बनवाना एवं शिक्षा सहित उन्हें सभी प्रकार के सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके तहत 26 मई से 26 जून तक निराश्रित बच्चों को चिह्नित करने हेतु सघन अभियान चलाया जायेगा ताकि एक भी बच्चा आधार से वंचित न हो। इसके लिए गठित कमेटी की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव धर्मेंद्र कुमार करेंगे।

# सुरक्षित भारतीय संस्कृति में रानी अहिल्याबाई होलकर का अहम योगदान : बाबूलाल मरांडी

■ रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने की संगोष्ठी

■ सुशासन और महिला सशक्तिकरण पर चर्चा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जयंती समारोह को संबोधित करते पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी।

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर ने पुण्यश्लोक लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर उनके जीवन और कार्यों पर आधारित एकदिवसीय संगोष्ठी बुधवार को बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में हुई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में आयोजित संगोष्ठी में झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी विधायक पूर्णिमा साहू, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, पूर्व सांसद आभा महतो समेत पार्टी के कई अन्य वरीय नेतागण मुख्यरूप से मौजूद रहे। वक्ताओं ने अहिल्याबाई होलकर के दूरदर्शी शासन, समाज कल्याण, धार्मिक सहिष्णुता और महिला सशक्तिकरण में उनके उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। इससे पहले, संगोष्ठी की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्वलन कर एवं अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण से की गयी।

संगोष्ठी में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनके सुशासन, धर्म और सेवा भावना पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत की संस्कृति को आगे बढ़ाने और उसे सुरक्षित रखने में उन्होंने अहम भूमिका निभायी। रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सामाजिक न्याय और नारी सशक्तिकरण का आदर्श उदाहरण है। उनके शासनकाल में जनकल्याण के अनेक कार्य हुए। कहा कि महारानी अहिल्याबाई के सुशासन और कर्त्तव्यपरायणता, सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को कांग्रेस ने देश से छिपाने का काम किया। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व के प्रयासों से अब देश इन नायकों को स्मरण कर है। उन्होंने इसे शक्ति की आराधना की संज्ञा देते हुए पीएम मोदी और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के प्रति आभार जताया।

### दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर झामुमो ने दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** बुधवार को झारखंड आंदोलन के प्रखर योद्धा, झामुमो के मजबूत स्तंभ और हम सभी के मार्गदर्शक स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी की पुण्यतिथि पर झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला संपर्क कार्यालय साकची में मनाया गया। मौके पर पूर्व सांसद सुमन महतो, 15 सूत्री सदस्य शेख बदरुद्दीन, 20 सूत्री सदस्य प्रमोद लाल, जिला संजोजक प्रमुख्य बाघराय मार्डी, सुनील महतो, आदित्य प्रधान, बीर सिंह सुरेन, सागेन पूर्ति, विद्यासागर दास, अरुण सिंह राजा, गुरमीत सिंह गिल, संदीप चक्रवर्ती, पिंटू लाल, चंदन लाल, महिला नेत्री बाली मार्डी, सबिता सिंह, दुर्गा बोपाई, शंभु दास,विशु कुम्भार,राजकुमार सिंह, प्रहलाद लोहारा, प्रकाश चंद्र झा, मोहम्मद वसीम, आदि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्व. दुर्गा सोरेन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात एक मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी।

# बोकारो स्टील प्लांट में 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में अधिशासियों को स्टील उद्योग में इंटरनेट ऑफ थिंग्स के व्यावहारिक अनुप्रयोगों से परिचित करने हेतु इंटरनेट ऑफ थिंग्स के व्यावहारिक उपयोग विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञानार्जन एवं विकास की सीजीएम नीता बा तथा जीएम देवश्री रानी टोप्पो महाप्रबंधक उपस्थित थीं। सीजीएम नीता बा ने बदलते औद्योगिक परिदृश्य में आईओटी की भूमिका को रेखांकित किया और इसे प्रचालनिक दक्षता व नवाचार एवं डेटा-आधारित निर्णय लेने की दिशा में एक अहम कदम बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 21 अधिशासियों ने भाग लिया तथा वरीय प्रबंधक-सीआरएम-श्री परिचय भट्टाचार्य ने संकाय के रूप में इसकी मूलभूत अवधारणाओं और संरचना जैसे सेंसर-एक्ट्यूएटर- कनेक्टिविटी एवं क्लाउड एकीकरण- सामान्य आईओटी हार्डवेयर प्लेटफॉर्म और संचार प्रोटोकॉल एवं स्टील निर्माण में इसके औद्योगिक उपयोग तथा सरल आईओटी प्रोटोटाइप का निर्माण प्रोग्रामिंग एवं परीक्षण और विभागों में संभावित आईओटी परियोजना की पहचान करने जैसे विषय पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन ज्ञानार्जन एवं विकास के एजीएम अमित आनंद के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के ऋषिकेश रंजन पर्यवेक्षक एवं सिधो चरण मुर्मू प्रशिक्षक का योगदान था।

# ढ़ोरी क्षेत्र के जीएम ने फुसरो स्किल ट्रेनिंग सेंटर का किया निरीक्षण


खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** फुसरो स्थित सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के द्वारा चल रहे स्किल ट्रेनिंग सेंटर का दौरा महाप्रबंधक रंजय सिन्हा, एसओ (पी) माला कुमारी एवं सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार द्वारा किया गया। यह दौरा कंप्यूटर आधारित लेखा प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित विद्यार्थियों के साथ संवाद एवं प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा हेतु किया गया। जीएम रंजय सिंहा ने कहा कि यह कार्यक्रम सीसीएल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत संचालित है, जिसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण केंद्र का संचालन कउअ फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है, जिसमें फुसरो नगर परिषद एवं आसपास के गांवों के 150 लाभार्थियों को चार बैचों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमें से 70% से अधिक लाभार्थी छात्राएं हैं। लेखांकन, कराधान, जीएसटी, ईआरपी एवं अन्य संबंधित विषय शामिल है। प्रशिक्षण केंद्र में निशांत कुमार एक योग्य एवं अनुभवी शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। यह रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण है, जिसमें 100% प्लेसमेंट गारंटी प्रदान की जा रही है। जिसमे मुख्यतः कॉमर्स शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आती हैं। प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थी विभिन्न निजी संस्थानों में अकाउंटेंट या अकाउंट ऑफिसर के रूप में सफलतापूर्वक नियोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से संवाद किया, उनके अनुभवों को जाना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दिये।

## एक नजर में

### राजेंद्र बाबू के विश्वास पात्र आरसीएमयू के स्तंभ महेंद्र विश्वकर्मा का निधन



**कथारा।** बेरमो कोयलांचल के मशहूर मजदूर नेता राजेंद्र बाबू के विश्वसपात्र आरसीएमयू के स्तंभ महेंद्र विश्वकर्मा जी का निधन संगठन व समाज के लिए बड़ी क्षति है। जीवन के हर उतराव और चढ़ाव में चट्टान की तरह साया बनकर राजेंद्र बाबू के साथ अपने धर्म और फर्ज का निर्वाह किया। महेंद्र विश्वकर्मा बेरमो कोयलांचल में सरपंच के नाम से भी प्रसिद्ध थे। मजदूरों के अनेक जटिल समस्याओं का निराकरण करवाने का कार्य किया। अपने अस्वस्थ रहने के बावजूद मजदूरों के पीड़ा की समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहे विश्वकर्मा जी का निधन आरसीएमयू परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। इसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। महेंद्र विश्वकर्मा के निधन से कथारा क्षेत्र में शोक की लहर है। लोगों ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह,सहायक सचिव आशीष चक्रवर्ती,उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, विजय यादव,शहादत हुसैन, रणजीत सिंह,रंजय कुमार सिंह, उत्तम कुमार,अर्जुन रविदास,एन एन मिश्रा,संजय पांडेय,सुजीत मिश्रा,देवाशीष आश,मोहम्मद आशिक,मोहम्मद अंसारी,पिंटू राय,शकील अहमद,नसीम अख्तर,संतोष सिन्हा,कमलकांत सिंह,वेदव्यास चौबे,इम्तियाज अहमद,विजय नोनिया,मंसूर खान,सरवन कुमार,पंचराम, हरिहर नोनिया,अर्जुन चौहान, भीखम कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### स्व दुर्गा सोरेन की जयंती पर झामुमों कार्यकर्त्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

दुमका। झामुमों सुप्रीमों दिशोम गुरू शिबु सोरेन के खिजुरिया स्थित आवास पर बड़े सुपुत्र स्व दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि बुधवार को मनायी गई। इस अवसर पर झामुमों कार्यकर्त्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिव कुमार बास्की, कोषाध्यक्ष चंदन भुवानिया, नगर प्रभारी रवि यादव, शिवेंदु चक्रवर्ती, मनोज कामत, पराक्रम शर्मा, कुणाल राज, अरविंद साह, सोनू शेख, इंदु चौबे समेत अन्य उपस्थित रहे।

### फाइलेरिया ग्रस्त मरीजों के बीच कीट का वितरण



बोकारो/कसमार। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसमार अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुदीबेड़ा में फाइलेरिया से ग्रसित रोगियोंके बीच एमएमडीपी कीट का वितरण किया गया। इस दौरान एमटीएस शैलेश ठाकुर ने बताया कि फाइलेरिया रोग एक बार किसी व्यक्ति को हो जाता है तो उसे जड़ से समाप्त नही किया जा सकता है। फाइलेरिया रोग को नियंत्रण में रखा जा सकता है। इस बीमारी से पीड़ित रोगियों फाइलेरिया रोग को नियंत्रण हेतु एमएमडीपी किट जिसमें एक टब जग बाल्टी तौलिया साबुन हैंडवाश क्रीम एवं संबंधित दवा दिया जाता है। एमटीएस शैलेश ठाकुर द्वारा एक डेमो देकर एमएमडीपी किट के प्रयोग के विषय में विस्तार से जानकारी देकर बताया गया। कार्यक्रम में एमपीडब्ल्यू अविनाश रंजन विकास कुमार साव एएनएम गायत्री कुमारी सहिया नमिता देवी कौशल्या देवी नुनीबला देवी गीता देवी एवं निशा देवी उपस्थित थे।

### गोड्डा: सीमेंट लदे ट्रक ने युवक को कुचला, मौत



गोड्डा। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मारखन में एक सड़क हादसा हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। उक्त मामले में सरौनी से गोड्डा की तरफ आ रहे सीमेंट लोड ट्रक ने 35 वर्षीय इलियास अंसारी को कुचल दिया। वहीं घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इलियास अपने घर के पास ही सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। वहीं इस सड़क हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया परंतु ट्रक का उपचालक भागने में असफल रहा और आक्रोशित ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दिया जिससे वह घायल हो गया और उसकी हालत बिगड़ गई। वहीं घायल उपचालक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि मृतक इलियास मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह अपने पीछे पत्नी नुरजान बीबी, तीन बेटियां और दो बेटे छोड़ गया है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना मुफस्सिल थाना को दी जिसके बाद थाना प्रभारी आनंद साहा मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक का चालक मौके से फरार है जिसे तलाशा जा रहा है फिलवक्त ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया है। मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री पहुंचे नावाडीह के ऊपरघाट

# जिस राज्य के आदिवासी मुख्यमंत्री, वहां के आदिवासी महिला सुरक्षित नहीं : रघुवर

खबर मन्त्र संवाददाता

**आदिवासी पीड़ित महिला व परिजन से मिले**



**बेरमो।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बुधवार को नावाडीह के ऊपरघाट स्थित कडरूखुट्टा पहुंचे। यहां 8 मई को हुई दुष्कर्म के प्रयास की शिकार पीड़िता व उनके परिजन से मिले। पीड़िता व उनके परिजनों ने पूर्व मुख्यमंत्री को अपनी दुखड़ा सुनायी। पूरे मामले को को सुनने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बोकारो डीसी विजया जाधव और एसपी मनोज स्वर्गीयार से फोन पर उचित कार्रवाई करने की बात कहीं। पीड़िता सहित गांव वालों ने कहा कि एक समुदाय विशेष के लोग ने पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को बताया कि पीड़िता को जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है। हम सभी दहशत में रह रहे हैं। इसके बाद दास पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी को एक तरफा कारवाई को लेकर फटकार लगाया। इसके बाद बोकारो थर्मल स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि पीड़िता फुलों झानो के तरह दुष्कर्मी से लड़ी जिसके लिए साधुवाद देते हैं साथ ही कहा कि यह मांब लिचिंग का मामला किसी कहने से नहीं बनता है यह कानुन का काम है।सुबे के स्वास्थ्य मंत्री पेंक गांव पहुंचकर एक विशेष समुदाय के प्रति सहानुभूति जताते हैं। सरकार सबके लिए है। जो वोट दिया है उसके लिए और जो नहीं दिया उसके लिए भी। 6 साल के झामुमो, कांग्रेस व राजद के सरकार में आदिवासी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आदिवासी सिद्धू कान्हू फुलों झानो के वंशज हैं। जिसके साथ भाजपा पुरे झारखंड के आदिवासी के साथ है। यहां तक कि दुष्कर्मी को मारपीट करने में स्वजातीय युवक भी शामिल थे लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि जब से झारखंड में हेमंत की सरकार बनी है, तब से आदिवासी महिलाओं को अत्याचार किया जा रहा है। सरकार सबके लिए होता है, किसी खास वर्ग जाति के लिए नहीं होती है। मंत्री इरफान अंसारी ऊपरघाट पहुंचे ओर एक विशेष समुदाय को भड़का कर चले गए। सरकार एक तरफ मईया योजना चला रही है और दूसरी तरफ मईया के साथ दुष्कर्म हो रहा है और सरकार गहरी नींद में सोई हुई है। सुध लेने आज तक नहीं पहुंची है। मौके पर पूर्व प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, जिप चैयरमैन अनिता देवी, टीनु सिंह, प्रमुख गीरीजा देवी, मोतीलाल महतो, निर्मल महतो, लक्ष्मण नायक, फुलचंद किस्कु, कुमार अमित, श्रवण सिंह, सीमा महतो, किशोर महतो सहित कई लोग शामिल थे।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया

**गोड्डा।** जिला कांग्रेस कार्यालय गोड्डा में बुधवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव की अध्यक्षता में संचार क्रांति के पुरौधा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के द्वारा स्व राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर जिलाध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि आदरणीय राजीव गांधी जी ने इस देश को कम्प्यूटर क्रांति एवं पंचायती राज का अधिकार देने का काम किया। देश का दुर्भाग्य कहिए कि ऐसा नेता हमारे बीच नहीं रहे आज भी उनकी कमी महसूस हो रही है वह अगर हमारे बीच होते तो हमारा देश दुनिया का सुपर पॉवर देश होता। मौके पर जिला उपाध्यक्ष ज्योतिंद्र कुमार झा, जिला प्रवक्ता अकबर अली, महासचिव कुंदन ठाकुर, प्रियव्रत झा, अभय जायसवाल, जुगनू अली, सुशीला देवी, मेहबूब अंसारी, सोनी सिंह, मो मुस्तफा राजेन्द्र झा आजाद, जयकांत ठाकुर और दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 11 वां माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल कराटे चैंपियन शिप में बेरमो के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



**बेरमो।** नेपाल में आयोजित 11वां माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल कराटे चैंपियन शिप गवर्मेन्ट ऑफ नेपाल के जनरल सेक्रेटरी गजेंद्र कुमार खिपांगी नॅशनल कराटे फेडरेशन के अध्यक्ष नेपाल ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष धावा गुरुंग की देखरेख में सम्पन्न हुआ फाइनेंस मिनिस्टर श्री वर्षमान पुन के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इसमें बेरमो के प्रसिद्ध कराटे कोच एवम शीतोरयु कराटे डू स्पोर्ट्स फेडरेशन के चीफ एवम झारखण्ड मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष,शिहान उमेश नायडू के छात्रों ने 9 अंतरराष्ट्रीय मेडल जीते इस चैंपियन शिप में भारत के अलावा नेपाल,भूटान,बांग्लादेश, जापान, सिंगापुर, की करीब 1350 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे करगली बाजार निवासी देव नायडू काता में सिल्वर फाइट में बरोंच अन्नु कुमारी फाइट में गोल्ड,कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी तम्मना कुमारी फाइट में सिल्वर, करगली गेट निवासी इफछ ि5 दीप्तकृति कुमारी फाइट में गोल्ड मेडल करगली गेट निवासी कार्मल स्कूल दिव्यांशु कुमार महतो काता में सिल्वर फाइट में बरोंच डबल स्टोरी निवासी देव राज कुमार महतो फाइट में बरोंच बी डी ए कॉलेज अम्बेडकर कलोनी निवासी अदिति गोहिल फाइट में बरोंच मेडल की जीत हासिल हुई बेरमो में रहकर उमेश नायडू ने भारत के लिये अंतरराष्ट्रीय पदक जिताया उन्होंने कहा कि बेरमो के साथ झारखंड राज्य पूरे भारत वर्ष का नाम रौशन किया यह बेरमो की गर्व की बात है उन्होंने सभी जन प्रतिनिधि से मांग कि है अभ्यास करने के स्पोर्ट्स सामानों की उपलब्धता जल्द से जल्द कराया जाय ताकि गरीब छात्रों को अभ्यास कराया जा सके एवं बेरमो के सभी स्कूलों में कराटे चालू कराये ताकि स्कूलों में मेडल प्राप्त हो सके एवं देव नायडू को ब्लैक बेल्ट 2ल्ल दिान सेंदाई घोषित किया गया नायडु मार्शल आर्ट्स विशेषज्ञ है जिससे कराटे, जुडो, ताइक्वांडो, किक बॉक्सिंग, पंचक सिलेट, मिक्स मार्सल आर्ट्स निजउत्सु, मुए थाई, गतका है बधाई देने वालों में फेडरेशन के पदाधिकारी सुमीत सिंह, अनिल अग्रवाल, बैजनाथ महतो सूरज कुमार, मिंटू सिंह, अर्चना सिंह, सुशांत राइका, बिनोद बाउरी, संजीव सिंह, अभिभावक राम प्रसाद महतो, उमा शंकर महतो, शम्भू राणा, बिनय बर्णवाल, मेघलाल महतो, शोभा कुमारी, केसव नायडू एवं इंस्ट्रक्टर श्रेया अग्रवाल, साहिल कुमार बधाई दी एवम उज्वल भविष्य की कामना की।

## बोकारो : 16 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ चार दरिंदों ने की दरिंदगी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत माराफारी थाना क्षेत्र में एक सोलह वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ चार दरिंदों ने दरिंदगी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरे जिले के आवासीय विद्यालय की छात्रा गर्मी की छुट्टी में अपने घर आयी थी और अपने दोस्त ऋषि के घर बातचीत कर रही थी।

इसी बीच चार लड़के राकेश कुमार दीपक कुमार विक्की राय एवं सूरज कुमार शर्मा वहां पहुंचे और पीड़िता के दोस्त के साथ मारपीट की। चारों ने पीड़िता के साथ वहशियाना हरकतें की। पीड़िता की मां ने माराफारी थाना पहुंच कर सुचना दी। थाना में कांड संख्या 41/2025 के तहत मामला दर्ज करते हुए पुलिस सक्रिय हुई और 12 घंटे में मामले का उद्भेदन करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

राकेश कुमार अभी पुलिस के गिरफ्त में नहीं आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वह अभियुक्त भी जल्द ही हिरासत में होगा। उक्त कांड के उद्भेदन में थाना प्रभारी मो आजाद खान एसआई कुणाल किशोर मौर्य एएसआई उदय कुमार व अन्य आरक्षियों ने सक्रीय भूमिका निभाई।

## चंदनगड़िया में पत्थर खदान लीज का मामला बना प्रशासन की किरकिरी, ग्रामीणों का विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड के चंदनगड़िया मौजा में पत्थर खनन लीज स्वीकृति मामले को लेकर आज स्थानीय अंचल अधिकारी ने पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के पुलिस बल के साथ चंदनगड़िया ग्राम जाकर जांच-पड़ताल किया। ज्ञात हो कि विगत कई दिनों से चंदनगड़िया के सोलह आना रैयतगण सह ग्राम सभा सदस्य आरोप लगाते आ रहें हैं कि कुछेक स्थानीय और बाहरी भूमि माफिया के मिलीभगत से चंदनगड़िया ग्राम में फर्जी ग्राम सभा के आधार पर पाँच पत्थर खनन लीज स्वीकृत किया है। इस संदर्भ में अंचल अधिकारी ने ग्रामीणों की सभा के समक्ष लीज स्वीकृत किए गए जमीन मालिकों, (सोनोत मरांडी, विनोद मरांडी, सुरेंद्र सिंह, महादेव सिंह व एक अन्य का हस्ताक्षर का नमूना एक सादे कागज पर जाँच-पड़ताल हेतु लिया तथा अन्य जमीन मालिक की अनुपस्थिति होने के कारण उनका नमूना नहीं लिया जा सका। केवल अंचल अधिकारी ने सोनोत मरांडी और विनोद मरांडी का टूटा हुआ छत वाला कच्चे मिट्टी का घर का मुआयना किया और वापस लौट आए। बैठक में अंचल अधिकारी के समक्ष सोनोत मरांडी, विनोद मरांडी, सुरेंद्र सिंह और महादेव सिंह ने बयान दिया कि उन्हें नहीं मालूम कि उनका जमीन पर किसने पत्थर खनन का लीज कराया है? इस संदर्भ पर उसे कोई राशि भी नहीं दी गई है और न ही पत्थर खनन लीज को लेकर उसने किसी कागजात पर हस्ताक्षर नहीं किया है। उन लोगों ने इस साजिश का पुरजोर विरोध करते हुए पत्थर खनन नहीं करने देने का आवाज बुलंद किया। चंदनगड़िया ग्राम के सोलह आना रैयतों ने आपसी एकता दिखाते हुए एक स्वर से कहा कि हमारे ग्राम का फर्जी ग्राम सभा प्रस्तुत कर किए गए पत्थर खनन लीज का हम पुरजोर विरोध करते हैं। साथ ही कहा कि हमारे ग्राम में पत्थर खनन लीज को लेकर आजतक कोई भी ग्राम सभा नहीं हुई है, इसलिए हम अपने चंदनगड़िया ग्राम में पत्थर खनन कार्य नहीं करने देंगे, पत्थर खनन मामले पर हम सहमत नहीं हैं, हम सब खेती बारी कर अपना जीवन यापन करना चाहते हैं। इस मौके पर भूमि माफियाओं के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणों ने पारंपरिक नगाड़े बजाकर तथा ह्लचंदनगड़िया ग्राम में पत्थर खनन नहीं करने देंगे, पाँच फर्जी पत्थर खनन लीज रद्द करो, रद्द करो....जैसे अन्य नारा बाजी लगाया और खदानों के लीज को रद्द करने की मांग की।

## कोयला तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**गोड्डा/ललमटिया।** क्षेत्र में चल रहे अवैध कोयला तस्करी के विरुद्ध ललमटिया पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापेमारी की जिसमें काफी मात्रा में चोरी का कोयला को जब्त किया गया। पुलिस द्वारा किए गए इस छापेमारी से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है। मालूम हो कि राजमहल परियोजना अंतर्गत ललमटिया थाना क्षेत्र के हुरासीं परियोजना में अवैध ढंग से चल रहे कोयला ढुलाई की सूचना ललमटिया थाना प्रभारी रोशन कुमार सिंह को मिली थी जिसके बाद थाना प्रभारी ने पुलिस टीम और ईसीएल के सुरक्षा जवानों की संयुक्त टीम के साथ मिलकर अवैध कोयला कारोबारियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। वहीं मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा किए गए अचानक छापेमारी में हाहाजोर जंगल के पास से अवैध कोयला ढो रहे चार टन कोयला और पांच बाइक जप्त किया गया जबकि उक्त स्थल पर सभी लोग मौके से फरार हो गए। बताया गया कि छापेमारी के दौरान कोयला तस्कर के द्वारा जगह-जगह अवैध ढंग से रखे गए कोयला को पुलिस द्वारा जेसीबी मशीन से इकट्ठा कर जप्त किया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है हालांकि क्षेत्र में इस तरह की गतिविधि काफी लंबे समय से फल फूल रही थी। हहाजोर के आसपास के क्षेत्र में छापामारी कर तस्करों में हड़कंप मच गया है।

## स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण संस्थान ने अस्पतालों और नर्सिंग होम की मनमानी पर उठाया सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो जिला स्थित सरकारी एवं निजी अस्पतालों सहित सभी नर्सिंग होमों के सभी प्रकार के चिकित्सकीय कचड़ों एवं चिकित्सा कार्य के बाद निकले गंदे पानी के उचित निस्तारण में बरती जा रही लापरवाहियों और व्याप्त कुव्यवस्थाओं' को लेकर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान का छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल के नेतृत्व में बोकारो के सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अस्पतालों द्वारा बरती जा रही लापरवाहियों को गंभीर विषय बताते हुए आग्रह किया कि गलत करने वाले अस्पतालों और नर्सिंग होमों पर कठोर करवाई की जाए क्योंकि इनकी लापरवाहियों से आमलोग और इलाजरत मरीजों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और नदियों में चिकित्सकीय गंदे पानी के मिलने से जल प्रदूषण भी बढ़ रहा है जिससे पशुओं और जलचर सहित उनमें नहाने वालों को गंभीर बीमारियां होने का खतरा बढ़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल द्वारा वार्ता के क्रम में बताया गया कि बहुत सारे अस्पताल और खासकर नर्सिंग होम चिकित्सकीय नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं और मरीजों का शोषण भी कर रहे हैं। सिविल सर्जन ने इसे गंभीर विषय मानते हुए जल्द और उचित करवाई करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधि मंडल में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल संस्थान के स्वास्थ्य प्रकोष्ठ संयोजक गौरी शंकर सिंह पर्यावरण प्रकोष्ठ संयोजक मृणाल कांत चौबे नशामुक्ति प्रकोष्ठ संयोजक लक्ष्मण शर्मा और वृक्षारोपण प्रकोष्ठ संयोजक वीरेंद्र चौबे उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सड़क में जल जमाव राहगीरों के लिए बना परेशानी का सबब

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** दुमका जिला के नेशनल हाईवे 133 को सरैयाहाट प्रखंड के बारीडीह गांव से जोड़ने वाली ग्रामीण सड़क में जल जमाव से राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। हल्की बारिश में ही यह ग्रामीण सड़क जल मग्न और कीचड़ युक्त हो गया है। ग्रामीणों के साथ साथ स्कूली बच्चों को भी कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पहले सड़क कि स्थिति ऐसी नहीं थी लेकिन फोर लेन सड़क निर्माण के दौरान एनएचएआई की गलती की वजह से आज इसका खामियाजा गांव निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार पूर्व में बारीडीह ग्रामीण सड़क से जल निकासी के लिए एक पुलिया की व्यवस्था थी जिससे सड़क का सारा पानी बाहर निकल जाता था। लेकिन फोर लेन सड़क निर्माण के दौरान उक्त पुलियाको तोड़ दिया गया। साथ ही एनएचएआई ने सर्विस रोड पर जो नाली का निर्माण कराया वह ग्रामीण सड़क से काफी ऊंचाई पर हैं। जिसकी वजह से ग्रामीण सड़क का पानी नाली में जाने की जगह बीच सड़क में जमा हो जा रहा है। जबकि नियमानुसार एनएचएआई को सड़क निर्माण के दौरान तोड़े गए पुलिया पर नाली का निर्माण कराना चाहिए था। किन्तु निर्माण एजेंसी जैसे तैसे काम कर आगे बढ़ गई और बदले में बारीडीह गांव के लोगों को पानी और कीचड़ दे गई।

जल जमाव को लेकर बभनखेता पंचायत के मुखिया बिनोद मुर्मू ने बताया कि फोर लेन निर्माण के समय पुलिया को तोड़ा गया है।

## झामुमो जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित



**गोड्डा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला इकाई की बैठक बुधवार को स्थानीय वृंदावन होटल में जिला अध्यक्ष प्रेम नंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जहां सरना धर्म कोड एवं आदिवासी धर्म कोड को जनगणना में शामिल करने को लेकर आगामी 27 मई को जिला स्तर पर होने वाले धरना कार्यक्रम की सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष प्रेमनंदन कुमार ने कहा की जनगणना में देश की सभी लोगों की आर्थिक स्थिति, शैक्षणिक स्थिति, उनके रहन-सहन का स्तर , उनके रोजगार, उनके आय के साधन, उनके धर्म कोड आदि का डाटा संकलित किया जाता है। इस देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख ,इसाई, जैन और बुद्धिस्ट लोगों के लिए धर्म कोड दिया गया है। जबकि इसी जैन धर्मावली और बुद्धिस्टों से आदिवासियों की संख्या बहुत ज्यादा है बावजूद इसके लिए आज तक केंद्र सरकार ने कोई धर्म कोड लागू नहीं किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव वासुदेव सोरेन, उपाध्यक्ष खुर्शीद मुन्ना, कोषाध्यक्ष महेंद्र उरांव, केंद्रीय समिति के सदस्य पुष्पेंद्र टुडू, राजेंद्र दास, इंद्रजीत पंडित, विकास मुर्मू, सिमोन मालतो, इरफान आलम, मेरी सोरेन, सरवन मंडल सहित प्रखंड अध्यक्ष विनोद मुर्मू, युसूफ अंसारी, अवध किशोर हंसदा, रामचंद्र सोरेन, तालाबाबू हांसदा, अजीमुद्दीन, शत्रुघ्न सिंह, लंबोदर महतो, सुल्तान अहमद, नगर अध्यक्ष राज कुमार दास, सचिव जितेंद्र भगत, विजय महतो, फिरदौस आलम, कीकर चौहान आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### टेक्सास में भारतीय मूल के उद्यमी की हत्या,आरोपी अरेस्ट

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास की राजधानी ऑस्टिन में एक भयावह घटना में भारतीय मूल के 30 वर्षीय उद्यमी अक्षय गुप्ता की एक बस में बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना 14 मई की शाम उस समय हुई जब गुप्ता बस में सफर कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, उन पर एक अन्य भारतीय नागरिक ने अचानक हमला कर दिया। गुप्ता एक स्वास्थ्य-तकनीक स्टार्टअप के सह-संस्थापक थे और ऑस्टिन में सक्रिय उद्यमियों में शामिल थे।

### शर्मिला और सिमी ने कांस में बिखेरा जलवा



**कांस।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी गरेवाल ने कान्स में अपना जलवा बिखेरा। कान्स फिल्म फेस्टिवल में अब तक कई मशहूर सितारे रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेर चुके हैं। इसी कड़ी में शर्मिला टैगोर और सिमी गरेवाल ने भी फेस्टिवल में शिरकत की। शर्मिला टैगोर रेड कार्पेट पर हरे रंग की साड़ी में नजर आईं। वहीं सिमी गरेवाल हमेशा की तरह सफेद रंग के गाउन में दिखीं।

### इजराइल का लक्ष्य 58 बंधकों को छुड़ाना

**तेल अवीव।** इजराइल सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि उसका पहला लक्ष्य फिलिस्तीन के आतंकी समूह हमास के कब्जे से 58 बंधकों को छुड़ाना है। इसके लिए भले ही चाहे जो करना पड़े। आईडीएफ ने कहा कि सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल ने अपने इतिहास के सबसे खूनी हमले का अनुभव किया। महिलाओं से बलात्कार किया गया।

### पूर्व प्रोबेशनर खेडकर को सशर्त अग्रिम जमानत

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आईएएस की पूर्व प्रोबेशनर अधिकारी पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका को बुधवार को कुछ शर्तों के साथ मंजूरी दे दी। खेडकर पर यूपीएससी परीक्षा के लिए ओबीसी और पीडब्ल्यूबीडी का जाली प्रमाण पत्र इस्तेमाल करने के आरोप हैं।

### न्यायमूर्ति वर्मा पर मुकदमा दर्ज करने की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से अवैध नकदी बरामद मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने संबंधी याचिका बुधवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि इस संबंध में राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के समक्ष कोई अर्जी नहीं लगायी गयी है।

# पाक के सिंध में पानी को लेकर बवाल

## ऑपरेशन सिंदूर इफेक्ट : सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन का घर फूंका

एजेंसी

- गोलीबारी में दो प्रदर्शनकारी मरे और एक डीएसपी व छह पुलिसकर्मी सहित एक दर्जन से अधिक लोग हुये घायल
- सिंध सरकार और शहबाज शरीफ सरकार के बीच है चोलिस्तान नहर का मुद्दा



**सिंध ।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में नहर विरोधी प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस की लाठीचार्ज और गोलीबारी में दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है और एक डीएसपी व छह अन्य पुलिसकर्मियों सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लांजार का घर जला दिया। यह घटना सिंध प्रांत के मोरो तालुका में नेशनल हाईवे पर हुई, जहां एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ता छह नहरों और कॉर्पोरेट खेती के खिलाफ धरना देने वाले थे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई और देखते ही देखते झड़प हिंसक हो गई। चोलिस्तान नहर का मुद्दा पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेतृत्व वाली सिंध सरकार और केंद्र की शहबाज शरीफ सरकार के बीच विवाद का मुख्य मुद्दा है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार की योजना चोलिस्तान रेगिस्तान की सिंचाई के लिए सिंधु नदी पर छह नहरों के निर्माण की है। पीपीपी और सिंध प्रांत के अन्य राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे हैं।


सिंध के नौशहरो फिरोज जिले के मोरो शहर में प्रस्तावित नहर निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने मोटरवे बाईपास सड़क को अवरुद्ध कर दिया, जिससे हालात तनावपूर्ण हो गए। पुलिस ने यातायात बहाल करने की कोशिश की, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर बल का इस्तेमाल किया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान गोली चली, जिससे प्रदर्शन और अधिक उग्र हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और स्थानीय प्रशासन हालात पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। सिंधी राष्ट्रवादी संगठन सिंध सभा' ने हैदराबाद प्रेस क्लब के पास एक बैठक रखी थी लेकिन भारी सुरक्षा और सड़कों पर लगे बैरिकेड्स की वजह से यह बैठक नहीं हो सकी। पुलिस ने कई लोगों को पकड़ा और सिंध सभा के कुछ नेताओं को कॉन्फ्रेंस हॉल में ही रोक लिया गया। बाद में संगठन ने बताया कि वकीलों की एक टीम ने बीच में आकर मदद की और उनके नेताओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सिंध सभा काफी समय से सिंधी राष्ट्रवादी कार्यकताओं के जबरन गायब होने के खिलाफ आवाज उठा रही है। यह सम्मेलन आइए मिलकर अपनी धरती सिंध को बचाने के लिए कदम उठाएं विषय पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का मकसद शरीफ सरकार द्वारा सिंध के प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल के खिलाफ मिलकर कोई योजना बनाना था। इसके लिए अलग-अलग राष्ट्रवादी पार्टियों को एक जगह इकट्ठा किया गया था। अशफाक मलिक के नेतृत्व में सिंध सभा पार्टी के करीब पचास कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम किया। वे कॉरपोरेट खेती और चोलिस्तान परियोजना के तहत नहरें बनाने का विरोध कर रहे थे। 15 फरवरी को शुरू की गई चोलिस्तान सिंचाई योजना से सिंध में लोग नाराज हैं। वहां के लोगों को डर है कि इस योजना के तहत सिंधु नदी का कीमती पानी मोड़कर दक्षिण पंजाब की खेती के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक विवाद बढ़ गया है, जिससे हालात और मुश्किल हो गए हैं। इस हमले में चार आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों को मार डाला था। इसके बाद, भारत ने पाकिस्तान द्वारा समर्थन प्राप्त सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया के तौर पर सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को रोक दिया था।

## बलूचिस्तान में आर्मी स्कूल की बस पर हमला, पांच मरे

एजेंसी

**तीन बच्चों की गयी जान और 38 से अधिक घायल**



**क्वेटा।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में बुधवार को हुए आत्मघाती आतंकी हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और 38 से अधिक बच्चे घायल हो गए। हमलावर ने आर्मी पब्लिक स्कूल को निशाना बनाया। फिलहाल किसी भी आतंकी समूह या संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। खुजदार के सरकारी अधिकारी यासिर इकबाल दश्ती ने बताया कि बुधवार को हुए आतंकी हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 38 बच्चे घायल हो गए। उन्होंने कहा कि बस सुबह बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। तभी उसे निशाना बनाया गया। सेना ने बयान में कहा कि हमले में कम से कम तीन बच्चे और दो वयस्क मारे गए। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने खुजदार के जीरो पॉइंट इलाके के पास हुए हमले की निंदा की और मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख और शोक जताया है। उन्होंने कहा कि दुश्मन ने मासूम बच्चों पर बर्बरता से हमला किया। स्कूल बस पर हमला देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए दुश्मन की एक जघन्य साजिश है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट बहुत घातक है। इसलिए मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।



नयी दिल्ली में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर वीर भूमि में श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

# गोल्डन डोम मिसाइल बनायेगा अमेरिका

एजेंसी


**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने 175 बिलियन डॉलर के गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा कवच के लिए एक डिजाइन का चयन किया है और चीन और रूस से खतरों को रोकने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी रक्षा कार्यक्रम के निर्माण के प्रयास का नेतृत्व करने के लिए एक अंतरिक्ष बल जनरल की नियुक्ति की है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि अमेरिकी अंतरिक्ष बल के

**इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित था गोल्डन डोम का विचार**

जनरल माइकल गुएटलीन इस परियोजना के प्रमुख कार्यक्रम प्रबंधक होंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह परियोजना 175 बिलियन डॉलर की होगी। इस प्रयास को व्यापक रूप से ट्रंप की सैन्य योजना का आधार माना जा रहा है।

एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी ट्रंप की गोल्डन डोम मिसाइल बनाने की दौड़ में सबसे आगे है। ट्रंप ने कहा कि गोल्डन डोम हमारी मातृभूमि की रक्षा करेगा । जनवरी




में ट्रंप द्वारा पहली बार आदेशित गोल्डन डोम का उद्देश्य उपग्रहों का एक नेटवर्क बनाना है, जो आने वाली मिसाइलों का पता लगाएगा, उन्हें ट्रैक करेगा और संभावित रूप से उन्हें रोक देगा। यह मिसाइल का पता लगाने और उन पर नजर रखने के लिए सैकड़ों उपग्रहों को तैनात कर सकती है।

गोल्डन डोम का विचार इजरायल के आयरन डोम रक्षा कवच से प्रेरित था जो उसे मिसाइलों और रॉकेटों से बचाता है। ट्रंप का गोल्डन डोम अधिक व्यापक है व इसमें निगरानी उपग्रहों की एक विशाल श्रृंखला और हमलावर उपग्रहों को उड़ान भरने के तुरंत बाद आक्रामक मिसाइलों को मार गिराएगा।

# गिरावट से उबरा बाजार

एजेंसी

- सेंसेक्स 410 अंक छलांग लगाकर 81,596 पर पहुंचा और निफ्टी 130 अंक तेजी के साथ 24,813 पर हुआ बंद

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरकर बुधवार को शेयर बाजार आधे प्रतिशत से अधिक उछल गया। सेंसेक्स 410.19 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,596.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 24813.45 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.90 प्रतिशत उछलकर 44,786.03 अंक और स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत मजबूत होकर 51,200.19 अंक हो गया। बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2291 में तेजी जबकि 1685 में गिरावट रही वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। एनएसई में कुल 2941 कंपनियों के शेयरों में से 1753 में लिवाली जबकि 1095 में बिकवाली हुई वहीं 93 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.64 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली हुई।



**निवेशकों को 3.03 लाख करोड़ मुनाफा**

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़ कर 441.06 लाख करोड़ रुपये हो गया। मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 438 .03 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को कारोबार से करीब 3.03 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

### बिहार की महिलाओं को कांग्रेस देगी हर माह 2500 : अलका

**पटना।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि यदि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है तो प्रत्येक जरूरतमंद महिला के खाते में हर महीने 2500 रुपये की सम्मान राशि सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी। लांबा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में माई बहिन मान योजना कैंपेन की औपचारिक शुरूआत के बाद कहा कि इस राज्य स्तरीय कैंपेन के तहत कांग्रेस राज्य की सभी महिलाओं से गारंटी फॉर्म भरवायेगी और बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद हर जरूरतमंद महिला के खाते में हर महीने 2500 रुपये की सम्मान राशि सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान से जुड़ने के लिये एक मिस्ड कॉल नंबर 8800023525 भी जारी किया है, जिसके तहत महिलाओं को पंजीकरण करना होगा। इस नंबर पर मिस्ड कॉल करके भी इस योजना से जुड़ा जा सकता है।




हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर मैं झारखण्ड के समस्त लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। संथाल परगना के घने वन हों या छोटानागपुर की भव्य पहाड़ियां, हमारा राज्य समृद्ध जैव विविधता से परिपूर्ण है।

वर्तमान में समस्त विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से ग्रस्त है, ऐसे में जैव विविधता का संरक्षण नितांत आवश्यक है। जैव विविधता का संरक्षण न केवल भूमि के क्षरण को रोकने में, बल्कि जल संरक्षण में भी सहायक है। संतुलित जैव विविधता से हमें उत्तम कृषि उपज औषधीय पौधे वन आधारित आजीविका जैसे लाह की खेती, तसर सिल्क की खेती, मुधमक्खी पालन, बांस की खेती के उत्तम परिणाम मिलते हैं।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय "प्रकृति के साथ सामंजस्य एवं सतत विकास" है।

आइए, अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2025 के अवसर पर हम सभी, जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा उनके संतुलित उपयोग के लिए संकल्प लें।

PRNO 353165 ( Forest, Environment and Climate Changes ) IPRD 25-26

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार


## पीएम आज 26 हजार करोड़ की योजनाओं की देंगे सौगात

खबर मन्त्र संवाददाता

- राजस्थान से देश के 103 अमृत भारत के तहत पुनर्विकसित स्टेशनों का करेंगे वर्चुअल उद्घाटन



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीकानेर के पलाना में 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। परियोजनाओं में रेलवे, सड़क मार्ग, बिजली, पानी, नवीन और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र शामिल हैं प्रधानमंत्री भारत के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को राजस्थान के दौरे पर आएंगे। वे बीकानेर जाएंगे और सुबह करीब 11 बजे देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सुबह लगभग 11:30 बजे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

इसके बाद, प्रधानमंत्री 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे एल प्रधानमंत्री देश में रेल अवसंरचना को निरंतर बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जा रहा है, जिन्हें क्षेत्रीय वास्तुकला को प्रतिबिंबित करने और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

करणी माता मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सेवा करने वाला देशनोक रेलवे स्टेशन मंदिर वास्तुकला, मेहराब और स्तंभ विषयवस्तु से प्रेरित है। तेलंगाना में बेगमपेट रेलवे स्टेशन काकतीय साम्राज्य की वास्तुकला से प्रेरित है। बिहार में थावे स्टेशन में 52 शक्तिपीठों में से एक मां थावेवाली का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न भित्ति चित्र और कलाकृतियां शामिल हैं और मधुबनी पेंटिंग को भी दशार्या गया है। गुजरात का डाकोर स्टेशन रणछोड़ाय जी महाराज से प्रेरित है। देश भर में पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों में सांस्कृतिक विरासत के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे, दिव्यांगजनों के लिए यात्री-केंद्रित सुविधाओं और यात्रा के अनुभव को बेहतर करने के लिए टिकाऊ प्रथाओं को एकीकृत किया गया है। भारतीय रेलवे अपने नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर अग्रसर है, जिससे रेलवे संचालन अधिक कुशल और पर्यावरण अनुकूल बन रहा है।